www.epaper.azadsipahi.in

11 मई, 2025
वैशाख, शुक्ल पक्ष, चतुर्दशी
संवत 2082
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
रविवार, वर्ष 10, अंक 200

हमारी सेनाएं पूरी तरह तैयार, फिर हमला किया तो मुंहतोड़ जवाब देंगे



# पाकिस्तान ने सीजफायर तोड़ा, भारतीय सेना को फ्रीहैंड

- रात 11 बजे विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने प्रेस कांफ्रेंस में दी जानकारी
- पाकिस्तान ने सीमा में घुसना चाहा, भारतीय सेना दे रही करारा जवाब
- जम्मू-कश्मीर में फायरिंग, शेलिंग, ड्रोन अटैक और ब्लैक आउट

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** पाकिस्तान के सीजफायर तोड़ने पर विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने रात 11 बजे प्रेस कॉन्फ्रेंस की। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ घंटे से सीजफायर समझौते का पाकिस्तान की ओर से उल्लंघन हो रहा है। भारतीय सेना जवाबी कार्रवाई कर रही है और अतिक्रमण से निपट रही है। ये अतिक्रमण बेहद निंदनीय है और पाकिस्तान इसके लिए जिम्मेदार है। विदेश सचिव ने कहा कि पाकिस्तान ने भारतीय सीमा में घुसना चाहा, हमने भारतीय सेना को फ्रीहैंड दे दिया है। उन्होंने कहा कि हमारा मानना है कि पाकिस्तान इस स्थिति को ठीक से समझे और इस अतिक्रमण को रोकने के लिए तुरंत उचित कार्रवाई करे। सेना ने इस स्थिति कड़ी नजर रखी हुई है और उसे किसी भी अतिक्रमण से निपटने के लिए ठोस और सख्त कदम उठाने के आदेश दिये गये हैं।

## राजौरी समेत कई शहरों में ब्लैकआउट



## पाकिस्तानी सेना ने 3 घंटे में सीजफायर तोड़ा चीन आया समर्थन में

भारत और पाकिस्तान के बीच शनिवार शाम 5 बजे सीजफायर लागू हो गया। इसके 3 घंटे बाद ही पाकिस्तान ने सीजफायर का उल्लंघन कर दिया। रात 8 बजे से पाकिस्तान की तरफ से जम्मू-कश्मीर के अखनूर, पुंछ, नौशेरा, श्रीनगर, आरएसपुरा, सांबा, उधमपुर में फायरिंग की जा रही है। राजौरी में शेलिंग (तोप और मोर्टार) की गयी। उधमपुर में ड्रोन से हमला हुआ। जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुए कहा कि ये कैसा सीजफायर है। श्रीनगर में धमाकों की आवाज सुनायी दे रही है। उधर चीन खुल कर पाकिस्तान के समर्थन में आ गया है। इसलिए पाकिस्तान ने दोबारा दुस्साहस किया है।

*ऐसा भी अनुमान लगाया जा रहा है कि पाकिस्तानी सेना वहां की सरकार का कहना नहीं मान रही है। ऐसे में वहां तख्ता पलट की उम्मीद जतायी जा रही है।*

## जम्मू-कश्मीर और राजस्थान-पंजाब में फिर ब्लैकआउट

सीजफायर के ऐलान के बाद जम्मू-कश्मीर, राजस्थान और पंजाब के बॉर्डर वाले जिलों में ब्लैकआउट रद्द कर दिया था, लेकिन, पाकिस्तान की ओर से जम्मू-कश्मीर में फायरिंग के बाद फिर से ब्लैकआउट कर दिया गया है। बॉर्डर वाले जिलों की बिजली काट दी गयी है। लोगों को घर से न निकलने की एडवाइजरी जारी की गयी है।

## रोया पाकिस्तान

बता दें कि महज चार दिन की सैन्य कार्रवाई के बाद शनिवार को पाकिस्तान पूरी तरह घुटनों पर आ गया था। उसने अमेरिका के सामने आंसू बहाये। इसके बाद आपसी सहमति से संघर्ष विराम लगा। इससे पहले अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष विराम का एलान किया। बाद में विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने मीडिया से बातचीत में कहा कि गोलीबारी और सैन्य कार्रवाई रोकने के लिए दोनों देशों के बीच सीधे तौर पर बातचीत हुई है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान के सैन्य संचालन महानिदेशक (डीजीएमओ) ने शनिवार दोपहर 15:35 बजे भारतीय डीजीएमओ को फोन किया। उनके बीच सहमति बनी कि दोनों पक्ष भारतीय मानक समयानुसार शाम पांच बजे से जमीन, हवा और समुद्र में सभी तरह की गोलीबारी और सैन्य कार्रवाई बंद कर देंगे, लेकिन ऐसा नहीं हुआ।


# भारत की पाकिस्तान को चेतावनी: अब आतंकी हमले को युद्ध माना जायेगा

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** पाकिस्तान के साथ तनाव के बीच भारत सरकार ने शनिवार को बड़ा फैसला लिया है। भारत ने पाकिस्तान को सख्त लहजे में चेतावनी दी है कि अब अगर भारत के खिलाफ आतंकी हमला हुआ, तो उसे युद्ध माना जायेगा और उसी प्रकार जवाब भी दिया जायेगा। भारत सरकार के इस फैसले ने साफ कर दिया है कि भारत को अब पाकिस्तान द्वारा किये जा रहे आतंकी हमले बिल्कुल भी बर्दाश्त नहीं होंगे। यदि पाकिस्तान अब भी आतंकी हमलों से बाज नहीं आता है, तो फिर भारत उसे युद्ध मानते हुए उसी हिसाब से निपटेगा। 22 अप्रैल को पाकिस्तान स्थित लश्कर-ए-तैयबा के मुखौटा आतंकी संगठन टीआरएफ ने पहलगाम में आतंकी हमले को अंजाम दिया था। इसमें 26 लोगों की जान चली गयी थी, जबकि कई अन्य घायल हो गये थे। आतंकियों ने भारतीय पर्यटकों से उनका धर्म पूछकर गोली मारी थी, जिससे देशभर में पाकिस्तान के खिलाफ काफी गुस्सा था।

## डोनाल्ड ट्रंप ने किया एलान

इससे पहले अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दावा किया कि अमेरिका की मध्यस्थता में हुई वार्ता के बाद भारत और पाकिस्तान तत्काल और पूर्ण संघर्ष विराम पर सहमत हो गये हैं। अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप ने 'ट्रुथ सोशल' पर एक पोस्ट में घोषणा की, अमेरिका की मध्यस्थता में पूरी रात चली बातचीत के बाद मुझे यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि भारत और पाकिस्तान तत्काल और पूर्ण संघर्ष विराम पर सहमत हो गये हैं। ट्रंप ने यह घोषणा अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो के विदेश मंत्री एस जयशंकर, पाकिस्तान के विदेश मंत्री इशाक डार और पाकिस्तान के सेना प्रमुख जनरल असीम मुनीर से बातचीत के बाद की। रुबियो ने भी एक्स पर ऐसा ही बयान दिया है।









आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
200000 Subscribers
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW

आजाद सिपाही
रांची, रविवार, 11 मई, 2025
www.azadsipahi.in


# भारत के सुदर्शन चक्र ने पाकिस्तान के नापाक मंसूबों को तबाह कर दिया

## ■ एस 400 ने ऐसा धोया कि पाकिस्तान कंगाली की हालत में पहुंच गया
## ■ इजरायल की चर्चित प्रणाली से भी मजबूत है भारत का यह एयर डिफेंस सिस्टम
## ■ भारत की सबसे खतरनाक और ताकतवर एयर डिफेंस सिस्टम ने हर भारतीय का दिल जीता
## ■ सेना ने पिछले साल पोखरण में किया था इस प्रतिरक्षा प्रणाली का सफल परीक्षण

**आजाद सिपाही विशेष**

**पाकिस्तान के साथ लगातार बढ़ रहे तनाव और युद्ध जैसी स्थिति में यह जानना बेहद जरूरी है कि भारत के पास ऐसी कौन सी प्रतिरक्षा प्रणाली है, जिससे वह पाकिस्तान की तरफ से होनेवाले हर वार को विफल कर पा रहा है। वास्तव में पिछले कुछ वर्षों से भारत अपने हवाई सुरक्षा ढांचे को लगातार मजबूत कर रहा था, ताकि वह पाकिस्तान और चीन जैसे पड़ोसी देशों से होने वाले संभावित हवाई खतरों का प्रभावी रूप से मुकाबला कर सके। इस कड़ी में उसे इजरायल के आयरन डोम का ध्यान आया, जिसने उसकी प्रतिरक्षा प्रणाली को लगभग अभेद्य बना दिया है। पिछले साल ईरान ने एकसाथ सैकड़ों ड्रोन और मिसाइलों से इजरायल पर हमला बोल दिया। हालांकि, गिनती की कुछ मिसाइलों के सिवा ईरान का एक भी हमला कामयाब नहीं हो सका। ईरान के एकमुश्त हमलों को नाकामयाब बनाने का श्रेय इजरायल के आयरन डोम को दिया गया। आयरन डोम इजरायल का वह कवच है, जो आसमान से आने वाले घातक से घातक हथियारों को पहचान कर नेस्तनाबूद कर देता है। इस आयरन डोम जैसी प्रणाली विकसित करने का फैसला भारत ने भी किया और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 2024 में पोखरण में इसका सफल परीक्षण भी किया गया। देश की इस वायु रक्षा प्रणाली में आधुनिक मिसाइल सिस्टम, उन्नत रडार और समर्पित कमांड सेंटर शामिल हैं, जो दुश्मन के लड़ाकू विमानों, ड्रोन और मिसाइलों को समय रहते पहचान कर उन्हें नष्ट करने की क्षमता रखते हैं। क्या है भारत का आयरन डोम और यह हमारे देश को कैसे महफूज रखता है, बता रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**


राकेश सिंह

पाकिस्तान के साथ लगातार बढ़ रहे तनाव और युद्ध जैसी स्थिति ने भारतीय प्रतिरक्षा प्रणाली पर सभी का ध्यान आकर्षित किया है। पिछले चार दिनों में भारतीय प्रतिरक्षा प्रणाली ने दुश्मन पाकिस्तान के तमाम वार को विफल कर दिया है, क्योंकि भारत की प्रतिरक्षा प्रणाली, यानी आयरन डोम बेहद मजबूत और अभेद्य है। यह आयरन डोम भारत का ऐसा सुरक्षा कवच है, जिसे दुनिया की कोई भी ताकत भेद नहीं सकती है। दरअसल पिछले कुछ दिनों से भारत अपने हवाई सुरक्षा ढांचे को लगातार मजबूत कर रहा था, ताकि वह पाकिस्तान और चीन जैसे पड़ोसी देशों से होने वाले संभावित हवाई खतरों का प्रभावी रूप से मुकाबला कर सके। देश की इस वायु रक्षा प्रणाली में आधुनिक मिसाइल सिस्टम, उन्नत रडार और समर्पित कमांड सेंटर शामिल हैं, जो दुश्मन के लड़ाकू विमानों, ड्रोन और मिसाइलों को समय रहते पहचान कर उन्हें नष्ट करने की क्षमता रखते हैं। भारत की सुरक्षा स्थिति विशेष रूप से जटिल है, क्योंकि इसके दोनों ओर शक्तिशाली और सैन्य रूप से सक्रिय देश हैं पाकिस्तान और चीन। इन देशों के पास आधुनिक मिसाइलों, ड्रोन, अटैक हेलिकॉप्टर और फाइटर जेट का बड़ा जखीरा है। ऐसे में भारत के लिए सीमाओं और सामरिक रूप से महत्वपूर्ण स्थानों की सुरक्षा अत्यंत आवश्यक है।

विशेषज्ञों के अनुसार भारत को इजरायल के आयरन डोम जैसे अत्याधुनिक वायु रक्षा प्रणाली की आवश्यकता थी, जो अल्प सूचना पर आने वाले खतरों को रोक सके। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस जरूरत को पहचाना और इसे विकसित करने की परियोजना को हरी झंडी दे दी। इस क्रम में भारत ने इस दिशा में कई कदम उठाये। स्वदेशी आकाश मिसाइल सिस्टम, रूस के साथ मिलकर विकसित एस-400 प्रणाली और भविष्य में आने वाले एक्सआरएसएएम जैसे प्रोजेक्ट भारत की वायु रक्षा को और अधिक मजबूत बनाने की दिशा में प्रयास थे।

### 2024 में तैयार हो चुका था भारत का आयरन डोम

वर्ष 2024 में भारत ने वायु रक्षा के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की। देश ने इजरायल के प्रसिद्ध आयरन डोम की तर्ज पर विकसित अपने स्वदेशी स्वरूप का सफल परीक्षण किया। यह परीक्षण राजस्थान के पोखरण फील्ड फायरिंग रेंज में किया गया, जहां इस नयी प्रणाली ने अपनी क्षमताओं को प्रभावी ढंग से प्रदर्शित किया। इस उन्नत प्रणाली को वेरी शॉर्ट रेंज एयर डिफेंस सिस्टम (वीएसएचओआरएडीएस या वीशोरैड्स) के नाम से जाना जाता है। इसे रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन द्वारा विकसित किया गया है और यह चौथी पीढ़ी की शॉर्ट-रेंज वायु रक्षा तकनीक का प्रतिनिधित्व करता है। इसका उद्देश्य भारत की वायु सीमा को छोटे दूरी से आने वाले खतरों-जैसे ड्रोन, हेलिकॉप्टर या कम ऊंचाई पर उड़ने वाली मिसाइलों से सुरक्षित रखना है। वीशोरैड्स को इस तरह डिजाइन किया गया है कि यह अल्प सूचना पर आने वाले खतरों का भी तुरंत जवाब दे सके, जिससे भारत की रणनीतिक और सामरिक ठिकानों की सुरक्षा कई गुना बेहतर हो जाती है। यह प्रणाली भारत की मौजूदा वायु रक्षा क्षमताओं को और अधिक सशक्त बनाती है और देश को आत्मनिर्भरता की दिशा में भी मजबूत कदम बढ़ाने में मदद करती है।



### कैसे काम करता है भारत का अपना आयरन डोम

वीशोरैड्स एक अत्याधुनिक तकनीक से लैस डिफेंस सिस्टम है, जिसे खास तौर पर युद्ध के मैदान में तेजी से तैनात करने के लिए डिजाइन किया गया है। इसका मुख्य उद्देश्य कम ऊंचाई पर उड़ने वाले विमानों, ड्रोन और हेलीकॉप्टरों को मार गिराना है। यह सिस्टम न केवल दुश्मन के हवाई हमलों से रक्षा करता है, बल्कि इसकी खासियत यह है कि इसे कहीं भी आसानी से ले जाकर तैनात किया जा सकता है। इसकी डिजाइन बहुद्देशीय डिफेंस के लिए की गयी है, यानी यह कई तरह के हवाई खतरों से एकसाथ निपट सकता है। वीशोरैड्स सिस्टम में रिएक्शन कंट्रोल टेक्नोलॉजी और इंटीग्रेटेड एविओनिक्स सिस्टम जैसे हाइ-टेक फीचर मौजूद हैं। यह तकनीक मिसाइल को किसी भी दिशा में सटीकता से थ्रस्ट देने में सक्षम बनाती है। इसके साथ ही इसमें एक इमेजिंग इंफ्रारेड होमिंग सिस्टम भी शामिल है, जो दुश्मन के टारगेट को ट्रैक करके मिसाइल को गाइड करता है। संक्षेप में, वीशोरैड्स एक शक्तिशाली और लचीला हवाई सुरक्षा कवच है, जो भविष्य की लड़ाइयों में अहम भूमिका निभाता है।

### कैसे-कैसे एयर डिफेंस सिस्टम हैं भारत के पास

तेजी से बदलते भू-राजनीतिक माहौल और बढ़ते हवाई खतरों के बीच भारत को अपनी वायु रक्षा प्रणाली को और अधिक सशक्त व संगठित बनाने की जरूरत महसूस हुई। केवल किसी एक विदेशी प्रणाली, जैसे रूस से प्राप्त एस-400 एयर डिफेंस सिस्टम पर निर्भर रहना पर्याप्त नहीं था। भारत को एक मल्टी-लेयर एयर डिफेंस नेटवर्क विकसित करना पड़ा, जो विभिन्न प्रकार के खतरों से प्रभावी ढंग से निपट सके। इस नेटवर्क में पहले से मौजूद सिस्टम पृथ्वी एयर डिफेंस (पैड), एडवांस्ड एयर डिफेंस (ऐड) और लांग रेंज सरफेस-टू-एयर मिसाइल (एलआरएसएएम) की एकीकृत और समन्वित तैनाती अत्यंत आवश्यक थी। इसके साथ ही, भारत को छोटे से लेकर बड़े हर रेंज के एयर डिफेंस सिस्टम को एक-दूसरे से जोड़ना पड़ा, ताकि वे अधिक कुशलता से और सामंजस्य के साथ काम कर सकें। यह समन्वय भारत को विभिन्न स्तरों पर आने वाले हवाई हमलों से सुरक्षा प्रदान करता है, चाहे वह कम ऊंचाई से आने वाले ड्रोन हों या लंबी दूरी से दागी गयी बैलिस्टिक मिसाइलें। संपूर्ण सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए स्वदेशी और विदेशी प्रणालियों का सम्मिलन जरूरी था। ऐसी बहु-स्तरीय प्रणाली ही भारत को एक मजबूत वायु रक्षा कवच प्रदान कर सकती थी।

पाकिस्तान के साथ मौजूदा संघर्ष के दौरान पूरे देश और दुनिया ने भारतीय प्रतिरक्षा प्रणाली की ताकत और क्षमता को देखा है। दुश्मन पाकिस्तान की तरफ से की गयी तमाम कायराना हरकत और उसके हर प्रहार को इस आयरन डोम ने पूरी तरह विफल कर दिया। इससे साबित हो गया है कि भारत की यह प्रतिरक्षा प्रणाली बेहद मजबूत है और इस पर प्रत्येक भारतवासी को गर्व है।

# पाकिस्तान का काल राफेल : नाम के मतलब में ही छुपा है सारा राज

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नयी दिल्ली।** भारत पाकिस्तान के बीच इन दिनों युद्ध के हालात बने हुए हैं। 22 अप्रैल को पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत ने 6 मई की रात पाकिस्तान और पीओके के 9 आतंकी ठिकानों पर हमला करके अपना बदला लिया। हालांकि इसके बाद पाकिस्तान की ओर से भारत पर 7-8 मई की रात से लगातार उकसावे वाली कार्रवाई करते हुए हमला किया जा रहा है। भारतीय वायु सेना इस मौके पर देश की रक्षा के लिए शानदार ढंग से मुंहतोड़ जवाब दे रही है। हालांकि, भारत इस युद्ध जैसे हालात में पूरी तरह आश्वस्त है, तो इसके पीछे उसका एस-400 एयर डिफेंस सिस्टम और राफेल जैसा लड़ाकू विमान है। हालांकि इसकी खूबियों के बारे में तो लोगों को पता होगा, लेकिन इसके नाम के बारे बहुत से लोगों को नहीं पता होगा।



राफेल, फ्रांस की डसॉल्ट एविएशन द्वारा निर्मित एक अत्याधुनिक चौथी पीढ़ी का बहुउद्देशीय फाइटर जेट है। यह हवा से हवा और हवा से जमीन दोनों तरह के मिशनों को बखूबी अंजाम दे सकता है, साथ ही टोही और परमाणु हथियार ले जाने की क्षमता भी रखता है। राफेल का रडार और इलेक्ट्रॉनिक वारफेयर सिस्टम इसे दुश्मन के रडार और मिसाइलों से बचाने में सक्षम बनाते हैं, जबकि इसकी डेल्टा विंग डिजाइन और फ्लाई-बाय-वायर सिस्टम इसे युद्ध में अत्यधिक फुर्तीला बनाते हैं।

### क्या है राफेल का अर्थ?

राफेल एक मल्टीरोल फाइटर जेट है जिसे फ्रांस की कंपनी डसॉल्ट एविएशन ने विकसित किया है। इसका पहला परीक्षण उड़ान वर्ष 1986 में हुआ था, और 2001 में यह फ्रेंच एयरफोर्स और नेवी की सेवा में शामिल हुआ। यह एक 4.5 पीढ़ी का लड़ाकू विमान है। राफेल लड़ाकू विमान का नाम सैन्य संदर्भ में फ्रेंच शब्द रफाल से लिया गया है, जिसका अर्थ होता है तेज झोंका या आग की बौछार।

इस नाम का चयन प्रतीकात्मक रूप से किया गया है। एविएशन क्षेत्र में रफाल शब्द गति, फुर्ती और शक्ति का प्रतिनिधित्व करता है, जो एक लड़ाकू विमान के लिए आवश्यक गुण हैं। इसके अलावा, राफेल की निर्माता कंपनी डसॉल्ट एविएशन की परंपरा रही है कि वह अपने विमानों के नाम ऐसे शब्दों पर रखती है जो हवा या गतिशीलता से जुड़े होते हैं, जैसे- मिराज (मृगतृष्णा) और एक्लेयर (बिजली की चमक)। सैन्य दृष्टिकोण से भी रफाल शब्द का प्रयोग गोलियों की बौछार या तेज फायरिंग के लिए किया जाता है, जो इस लड़ाकू विमान की युद्धक भूमिका के बिल्कुल अनुरूप है।

### राफेल की अन्य खूबियां

राफेल लड़ाकू विमान दो शक्तिशाली एम88-2 टर्बोफैन इंजनों से लैस होता है, जिनमें प्रत्येक इंजन लगभग 16,850 पाउंड-फोर्स (7.5 टन) थ्रस्ट उत्पन्न करने में सक्षम है (आफ्टरबर्नर के साथ)।

## पाकिस्तानी ड्रोन के परखच्चे उड़ाने वाला भारत का देसी सुरक्षा कवच

# आकाश मिसाइल ने निकाला पाकिस्तान का जनाजा

**जम्मू-कश्मीर में पश्चिमी सीमा और एलओसी पर ड्रोन की घुसपैठ को नाकाम किया**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नयी दिल्ली।** भारत ने अपनी सुरक्षा को और भी मजबूत कर लिया है। देश में ही बने आकाश मिसाइल सिस्टम ने कमाल कर दिखाया है। इस सिस्टम ने पाकिस्तान की तरफ से हो रहे ड्रोन हमलों को नाकाम कर दिया है। 8 और 9 मई की रात को भारतीय सेना ने एक बड़ी सफलता हासिल की। पाकिस्तान ने जम्मू और कश्मीर में पश्चिमी सीमा और एलओसी पर ड्रोन से कई बार घुसपैठ करने की कोशिश की। लेकिन, भारतीय सेना ने उन सभी कोशिशों को नाकाम कर दिया। रक्षा अधिकारियों ने बताया कि भारत में बना आकाश मिसाइल सिस्टम बहुत ही उपयोगी साबित हुआ है। इसने पाकिस्तानी हमलों को रोकने में अहम भूमिका निभाई है। रक्षा अधिकारियों ने कहा, भारत में बने आकाश मिसाइल सिस्टम का इस्तेमाल भारतीय सेना ने पाकिस्तान के हमलों को रोकने के लिए किया है। भारतीय सेना और वायु सेना, दोनों के पास यह मिसाइल सिस्टम पाकिस्तान की सीमा पर मौजूद है। आकाश डिफेंस सिस्टम एक आधुनिक मिसाइल सिस्टम है। यह हवा में मौजूद खतरों से सुरक्षा करता है। यह मिसाइल सिस्टम कम दूरी की मारक क्षमता रखता है। यह चलते-फिरते सैनिकों के साथ-साथ जरूरी जगहों को भी सुरक्षा प्रदान करता है।

आकाश एयर डिफेंस मिसाइल 4.5 किमी से 25 किमी तक की दूरी तक मार कर सकती है। यह मीडियम रेंज की सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल है। यह मध्यम दूरी तक हवा में मार करने वाली मिसाइल है। यह सैनिकों को हवाई हमलों से बचाती है।

यह मिसाइल 100 मीटर से लेकर 20 किलोमीटर तक की ऊंचाई पर मौजूद लक्ष्यों को निशाना बना सकती है। इसका सिस्टम बहुत ही लचीला है और इसे कहीं भी आसानी से ले जाया जा सकता है। यह कमांड गाइडेंस का इस्तेमाल करती है। इसे कमांड देकर चलाया जाता है।




### आकाश डिफेंस मिसाइल सिस्टम की कुछ खास बातें

यह एक कम दूरी का सरफेस टू एयर मिसाइल (सैम) है। मतलब यह जमीन से हवा में मार करने वाली मिसाइल है। यह हवा में होने वाले हमलों से सुरक्षा मुहैया कराती है। इसमें कई आधुनिक फीचर्स हैं और यह अलग-अलग जगहों पर आसानी से जा सकती है। इस मिसाइल का मुख्य काम दुश्मन के विमानों, ड्रोन और हेलीकॉप्टरों से जरूरी जगहों और चीजों को बचाना है। यह मिसाइल एक साथ कई खतरों से निपट सकती है। यह ग्रुप में या अकेले भी काम कर सकती है। यह अलग-अलग सेंसर से जानकारी लेती है और खतरों का पता लगाती है। इससे यह एक ही समय में कई खतरों को निशाना बना सकती है।

www.epaper.azadsipahi.in

11 मई, 2025
वैशाख, शुक्ल पक्ष, चतुर्दशी
संवत 2082
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
रविवार, वर्ष 10, अंक 200

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

एम्स और व्यापारिक समुदाय के बीच सहयोगात्मक अवसरों की खोज



## भारत-पाकिस्तान के संघर्ष विराम के बाद रक्षा मंत्रालय की प्रेस कांफ्रेंस

# हमारी सेनाएं पूरी तरह तैयार, फिर हमला किया तो मुंहतोड़ जवाब देंगे

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** भारत-पाकिस्तान के बीच संघर्ष विराम के एलान के बाद शनिवार शाम को रक्षा मंत्रालय ने प्रेस कांफ्रेंस की। इसमें थलसेना से कर्नल सोफिया कुरैशी, वायुसेना से विंग कमांडर व्योमिका सिंह और नौसेना से कोमोडोर रघु आर नायर मौजूद थे। रक्षा मंत्रालय की ब्रीफिंग कुल नौ मिनट चली। इसमें कर्नल सोफिया ने पाकिस्तान की तरफ से गलत सूचनाएं फैलाने की जानकारी दी। वहीं कोमोडोर नायर ने कहा कि भारत की सेनाएं पूरी तरह सतर्क और तैयार हैं। अगर फिर हमला हुआ, तो हम मुंहतोड़ जवाब देंगे।



### कर्नल सोफिया कुरैशी ने कहा

अब मैं आपको पाकिस्तान की मिस इनफॉर्मेशन कैंपेन के बारे में जानकारी दूंगी। पहला उसने अपने जेएफ-17 से हमारे एस-400 और ब्रह्मोस मिसाइल बेस को नुकसान पहुंचाया। यह बिल्कुल गलत है। उसका कहना है कि हमारी एयरफील्ड पर सिरसा, जम्मू, पठानकोट और भुज में हमला किया गया है। यह भी पूरी तरह से गलत है। हमारे चंडीगढ़ और ब्यास स्थित हथियार भंडार पर हमला किया गया। यह बात भी गलत है। हमने आपको सुबह भी बताया था कि ये सभी मिलिट्री फैसिलिटीज पूरी तरह सुरक्षित हैं। इन्हें कोई नुकसान नहीं पहुंचा है। पाकिस्तान कह रहा है कि भारत ने मस्जिदों को नुकसान पहुंचाया। भारत एक धर्मनिरपेक्ष देश है। भारत की सेना को उसकी वैल्यूज की बहुत अच्छी समझ है। हमने उनके मिलिट्री इंफ्रास्ट्रक्चर को नुकसान पहुंचाया। भारत ने पाकिस्तान की एयरफील्ड स्कर्दू, जकूबाबाद, सरगोदा और बुलारी को बहुत नुकसान पहुंचाया है। हमने पाकिस्तान के एयर डिफेंस सिस्टम, रडार सिस्टम को फेल किया। उनके मिलिट्री सिस्टम को हमने नुकसान पहुंचाया। एलओसी के पास पाकिस्तान के कमांड एंड कंट्रोल लॉजिस्टिक इंस्टालेशन और उनके मिलिट्री इन्फ्रास्ट्रक्चर्स और उनके पर्सनल का इतना नुकसान हुआ कि पाकिस्तान की ऑफेंसिव और डिफेंसिव कैपेबिलिटी को नष्ट कर दिया गया। फिर से बात दोहराना चाहूंगी कि इंडियन आर्म्ड फोर्सेस पूरी तरह तैयार और सतर्क हैं। भारत की संप्रभुता और अखंडता की रक्षा के लिए पूरी तरह से समर्पित हैं।

### कल दोनों देशों के सैन्य अधिकारी बातचीत करेंगे

इससे पहले संघर्ष विराम का एलान करते हुए विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने बताया कि अब दोनों देश जमीन, आकाश और समुद्र से एक-दूसरे पर हमला नहीं करेंगे। भारत-पाकिस्तान के डीजीएमओ 12 मई को दोपहर 12 बजे बातचीत करेंगे।

विक्रम मिसरी ने कहा, पाकिस्तान के झूठे दावे साफ हो चुके हैं। पाकिस्तानी सरकारी एजेंसियां हमले और तबाही का दावा कर रहे हैं। कह रहे हैं कि मिलिट्री फैसिलिटी तबाह की हैं। यह सब झूठ है। ये दावे किये गये हैं कि पावर, इनफ्रास्ट्रक्चर सिस्टम पर बड़े हमले किये गये। ये सब झूठ है।

विदेश सचिव ने कहा कि पाकिस्तान लगातार नागरिकों और नागरिक इमारतों को निशाना बना रहा है। भारत में सांप्रदायिक विवाद खड़ा करने की कोशिश कर रहा है। जम्मू-कश्मीर और पंजाब में आम नागरिक मारे जा रहे है, इमारतें क्षतिग्रस्त हो रही हैं। जम्मू-कश्मीर में एक प्रशासनिक अधिकारी की भी मौत हुई है।

### कोमोडोर रघु आर नायर ने कहा

जैसा कि विदेश सचिव ने कहा कि हम सभी मिलिट्री ऑपरेशन रोकने की सहमति पर पहुंच गये हैं। पिछले कुछ दिनों की घटनाओं के बारे में हमने आपको जानकारी दे दी है। कोमोडोर रघु आर नायर ने कहा, भारतीय आर्मी, नेवी और एयरफोर्स मातृभूमि की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध हैं। हम पूरी तरह से तैयार और सतर्क हैं। पाकिस्तान की किसी भी हिमाकत को ताकत से जवाब दिया जा चुका है। आगे भी तनाव बढ़ाने की कोशिश की, तो उन्हें निर्णायक जवाब दिया जायेगा।

### अमेरिकी विदेश मंत्री और उप राष्ट्रपति ने मोदी से बातचीत की

अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रूबियो ने कहा कि उप राष्ट्रपति जेडी वेंस और मैं खुद पिछले 48 घंटों से भारत-पाकिस्तान के अफसरों के अलावा पीएम नरेंद्र मोदी, पीएम शहबाज शरीफ, विदेश मंत्री एस जयशंकर, आर्मी चीफ आसिम मुनीर और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल से बातचीत कर रहे हैं। उन्होंने कहा, मुझे यह बताते हुए खुशी हो रही है कि पाकिस्तान और भारत की सरकार तुरंत सीजफायर के लिए राजी हो गयी हैं। दोनों देश निष्पक्ष मंच पर विवादों का निपटारा करने के लिए बातचीत को तैयार हो गये हैं। हम मोदी और शहबाज शरीफ तारीफ करते हैं कि उन्होंने बुद्धिमत्ता से शांति का रास्ता चुना।

# सिंधु जल संधि का निलंबन जारी रहेगा

## अपनी शर्तों पर संघर्ष विराम के लिए राजी हुआ भारत

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** भारत-पाकिस्तान के बीच चार दिन से चल रहा संघर्ष थम गया है। पाकिस्तान की ओर से घुटने टेके जाने के बाद भारत ने शाम पांच बजे से संघर्ष विराम का एलान किया। विदेश मंत्रालय ने कहा कि संघर्ष विराम के लिए भारत अपनी शर्तों पर तैयार हुआ है। संघर्ष विराम के बीच सिंधु जल संधि का निलंबन जारी रहेगा। विदेश मंत्रालय के सूत्रों ने बताया कि युद्ध विराम की कोई पूर्व या पश्चात शर्त नहीं है। संघर्ष विराम का आह्वान पाकिस्तान की ओर से किया गया था। सिंधु जल संधि स्थगित रहेगी।

22 अप्रैल को पहलगाम हमले के बाद भारत ने सबसे पहली जवाबी कार्रवाई सिंधु जल संधि को निलंबित कर की थी। दोनों देशों के बीच चार युद्धों और दशकों से जारी सीमा पार आतंकवाद के बावजूद इस संधि को बरकरार रखा गया था। सिंधु नदी के जल पर पाकिस्तान की 70 फीसदी कृषि निर्भर करती है। कई शहरों के लिए पेयजल की आपूर्ति भी इस नदी से की जाती है। विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री ने कहा, 1960 की सिंधु जल संधि तत्काल प्रभाव से स्थगित रहेगी, जब तक कि पाकिस्तान विश्वसनीय और अपरिवर्तनीय रूप से सीमा पार आतंकवाद के लिए अपने समर्थन को त्याग नहीं देता।



### सिंधु जल समझौता

सिंधु जल समझौता, 1960 में भारत और पाकिस्तान के बीच हस्ताक्षरित एक जल-बंटवारा समझौता है। इसमें विश्व बैंक ने मध्यस्थता की थी। इस समझौते का उद्देश्य सिंधु नदी और उसकी सहायक नदियों के पानी के उपयोग को लेकर दोनों देशों के बीच विवादों को रोकना था। इस संधि के तहत, हिमालय के सिंधु नदी बेसिन की छह नदियों को दो भागों में बांटा गया है। पूर्वी नदियों ब्यास, रावी और सतलुज का पानी भारत को मिलता है जबकि पश्चिमी नदियों सिंधु, झेलम और चिनाब का कंट्रोल पाकिस्तान के पास आया। समझौते के तहत भारत को लगभग 30 प्रतिशत और पाकिस्तान को 70 प्रतिशन पानी का हक मिला। इस समझौते में स्पष्ट तौर पर लिखा गया है कि झेलम, चिनाब और सिंधु नदियों का पानी भारत को पाकिस्तान में जाने देना होगा।

### पाकिस्तान हो गया था परेशान

सिंधु जल संधि को रोकने के भारत के कदम से पाकिस्तान परेशान हो गया था। ऐसा इसलिए क्योंकि पाकिस्तान पहले से ही सूखे का संकट झेल रहा है। भारत की ओर पानी बंद कर देने से संकट और बढ़ गया। पाकिस्तान के कानून और न्याय राज्य मंत्री अकील मलिक ने कहा था कि हम तीन अलग-अलग कानूनी विकल्पों की योजना पर काम कर रहे हैं। इस मामले को स्थायी मध्यस्थता न्यायालय या हेग में अंतरराष्ट्रीय न्यायालय और विश्व बैंक में ले जाने पर विचार किया जा रहा है। लेकिन पाकिस्तान को तीनों जगह से राहत कम मिलने की उम्मीद है।

# भारत ने पाकिस्तान में पांच खूंखार आतंकियों को मिट्टी में मिलाया, कंधार हाइजैक का आतंकी ढेर

### OPERATION SINDOOR — मारे गए आतंक के पांच बड़े चेहरे

1 अबू जुंदाल (लश्कर-ए-तैयबा) मुरीदके में मरकज तैयबा का प्रभारी था।

2 हाफिज मुहम्मद जमील (जैश-ए-मोहम्मद) मसूद अजहर का बहनोई।

3 मो. यूसुफ अजहर (जैश-ए-मोहम्मद) मसूद अजहर का साला।

4 खालिद उर्फ अबू अकाशा (लश्कर-ए-तैयबा) जम्मू और कश्मीर में कई आतंकवादी हमलों में शामिल।

5 मोहम्मद हसन खान (जैश-ए-मोहम्मद) पीओके में जैश के ऑपरेशनल कमांडर मुफ्ती असगर का बेटा।

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** भारत ने 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले जम्मू-कश्मीर में स्थित नौ आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया था। इसमें भारतीय सशस्त्र बलों ने पांच खूंखार आतंकियों को ढेर कर दिया था।

जिन आतंकियों की सूची समने आयी है, उसमें मसूद अजहर का बहनोई और उसके बीवी का भाई भी शामिल है। वह आइसी-814 अपहरण मामले में वांछित था। दरअसल, 22 अप्रैल को पहलगाम हमले के जवाब में 7 मई को भारतीय सशस्त्र बलों की ओर से आतंकी लॉन्चपैडों को निशाना बनाकर आतंकवाद पर करारा प्रहार किया था।

इसके बाद पाकिस्तान ने गुरुवार से ही लगातार जम्मू-कश्मीर से लेकर गुजरात तक भारत में 26 स्थानों को निशाना बनाकर ड्रोन हमले किये।

### आतंकियों के बारे में विस्तार से

**1. मुदस्सर खादियन खास उर्फ मुदस्सर उर्फ अबू जुंदाल**
(लश्कर-ए-तैयबा)
मुरीदके में मरकज तैयबा का प्रभारी।
पाकिस्तानी सेना की ओर से सुपुर्द-ए-खाक के दौरान गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया।
पाकिस्तानी सेना प्रमुख और पंजाब की मुख्यमंत्री (मरियम नवाज) ने पुष्पांजलि अर्पित की गयी।
जनाजे की नमाज एक सरकारी स्कूल में हुई, जिसका नेतृत्व जमात-उद-दावा (एक घोषित वैश्विक आतंकवादी) के हाफिज अब्दुल रऊफ ने किया।
पाकिस्तानी सेना के एक सेवारत लेफ्टिनेंट जनरल और पंजाब पुलिस के आइजी प्रार्थना समारोह में शामिल हुए।

**2. हाफिज मुहम्मद जमील**
(जैश-ए-मोहम्मद)
मौलाना मसूद अजहर का बहनोई।
बहावलपुर में मरकज सुभान अल्लाह का प्रभारी।
युवाओं को कट्टरपंथी बनाने और जैश-ए-मोहम्मद के लिए धन जुटाने में सक्रिय रूप से शामिल।

**3. मोहम्मद यूसुफ अजहर उर्फ उस्ताद जी उर्फ मोहम्मद सलीम उर्फ घोसी साहब**
(जैश-ए-मोहम्मद)
मौलाना मसूद अजहर का साला।
जम्मू-कश्मीर में कई आतंकवादी हमलों में शामिल।
आइसी-814 अपहरण मामले में वांछित।

**4. खालिद उर्फ अबू अकाशा**
(लश्कर-ए-तैयबा)
जम्मू और कश्मीर में कई आतंकवादी हमलों में शामिल।
अफगानिस्तान से हथियारों की तस्करी में शामिल।
फैसलाबाद में सुपुर्द-ए-खाक किया गया, जिसमें वरिष्ठ पाकिस्तानी सेना के अधिकारी और फैसलाबाद के डिप्टी कमिश्नर शामिल हुए।

**5. मोहम्मद हसन खान**
(जैश-ए-मोहम्मद)
पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में जैश के ऑपरेशनल कमांडर मुफ्ती असगर खान कश्मीरी का बेटा।
जम्मू और कश्मीर में आतंकवादी हमलों के समन्वय में अहम भूमिका निभाई।

# संघर्ष विराम से पहले भारत ने 12 जगहों पर पाकिस्तान की कमर तोड़ी

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** ऑपरेशन सिंदूर से बौखलाये पाकिस्तान की कायरना हरकतों का भारत ने मुंहतोड़ जवाब दिया। पाकिस्तान की हरकतें तनाव को बढ़ाने का काम कर रही थीं। पाकिस्तान भारत को उकसाने का काम कर रहा था। शनिवार सुबह दोबारा पाकिस्तान ने उकसाने और तनाव बढ़ाने वाली हरकतें कीं। भारत ने उसका पूरे संयम के साथ उचित जवाब दिया। पाकिस्तानी सेना ने पश्चिमी सीमाओं पर लगातार आक्रमक गतिविधियां जारी रखी हैं। उसने ड्रोन, लंबी दूरी के हथियार, युद्धक हथियार और लड़ाकू विमानों का उपयोग कर भारतीय सैन्य ढांचे को निशाना बनाया। अंतरराष्ट्रीय सीमा और एलओसी पर 26 से अधिक स्थानों पर हवाई घुसपैठ के प्रयास किये गये। भारतीय सशस्त्र बलों ने अधिकांश खतरों को सफलतापूर्वक निष्क्रिय किया। पाकिस्तान ने पंजाब के एयरबेस को निशाना बनाने के लिए रात 1:40 बजे हाइ-स्पीड मिसाइलों का इस्तेमाल किया। इसके बाद भारत ने पाकिस्तान के हथियार भंडार और सैन्य ठिकानों पर जवाबी कार्रवाई की। पाकिस्तान लाहौर से नागरिक विमानों की आड़ लेकर हमले कर रहा था। ऐसे में भारत ने नागरिक सुरक्षा सुनिश्चित करते हुए सटीकता से कार्रवाई की।




**भारत ने क्या किया :** भारतीय सशस्त्र बलों ने अधिकांश खतरों को सफलतापूर्वक निष्क्रिय किया। त्वरित और सुनियोजित जवाबी हमले किये। तकनीकी प्रतिष्ठान, कमांड और कंट्रोल केंद्र, रडार साइट्स और हथियार भंडारों को चुनकर निशाना बनाया गया। रफीकी, मुरीद, चकलाला, रहमयार खान, सुक्कूर और चुनियांन स्थित पाकिस्तान के सैन्य ठिकानों पर एयर लांचिंग सटीक हथियारों और लड़ाकू जेट से प्रहार किये गये। पसरुर रडार साइट और सियालकोट स्थित एविएशन बेस को टारगेट किया गया। इसके अलावा जैकबाबाद, सरगोधा, स्कर्दू और भोलारी को भी निशाना बनाया गया। इस कार्रवाई के दौरान ने कम से कम कोलेट्र्ल डैमेज की क्षति सुनिश्चित की।

**पाकिस्तान क्या हरकतें कर रहा था :** चिंता का विषय यह है कि पाकिस्तान ने लाहौर से उड़ान भरने वाले नागरिकों की आड़ लेकर अंतरराष्ट्रीय हवाई मार्गों का दुरुपयोग किया। ऐसी चालों ने भारतीय वायु प्रतिरक्षा तंत्र को नागरिक सुरक्षा सुनिश्चित करते हुए अत्यधिक संयम के साथ कार्य करने के लिए विवश किया।

### पाकिस्तान ने किन हथियारों का इस्तेमाल किया

पाकिस्तान की सेना ने पूरे पश्चिमी मोर्चे पर लगातार आक्रामक गतिविधियां जारी रखी। इसमें मानवरहित लड़ाकू ड्रोन, लंबी दूरी वाले हथियार, लॉयटरिंग म्यूनिशंस (एक तरह के सुसाइड ड्रोन) और लड़ाकू विमानों का उपयोग कर भारत सैनिक ढांचे को निशाना बनाया। पाकिस्तान ने हाइ स्पीड मिसाइल का रात 1:40 बजे पंजाब के एयरबेस स्टेशनों पर निशाना साधने की कोशिश की। नियंत्रण रेखा पर भी ड्रोन के जरिए घुसपैठ की कोशिश की और भारी तोपों से गोलाबारी की। अंतरराष्ट्रीय सीमा और नियंत्रण रेखा पर श्रीनगर से नलिया तक 26 से ज्यादा स्थानों पर हवाई घुसपैठ के प्रयास किये गये। फिर भी उधमपुर, पठानकोट, आदमपुर, भुज और बठिंडा जैसे स्टेशनों पर उपकरण और लोगों को हानि पहुंचाने का प्रयास किया।

# चंडीगढ़ समेत 12 जगह पाबंदियां हटीं

आजाद सिपाही संवाददाता

**जालंधर।** भारत और पाकिस्तान में शनिवार शाम 5 बजे सीजफायर के एलान के बाद पंजाब के पाकिस्तान से सटे बॉर्डर पर भी सीजफायर हो गया है। शनिवार सुबह 10 बजे के बाद पंजाब में कहीं भी कोई हमला नहीं हुआ है। सुबह पाकिस्तान ने पठानकोट पर हमला किया था। हालांकि पाकिस्तानी फितरत को देखते हुए बॉर्डर जिलों में सेना अलर्ट पर है। चंडीगढ़ के अलावा जालंधर, लुधियाना, रोपड़, संगरूर, मोगा, कपूरथला, बरनाला, अमृतसर, फाजिल्का और पठानकोट से ब्लैकआउट समेत बाकी पाबंदियां हटा ली गई हैं। फिरोजपुर में ब्लैकआउट नहीं होगा, लेकिन ड्रोन उड़ाने पर पाबंदी जारी रहेगी। वहीं भारत-पाकिस्तान के बीच




संघर्ष विराम से पहले 3 दिन तक भारतीय सेना ने पाकिस्तानी हमलों का मुंहतोड़ जवाब दिया। पाकिस्तान ने सैन्य ठिकानों से लेकर रिहायशी क्षेत्रों तक को निशाना बनाया। लेकिन, आर्मी के एयर डिफेंस सिस्टम ने हर हमला नाकाम कर दिया। पाकिस्तान ने 3 दिन में पंजाब के 12 जिलों में अटैक किया। जिनमें 6 बॉर्डर जिले, अमृतसर, पठानकोट, फिरोजपुर, फाजिल्का, गुरदासपुर और तरनतारन हैं। वहीं बठिंडा, जालंधर, मानसा, कपूरथला, लुधियाना और होशियारपुर में हवाई हमले किये। पाकिस्तान ने इन जिलों में ड्रोन और रॉकेट के अलावा मिसाइलें दागी। कल भी पाकिस्तानी सेना ने पठानकोट और आदमपुर एयरबेस पर अटैक किया था, जिससे उन्हें हल्का नुकसान हुआ है। पाकिस्तान ने हाइस्पीड मिसाइल छोड़कर दोनों एयरबेस को उड़ाने की कोशिश की थी।






## राज्य में कुल 74500 चापानल खराब

# चापानल मरम्मत के लिए 259 करोड़ रुपये की स्वीकृति: राधाकृष्ण किशोर

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** वित्तीय वर्ष 2025-26 में योजना एवं विकास विभाग के द्वारा राज्य के विभिन्न जिलों के लिए 259 करोड़ रुपये अनाबद्ध की राशि कर्णांकित कर दी गयी है। योजना एवं विकास विभाग मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने जानकारी देते हुए बताया कि राज्य के सामान्य क्षेत्र और जनजातीय क्षेत्रीय उपयोजना के लिए कुल 259 करोड़ अनाबद्ध की राशि स्वीकृत कर दी गयी है। जिला योजना अनाबद्ध की राशि से पूर्व की स्वीकृत योजनाओं में दायित्वों का



भुगतान करने तथा शेष बची राशि से जिलों के महत्वपूर्ण अंतराल (क्रिटिकल गैप) की योजनाओं पर व्यय करने का निर्देश दिया गया है। योजना मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में जिला योजना अनाबद्ध की राशि से ली जाने वाली योजनाओं का अनुश्रवण संबंधित जिलों के उपायुक्त को जिला योजना पदाधिकारी के माध्यम से सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है। राधाकृष्ण किशोर ने बताया कि राज्य में व्याप्त पेयजल संकट को देखते हुए तत्काल अनाबद्ध की राशि से विभिन्न कारणों से खराब पड़े चापानलों की मरम्मति कराने पर नीतिगत फैसला लेने के लिए 02 मई 2025 को एक विभागीय बैठक की गयी थी। बैठक में योजना विभाग के सचिव मुकेश कुमार, अपर सचिव गरिमा सिंह और अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे। योजना एवं विकास मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने राज्य में पेयजल की व्यापक समस्या को देखते हुए बंद पड़े चापानलों की मरम्मती अनाबद्ध की राशि से युद्धस्तर पर कराने का निर्देश दिया था। उक्त आलोक में यह निर्णय लिया गया कि जिलों को आवंटित अनाबद्ध की राशि का कम से कम 15 प्रतिशत राशि (अधिकतम की सीमा निर्धारित नहीं) का व्यय पेयजल आपूर्ति से संबंधित योजनाओं पर किया जा सकेगा

# देश के लिए मर मिटनेवाले जवानों को अपमानित किया जा रहा : बाबूलाल

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा है कि जहां एक ओर पूरे देश में सैनिकों के सम्मान में फूल बरसाए जा रहे हैं, उनकी वीरता और शौर्य की गाथाएं सुनायी जा रही हैं, लोग उन्हें गर्व से सलाम कर रहे हैं। वहीं दूसरी ओर झारखंड में हेमंत सरकार के संरक्षण में असामाजिक तत्वों द्वारा वीर शहीद जवान राजकुमार महतो की मूर्ति को तोड़ा जा रहा है, देश के लिए मर मिटने वाले जवानों को अपमानित किया जा रहा है।

**कुछ जयचंद किस्म के लोग देश की नींव कमजोर करने पर तुले हैं :** सोशल मीडिया पोस्ट में कहा है कि जब देश अपनी सीमाओं पर पाकिस्तान की नापाक हरकतों से जूझ रहा है, जब हमारे सैनिक



अपनी जान की परवाह किये बिना देश की रक्षा के लिए कोई कोर कसर नहीं छोड़ रहे हैं, तब झारखंड में कुछ जयचंद किस्म के लोग इस देश की नींव को कमजोर करने पर तुले हुए हैं। हमारे शहीदों ने अपनी जान को दांव पर लगाकर, हमारे देश को बचाने का कर्ज चुकाया है। ऐसे कायरों और गद्दारों को यह समझना होगा कि जो शहीदों के अपमान में शामिल हैं, वे देश के हर नागरिक की आत्मा पर चोट कर रहे हैं, वे भारत पर चोट कर रहे हैं।

### कौन हैं वे लोग, जिनकी आंखों में हमारे शहीदों की वीरता चुभ रही

इसके बाद एक प्रश्न जो हर झारखंड और देशवासियों के मन में है कि कौन हैं वे लोग, जिनकी आंखों में हमारे शहीदों की वीरता चुभ रही है? कौन हैं वे लोग, जो देश की धरती पर पलकर, उसी की शान के खिलाफ काम कर रहे हैं और पाकिस्तानियों की तरह हरकतें कर रहे हैं?
चूंकि यह सिर्फ एक परिवार की नहीं, पूरे राष्ट्र की भावनाओं से जुड़ा मामला है, इसलिए प्रशासन से मांग करता हूं कि दोषियों को अविलंब गिरफ्तार कर उनके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाये।

# मदर्स डे पर विद्यार्थियों ने दी भावनात्मक स्पीच




**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** निर्मला कॉन्वेंट हाइस्कूल एदलहातू मोराबादी में मदर्स डे के शुभ अवसर पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें छात्र-छात्राओं ने मातृत्व पर आधारित भावनात्मक स्पीच प्रस्तुत किये। इन भाषणों के माध्यम से विद्यार्थियों ने मां के प्रेम, त्याग और योगदान को गहरायी से उजागर किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य विजय कुमार शर्मा ने सभी विद्यार्थियों को उनकी सुंदर प्रस्तुतियों के लिए सराहा और उपहार दिया। श्री शर्मा के द्वारा उपस्थित माताओं को भी छाते भेंट किये गये। उन्होंने कहा, मातृत्व को शब्दों में बांधना कठिन है, लेकिन बच्चों ने जिस भाव से अपनी बात कही, वह वास्तव में सराहनीय है। कार्यक्रम के दौरान हाल ही में घटित पहलगाम हमले का भी जिक्र किया गया, जिसमें कई माताओं को अपार दुःख पहुंचा। इस दर्दनाक घटना पर शोक व्यक्त करते हुए विद्यार्थियों और शिक्षकों ने एक मिनट का मौन रखकर पीड़ित परिवारों के प्रति संवेदना प्रकट की। विद्यालय की सचिव सीमा शर्मा ने कहा कि, हम सभी माताओं के सम्मान में एकत्र हुए हैं, और ऐसे समय में जब देश की कई मातायें अपार पीड़ा में हैं, हमारी संवेदनाएं उनके साथ हैं। यह कार्यक्रम केवल उत्सव नहीं, एक समर्पण है।

# वाइबीएन विश्वविद्यालय ने बीआइटी मेसरा को हराकर टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह बनायी

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** शनिवार को नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी, रांची के मैदान में वाइबीएन विश्वविद्यालय ने बीआइटी मेसरा को 6 विकेट 3 रन से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। अभय कुमार ने अपने 40 रन के बदौलत टीम को जीत की दहलीज पर पहुंचा दिया। इसके चार छक्के ने दर्शकों का मन मोह लिया और साकिब के छक्के की बदौलत टीम फाइनल में प्रवेश कर गयी। ऐसा टीम कप्तान रवि यादव और वाइस कैप्टन नीतीश कुमार के सफल नेतृत्व में संभव हो सका। बीआइटी मेसरा की ओर 101 रन बने जिसका पीछा करते हुए वाइबीएन ने 105



बनाये। इस अवसर पर वाइबीएन विश्वविद्यालय के अध्यक्ष रामजी यादव ने खेल प्रशिक्षक सुमित कच्छप उनकी टीम को बधाइयां दीं और कहा कि यहा जीत खेल प्रशिक्षक सुमित कश्यप एवं उनकी टीम की मेहनत का फल है। विश्वविद्यालय को जीत की खबर मिलने पर विश्वविद्यालय के कुलपति, प्रो कुलपति, रजिस्ट्रार, अकादमिक डीन, डीएसडब्ल्यू, एनएसएस समन्वय ऐवम सभी संकय के द्वार टीम को बधाई दी।

## महत्वपूर्ण खबरें

### पाकिस्तान के खिलाफ छात्रों का जोरदार प्रदर्शन



रांची (आजाद सिपाही)। शनिवार को डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय, रांची में प्रदेश के छात्र नेता बबलू कुमार महतो के नेतृत्व में पाकिस्तान के खिलाफ कड़ा विरोध प्रदर्शन किया गया। यह प्रदर्शन पाकिस्तान की भारत विरोधी गतिविधियों के विरोधस्वरूप आयोजित किया गया था। पाकिस्तान के किये गये गीदड़ भभकी और हमले और आम नागरिकों के ऊपर गोलीबारी करने को लेकर कड़ा विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान छात्रों ने प्रतीकात्मक रूप से पाकिस्तान का झंडा जमीन पर बनाकर उस पर लात मारी, थूका, कीचड़ और काली स्याही पोती और अंत में झंडे को आग के हवाले कर विरोध जताया। छात्र नेता बबलू कुमार महतो ने कहा : पाकिस्तान लगातार भारत की अखंडता और संप्रभुता के विरुद्ध कार्य कर रहा है। यह प्रदर्शन हमारे राष्ट्रवाद और देश के प्रति प्रतिबद्धता का प्रतीक है। इस मौके पर विश्वविद्यालय के कई छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

### जेके सेल्स में सस्ती कीमतों पर इ-स्कूटर



रांची (आजाद सिपाही)। रांची के लोगों के लिए एक बड़ी खुशखबरी ये है कि पिस्का मोड़ लकड़ी टाल स्थित जेके सेल्स में किफायती दामों पर बैटरी स्कूटी लायी गयी है। यह बिना रजिस्ट्रेशन और लाइसेंस के चलायी जा सकती है। इसमें पेट्रोल की बचत ज्यादा से ज्यादा हो सकेगी। बिना बैटरी वाली गाड़ी की कीमत 28000 से 45000 रुपये तक है। बैटरी की कीमत 8000 रुपये से शुरू है, जिसमे 50 किमी तक की माइलेज मिल जायेगी। ज्यादा से ज्यादा 140 किमी तक की बैटरी उपलब्ध है, जिसकी कीमत स्कूटी के साथ 59000 है। इस स्कूटी में अलग-अलग तरह की बैटरी लगायी जा सकती है। मालूम हो कि जेके सेल्स पिछले 12 वर्षों से फर्नीचर और अलमीरा के लिए जाना जाता है और यह प्रतिष्ठान अब साथ में किफायती स्कूटी लेकर आया है जिस से हर घर में स्कूटर जा सके और हर घर में खुशियां आ सके। यहां क्रेडिट कार्ड डेबिट कार्ड और फाइनेंस की भी सुविधा उपलब्ध है। स्कूटी पर एक साल की वारंटी दी जाती है।

### भगवान बुद्ध जन्मोत्सव की तैयारियां जोरों पर



रांची (आजाद सिपाही)। छोटा नागपुर बौद्ध समिति गोरखा चौक नेपाल हाउस डोरंडा में भगवान बुद्ध जन्मोत्सव की तैयारियां जोरों पर हैं। 12 मई को भव्य समारोह आयोजित किया जायेगा, जिसमें प्रभात फेरी, झंडा पूजा, दीप प्रज्वलन और प्रसाद वितरण शामिल है। कार्यक्रम के मुख्य आकर्षण में प्रभात फेरी: 12 मई को प्रातः आयोजित की जायेगी। झंडा पूजा: सिद्धार्थ नगर में आयोजित की जायेगी। दीप प्रज्वलन: भगवान बुद्ध की जयंती पर आयोजित किया जायेगा। प्रसाद वितरण: कार्यक्रम के बाद प्रसाद वितरित किया जायेगा। पूर्व मंत्री डॉ. रामेश्वर उरांव और प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव आलोक कुमार दुबे लुंगदर झंडा पूजा में मंदिर परिसर में भगवान बुद्ध के चरणों में शीश झुकाया और लामाओं से आशीर्वाद प्राप्त किया। डॉ. उरांव ने कहा कि भगवान बुद्ध ने शांति, करुणा और अहिंसा का मार्ग दिखाया। उन्होंने कहा कि भगवान बुद्ध के जन्मोत्सव का उद्देश्य शांति, करुणा और अहिंसा का संदेश फैलाना है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोग शामिल होंगे और भगवान बुद्ध के जीवन और शिक्षाओं के बारे में जानेंगे।

# रांची के कूच्चु गांव में श्रीराम कथा और महायज्ञ का सफल आयोजन

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** रांची के ओरमांझी प्रखंड स्थित कूच्चु गांव में आयोजित श्री श्री 1008 शिव शक्ति हनुमत प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ और श्रीराम कथा का सफल आयोजन हुआ। इस अवसर पर मथुरा से पधारे परम पूज्य कथा वाचक अतुल कृष्ण भारद्वाज जी महाराज ने श्रीराम कथा का वाचन किया। कार्यक्रम में राज्य और राज्य के बाहर से आए सांसद, विधायक और प्रमुख सामाजिक कार्यकताओं ने भाग लिया। आयोजन की सफलता के लिए ग्रामवासियों, यज्ञ समिति के कार्यकताओं, श्रद्धालु भक्तों और प्रशासनिक अधिकारियों का सहयोग सराहनीय रहा। आयोजन के



आयोजकों ने सभी का आभार प्रकट किया और कहा कि ऐसे आध्यात्मिक आयोजन समाज में एकता, श्रद्धा और भक्ति का संचार करते हैं।

# मापतौल अधिकारियों की कमी से हो रही परेशानी पर चर्चा

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** राज्य में मापतौल अधिकारियों की भारी कमी से लाइसेंस रिन्यूअल और मापतौल उपकरणों के सत्यापन में होनेवाली कठिनाईयों की निरंतर आ रही शिकायतों पर शनिवार को चैंबर भवन में श्रम उप समिति की बैठक संपन्न हुई। कहा गया कि विभाग में केवल चार इंस्पेक्टर प्रभार में हैं तथा एक विभागीय इंस्पेक्टर को कई जिलों का अतिरिक्त प्रभार है, जिस कारण नवीनीकरण-सत्यापन कार्य प्रभावित हो रहे हैं। विभागीय इंस्पेक्टर की अनुपलब्धता और कमी के कारण व्यापारियों को मापतौल के सत्यापन में अनावश्यक रूप से जुमार्ना का शिकार होना पडता है, जिसकी विभागीय समीक्षा आवश्यक है।

श्रम उप समिति के चेयरमेन प्रमोद सारस्वत ने कहा कि व्यापारियों की सुविधा के लिए




जरूरी है कि राज्य के सभी जिलों में एक-एक इंस्पेक्टर की पदस्थापना की जाय ताकि व्यापारी अपनी सुविधानुसार अपने मापतौल लाइसेंस का सत्यापन/नवीनीकरण कार्य करा सकें। जब तक विभाग में इंस्पेक्टर की पदस्थापना नहीं होती, तब तक सत्यापन कार्य के लिए व्यापारियों पर जुर्माना नहीं लगाया जाय। उन्होंने यह भी सुझाया कि विभागीय इंस्पेक्टरों की पदस्थापना होने तक राज्य के सभी जिलों के विभागीय कार्यालयों के बाहर निरीक्षकों का संपर्क विवरण, उनकी उपलब्धता दिवस का बोर्ड अधिष्ठापित कराया जाये, ताकि संबंधित जिले के व्यापारियों को इसकी समुचित जानकारी मिल सके। सूचना के अभाव में व्यापारियों को अनावश्यक कठिनाईयां हो रही हैं।

व्यापारियों की असुविधा को देखते हुए चैंबर के सह सचिव नवजोत अलंग ने विभाग से राज्य के प्रत्येक जिलों में त्रैमासिक रूप से मापतौल का कैंप लगाने की भी बात कही। यह कहा कि मापतौल लाइसेंस के नवीनीकरण की अवधि पांच वर्ष किये जाने से भी काफी हद तक समस्या का समाधान संभव है। कोषाध्यक्ष रोहित अग्रवाल ने कहा कि उपकरणों के सत्यापन और रिन्यूअल हेतु विभाग द्वारा समय समय पर जागरूकता कार्यशाला के आयोजन की भी पहल करनी चाहिए। चर्चाओं के क्रम में जल्द ही श्रम सचिव और मापतौल नियंत्रक से मिलकर, मामले से अवगत कराने और कार्रवाई कराने की सहमति बनायी गयी। बैठक में चैंबर के सह सचिव नवजोत अलंग, कोषाध्यक्ष रोहित अग्रवाल, कार्यकारिणी सदस्य अमित शर्मा, श्रम उप समिति चेयरमैन प्रमोद सारस्वत, सदस्य अमरचंद बेगानी, किशन अग्रवाल उपस्थित थे। उक्त जानकारी प्रवक्ता सुनिल सरावगी ने दी।

# सरला बिरला पब्लिक स्कूल में मातृ शक्ति को सलाम

## रचनात्मकता और स्नेह से भरा आयोजन

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** सरला बिरला पब्लिक स्कूल, रांची में मातृ दिवस को बड़े ही उत्साह, प्रेम और भावनात्मक जुड़ाव के साथ मनाया गया। यह विशेष आयोजन माताओं और बच्चों के मधुर एवं अटूट रिश्ते को सम्मानित करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया। विद्यालय परिसर में विभिन्न कक्षाओं के लिए कई रचनात्मक गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिनमें छात्रों और उनके पिताओं ने सक्रिय भागीदारी दिखायी। पांचवीं कक्षा के विद्यार्थियों ने अपने पिताओं के साथ मिलकर सुंदर पुष्प सज्जा गतिविधि में भाग लिया। जहां उन्होंने आकर्षक गुलदस्ते बनाकर माताओं को भेंट किये। चौथी कक्षा के छात्रों ने अपने पिताओं के साथ मिलकर मेहंदी कला का प्रदर्शन



किया। उन्होंने अपनी माताओं के हाथों पर नाजुक और खूबसूरत डिजाइन बनाकर अपनी रचनात्मकता और स्नेह व्यक्त किया। तीसरी कक्षा के विद्यार्थियों ने नेल आर्ट गतिविधि में भाग लिया, जहां पिताओं और बच्चों ने मिलकर माताओं के नाखूनों को स्नेहपूर्वक सजाया। इसके अतिरिक्त, सभी छात्रों ने अपने हाथों से भावनापूर्ण शुभकामना कार्ड बनाये और पीटीएम के दिन उन्हें अपनी माताओं को भेंट किया, जिससे इस उत्सव को और भी व्यक्तिगत व यादगार बना दिया। विद्यालय की प्राचार्या परमजीत कौर ने इस अवसर पर बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि माताओं के प्रति आभार और प्रेम केवल विशेष दिनों पर नहीं, बल्कि हर दिन व्यक्त किया जाना चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों को यह प्रेरणा दी कि वे मातृत्व के इस पवित्र संबंध का सदा सम्मान करें, क्योंकि मां ही जीवन की सबसे बड़ी शक्ति और स्नेह की अविनाशी मूर्ति होती हैं।

# सेक्रेड चाइल्ड एकेडमी में मातृ दिवस समारोह

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** सेक्रेड चाइल्ड एकेडमी कोकर में शनिवार को मातृ दिवस को बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। स्कूल परिसर खुशी और उमंग से भर गया जब छात्रों ने भावपूर्ण गीत, सुंदर नृत्य और अपनी माताओं को समर्पित हस्तनिर्मित कार्ड जैसी विभिन्न प्रस्तुतियों में भाग लिया।

शिक्षकों ने इस दिन के महत्व पर प्रकाश डाला और माताओं की जीवन में अमूल्य भूमिका को रेखांकित किया। माताओं को विशेष रूप से कार्यक्रम में आमंत्रित किया गया, जिन्होंने बच्चों की दिल छू लेने वाली प्रस्तुतियों का भरपूर आनंद लिया। माताओं ने रंगारंग नृत्य कार्यक्रम प्रस्तुत किया, जिसे दर्शकों ने खूब सराहा। इसके अतिरिक्त, विद्यालय द्वारा विभिन्न प्रकार के खेलों का आयोजन भी



किया गया, जिनमें माताओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। उन्होंने नृत्य करने और खेलों में सहभागिता कर इस दिन का भरपूर आनंद लिया।

यह कार्यक्रम न केवल मनोरंजन का माध्यम बना, बल्कि अभिभावकों और विद्यालय के बीच संबंधों को भी सुदृढ़ करने में सहायक रहा। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन और अतिथियों के लिए जलपान के साथ हुआ, जिससे सभी उपस्थित लोगों के लिए यह एक अविस्मरणीय अनुभव बन गया।




आजाद सिपाही
रांची, रविवार, 11 मई, 2025
www.azadsipahi.in


## राष्ट्र सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता, सुरक्षा से जुड़े सभी एहतियाती कदम उठायें

# अफवाह फैलानेवालों पर कार्रवाई और सभी जिलों में कंट्रोल रूम एक्टिव करें अधिकारी : हेमंत सोरेन

- अस्पतालों के रूफटॉप में मेडिकल साइन बोर्ड लगायें
- सिविल डिफेंस वॉलेंटियर्स से कार्य लें, आवश्यकता अनुसार इनकी संख्या बढ़ायें



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने शनिवार को कांके रोड, रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में वर्तमान राष्ट्रीय परिस्थितियों और परिदृश्य के मद्देनजर राज्य की सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत वरिष्ठ प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों के साथ उच्च स्तरीय बैठक की।

बैठक में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि राष्ट्रीय सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकताओं में से एक है। देशभर में सुरक्षा हालातों को देखते हुए झारखंड में एक-एक जनमानस की सुरक्षा सुनिश्चित की जाये। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि जरूरी नागरिक सेवाओं के सुदृढ़ीकरण पर विशेष फोकस रखें। एक बेहतर कार्ययोजना बनाकर राज्यवासियों की सुरक्षा से संबंधित सभी प्रकार के एहतियाती कदम शीघ्र उठायें। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि राज्य में आमजनों के बीच कोई पैनिक स्थिति उत्पन्न न हो, यह सुनिश्चित करें। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि अफवाहों पर हर हाल में रोक लगायी जाये। वैसे असामाजिक तत्व जो झूठी और भ्रामक संदेश प्रेषित कर माहौल खराब करने का कार्य करते हैं, उनके ऊपर कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाये। राष्ट्र विरोधी गतिविधियों और सोशल साइट्स पर गलत संदेशों का आदान-प्रदान करने वालों की पहचान कर उनपर कानूनी कार्रवाई करें।

**सिविल डिफेंस वॉलेंटियर्स से कार्य लें :** मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि राज्य में सिविल डिफेंस वॉलेंटियर्स को एक्टिव करें और आवश्यकता के अनुरूप सिविल डिफेंस वॉलेंटियर्स की संख्या बढ़ायें।

सिविल डिफेंस के क्षेत्र में कार्य करने वाले संस्थानों से समन्वय स्थापित कर बेहतर सुरक्षा व्यवस्था के लिए कार्ययोजना बनायें। उन्होंने कहा कि सिविल डिफेंस वॉलेंटियर्स को त्वरित राहत, बचाव कार्य, जनजागरूकता और सामुदायिक क्षमता निर्माण जैसे विषयों पर विशेष प्रशिक्षण दिया जाये।

**सभी जिलों में कंट्रोल रूम एक्टिव करें :** मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि राज्य स्तरीय नियंत्रण कक्ष के साथ-साथ जिला स्तर के कंट्रोल रूम को एक्टिव करें।

उन्होंने अधिकारियों से कहा कि राज्य के भीतर सभी छोटे-बड़े पी एस यू (सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम) के सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किये जायें।

**बैठक में यह रहे मौजूद :** बैठक में मुख्य सचिव अलका तिवारी, अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार, अपर मुख्य सचिव अजय कुमार सिंह, प्रधान सचिव वंदना दादेल, डीजीपी अनुराग गुप्ता, सचिव पूजा सिंघल, सचिव राजेश शर्मा, सचिव विप्रा भाल, विशेष सचिव आईपीआरडी राजीव लोचन बक्शी, आईजी ऑपरेशन एवी होमकर, आइजी स्पेशल ब्रांच प्रभात कुमार, एसपी एटीएस ऋषभ झा, एसपी अभियान अमित रेणु, कमांडेंट जैप -1 राकेश रंजन सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### बैठक में दिये महत्वपूर्ण निर्देश

- एमएचए का निर्देश है कि सिविल डिफेंस रूल्स के अंतर्गत इमरजेंसी प्रोविजंस का इस्तेमाल करें। खासकर कोई खरीदारी में टेंडर प्रक्रिया छोड़कर।
- मॉक ड्रिल की संख्या बढ़ा दी जाये।
- एसेंशियल सर्विस को मेंटेन करने के लिए तैयारी की जाये।
- एसेंशियल कमोडिटीज पर खास ध्यान रखा जाये। होर्डिंग बिल्कुल नहीं हो।
- अस्पताल को तैयार रखा जाये।
- महत्वपूर्ण ठिकाने जैसे डैम, प्लांट, यूसीआइएल, बिजली घर, आइओसी आदि के सुरक्षा पर खास ध्यान दिया जाये।
- एनजीओ और अन्य सिविल डिफेंस वॉलेंटियर्स से संपर्क कर उन्हें तैयार कराया जाये।
- जिला में फायर स्टेशन की तैयारी कर ली जाये।
- मोबाइल फेल करने पर पीए सिस्टम तैयार कर ली जाये।

# क्रॉस बॉर्डर फायरिंग में बीएसएफ के एसआइ मोहम्मद इम्तियाज शहीद

## सेना ने शहादत को किया सलाम

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जम्मू-कश्मीर।** पाकिस्तान ने जम्मू के आरएस पुरा क्षेत्र में शनिवार को भारी गोलाबारी की, जिसमें सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के आठ जवान घायल हो गये। इनमें से एक सब इंस्पेक्टर मोहम्मद इम्तियाज बलिदान हो गये हैं। वहीं सात जवानों का उपचार जारी है। मोहम्मद इम्तियाज की शहादत को सलाम करते हुए बीएसएफ ने कहा कि सीमा चौकी का नेतृत्व करते हुए, उन्होंने आगे से बहादुरी से नेतृत्व किया। डीजी बीएसएफ और सभी रैंक उनके परिवार के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करते हैं। कल पूरे सम्मान के साथ पुष्पांजलि समारोह फ्रंटियर मुख्यालय जम्मू में होगा।



मोहम्मद इम्तियाज। फाइल फोटो

### पाकिस्तान की बौखलाहट

सीमापार से पाकिस्तान की कायराना हरकत जारी है। इस बार वह अलग तरीके से अपनी हिमाकत को अंजाम दे रहा है। पहले उसके हमले सीमावर्ती इलाकों के आसपास तक सीमित रहते थे, लेकिन इस बार वह शहर में रिहायशी इलाकों को ज्यादा फोकस कर रहा। ब्रिगेडियर हरचरण सिंह (सेवानिवृत्त) बताते हैं कि युद्ध के तरीके में यह बदलाव पाकिस्तान की बौखलाहट दिखा रही है।

हमारे सुरक्षाबल हर चुनौती से निपटने के लिए तैयार हैं। सीमावर्ती आबादी के साथ शहर की रिहायशी इलाकों को निशाना बनाया जा रहा है, ताकि ज्यादा नुकसान हो। ऐसा कर पाकिस्तान अपने नागरिकों को बताएगा कि वह कितना सक्षम है। युद्ध सेवा मेडल से सम्मानित और कारगिल युद्ध के नायक ब्रिगेडियर कुशाहल ठाकुर ने कहा कि भारत ने एयर स्ट्राइक आतंकी ठिकानों पर की थी। पाकिस्तान की कार्रवाई सिर्फ बौखलाहट है। जम्मू शहर को पहले कभी टारगेट नहीं किया गया था। इस तरह शहर के रिहायशी और सेना प्रतिष्ठानों को टारगेट करना पाकिस्तान सरकार व सेना अपने लोगों को दिखाना चाहती हे कि भारत के खिलाफ हमला करने में सक्षम है।

## पाकिस्तान को लेकर खौल रहा लोगों का खून

# सिविल डिफेंस वॉलंटियर्स बनने के लिए चंडीगढ़ में उमड़े युवा



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**चंडीगढ़।** चंडीगढ़ के युवाओं ने राष्ट्र सेवा में भागीदारी के लिए कदम बढ़ाया है। प्रशासन की ओर से युवाओं को सिविल डिफेंस वालंटियर के रूप में जुड़ने और आपातकालीन स्थिति में सहायता करने के लिए आमंत्रित किया गया था। डीसी ने बताया कि सिविल डिफेंस के लिए लगे कैंप में उम्मीद थी कि करीब 800 से 1000 लोग आयेंगे। उन्होंने कहा कैंप में हमारी उम्मीद से काफी ज्यादा 3 हजार लोग पहुंचे थे। ऐसे में उनको सेक्टर-17 के तिरंगा पार्क में शिफ्ट कर वहां ट्रेनिंग दी गयी। उन्होंने बताया कि एक दिन पहले तक चंडीगढ़ में 300 सिविल डिफेंस के कार्यकर्ता थे, लेकिन अब यह संख्या 3300 पहुंच गयी है।

डीसी ने बताया अब सभी आवेदन को सेक्टर के हिसाब से अलग किया जायेगा। उसके बाद उनकी सूची तैयार कर एक सप्ताह की ट्रेनिंग दी जायेगी, जिससे की जंग के दौरान उनकी मदद ली जा सके। इस पहल के तहत शनिवार सुबह साढ़े 10 बजे सेक्टर-18 स्थित टैगोर थिएटर में सिविल डिफेंस नामांकन व प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इसके लिए सुबह से युवा टैगोर थिएटर पहुंच गये।

युवाओं ने वंदे मातरम और भारत माता की जय के नारे लगाये। डिप्टी कमिश्नर ने युवाओं से आह्वान किया है कि वे आगे आयें, प्रशिक्षित हों और जरूरत के समय देश सेवा के लिए तैयार रहें।

वहीं टैगोर थिएटर में भीड़ इतनी बढ़ी कि वहां पहुंचे युवाओं को सेक्टर 17 जाने के लिए बोल दिया गया है। टैगोर थिएटर से सेक्टर 17 तिरंगा पार्क जाते हुए युवा भारत माता की जय के नारे लगा रहे थे।

**बाहरी युवा भी पहुंचे रजिस्ट्रेशन करवाने :** युवाओं में इतना जोश है कि चंडीगढ़ से बाहर के युवा भी पहुंच गये हैं। हालांकि चंडीगढ़ प्रशासन ने उनसे रजिस्ट्रेशन न करवाने की अपील की है। उनका कहना है कि जो लोकल होंगे उनसे ही मदद ली जा सकती है बाहरी लोगों का तत्काल मौके पर पहुंचना संभव नहीं हो पाता है।

# बिरसा मुंडा समाधि स्थल का होगा सौंदर्यीकरण: मंत्री



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** नगर विकास मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू ने शनिवार को कोकर स्थित भगवान बिरसा मुंडा के समाधि स्थल का दौरा किया। उन्होंने इस ऐतिहासिक स्थल को झारखंड वासियों की आस्था, सम्मान और गौरव का प्रतीक बताया और इसके समुचित विकास की बात कही। उन्होंने कहा कि बिरसा मुंडा न सिर्फ झारखंड बल्कि पूरे देश के लिए प्रेरणास्रोत हैं। उनके स्मृति स्थल को भव्य स्वरूप देना हमारी प्राथमिकता है। मंत्री ने समाधि स्थल की साफ-सफाई, रखरखाव और सौंदर्यीकरण की स्थिति का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि इस स्थल को आधुनिक सुविधाओं से युक्त और आकर्षक बनाया जाये, ताकि यहां आने वाले लोग आत्मीयता और गर्व का अनुभव करें। दौरे के दौरान रांची नगर निगम के प्रशासक संदीप सिंह, अपर प्रशासक संजय कुमार, उप प्रशासक रविंद्र कुमार और अन्य संबंधित अधिकारी भी मंत्री के साथ मौजूद थे।

# झारखंड में खास महाल की जमीन पर लीज नवीनीकरण के मामले में उच्चस्तरीय बैठक



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड सरकार ने खास महाल की जमीन पर लीज नवीनीकरण के मामले में एक उच्च स्तरीय बैठक आयोजित की। इस बैठक में राज्य के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर, राजस्व मंत्री दीपक बिरुआ और नगर विकास मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू ने भाग लिया। बैठक में लीज नवीनीकरण के लिए भुगतान की जाने वाली सलामी राशि को घटाने, लीज भूमि को बंधक रखने का प्रावधान, और लीजधारियों के लिए लगान दर को कम करने जैसे बिंदुओं पर चर्चा हुई। मंत्रियों ने लीज नवीनीकरण के लंबित मामलों का समाधान करने और राज्य सरकार को राजस्व की प्राप्ति सुनिश्चित करने के लिए अधिकारियों को निर्देश दिया। मुख्य सचिव अलका तिवारी और भू-राजस्व सचिव चंद्रशेखर ने बताया कि खास महाल भूमि सरकार की बहुमूल्य संपत्ति है और लीज नवीनीकरण के लंबित मामलों का समाधान नहीं होने के कारण लीजधारियों को परेशानी होती है और राज्य सरकार को राजस्व की भी क्षति हो रही है। बैठक में लिये गये निर्णयों के अनुसार, लीज नवीनीकरण के मामले में उत्पन्न समस्याओं का शीघ्र निराकरण कर संकल्प तैयार किया जायेगा और मंत्रिपरिषद की स्वीकृति प्राप्त कर शीघ्र समस्या का समाधान किया जायेगा।

## बीसीआइ टाइटेनियम की बैठक



रांची (आजाद सिपाही)। शनिवार को आयोजित बीसीआइ टाइटेनियम की बैठक में सफलता के नये आयाम स्थापित किये गये। ग्रैंड विज़िटर्स डे के अवसर पर कुल 30+ विज़िटर्स शामिल हुए। यह भव्य आयोजन कोर्टयार्ड में आयोजित किया गया, जिसकी मेजबानी बीसीआइ के मेंटर किशोर मंत्री द्वारा की गयी। इस बैठक को अब तक की सबसे सफल बीसीआइ मीटिंग माना जा रहा है, जिसमें पीएसटी टीम का भी विशेष सहयोग रहा। अध्यक्ष : हिमानी गुप्ता, उपाध्यक्षः डॉ. शिप्रा शाह, सचिव : अनुज जागरवाल, कोषाध्यक्षः संतोष सोनी साथ ही, डायरेक्टर्स अजय कुमार, रमेश कुमार, एवं धीरेज ग्रोवर बैठक में उपस्थित रहे।

## सेवानिवृत्त शिक्षिका को दी गयी अंतिम विदाई



रांची (आजाद सिपाही)।सेवानिवृत्त शिक्षिका कुसुम चौहान के आकस्मिक निधन पर हरमू मुक्तिधाम में उनके अंतिम संस्कार में बड़ी संख्या में शिक्षा अधिकारी और शिक्षक प्रतिनिधि शामिल हुए। इस दौरान उनके परिवार के सदस्यों ने उन्हें अंतिम विदाई दी। अंतिम संस्कार में शामिल होने वालों में बबन कुमार सिंह, पूर्व जिला शिक्षा अधीक्षक, देवघर, अनुमंडल शिक्षा पदाधिकारी, रांची, झारखंड प्रदेश संयुक्त शिक्षक मोर्चा के प्रदेश संयोजक विजय बहादुर सिंह सहित कई प्रमुख लोग उपस्थित थे। कुसुम चौहान के निधन से शिक्षा जगत में शोक की लहर है। उनके अंतिम संस्कार में शामिल लोगों ने उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की और उनके परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की।

# डीएसपीएमयू का नाम बदल कर वीर बुधु भगत करना स्वागत योग्यः मुस्तफा अंसारी

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** सपा के प्रदेश प्रमुख महासचिव मुस्तफा अंसारी ने कहा कि डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय का नाम बदल कर वीर बुधु भगत विश्वविद्यालय करने का फैसला स्वागत योग्य। उन्होंने कहा कि नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन द्वारा कैबिनेट से प्रस्ताव पारित किये जाने पर दुर्भाग्यपूर्ण कहा है, लेकिन यह बयान देने से पूर्व भाजपा ने अपनी पार्टी के निर्णय की तरफ कभी पलट कर नहीं देखा और आदिवासी स्वतंत्रता सेनानी वीर बुधु का नाम आने पर उन्हें नागवार गुजर रहा हैं। इस बयान पर मुस्तफा अंसारी ने कहा कि भाजपा की सरकार आज उत्तर प्रदेश में दस साल का कार्यकाल चला रहा हैं और अपने कार्यकाल में उन्होंने विकास कम और नाम बदलने का सबसे ज्यादा अधिक काम किया है। देश के आजादी के बाद से जो नाम पूर्वजों द्वारा रखा था उन्हें भी इनकी पार्टी ने बदल कर अपना सिक्का चलाने का प्रयास किया है। कितने शहरों का नाम एवं अन्य जगहों का बदला गया है उन्हें इन नामों पर भी अपना स्पष्ट विचार रखने की आवश्यकता है।

# 7 दिन में लंबित काम पूरा करें, वरना होगी सख्त कार्रवाई : डीसी

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** समाहरणालय में शनिवार को उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री की अध्यक्षता में अंचल निरीक्षक और राजस्व उप निरीक्षकों की एक अहम बैठक हुई। बैठक में स्पष्ट निर्देश दिये गये कि दाखिल-खारिज, जाति प्रमाण पत्र, आवासीय प्रमाण पत्र, सीमांकन और ऑर्डर जनरेशन जैसे सभी लंबित मामलों का निपटारा 7 दिनों के भीतर कर लिया जाये।

उपायुक्त ने कहा कि आम जनता को बार-बार सरकारी दफ्तरों के चक्कर न लगाने पड़े, इसके लिए जरूरी है कि काम में न केवल रफ्तार हो, बल्कि गुणवत्ता भी सुनिश्चित की जाये।

**दलालों पर होगी सख्त कार्रवाई**

बैठक में सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों और अंचल अधिकारियों को सख्त निर्देश दिये गये कि किसी भी हालत में उनके दफ्तर में दलाल या बिचौलिये नजर नहीं आने चाहिए। यदि किसी दफ्तर में दलाल दिखायी देते हैं तो तत्काल कार्रवाई की जाये।

**शिकायत करें -नाम रहेगा गुप्त :** प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि अगर किसी को किसी भी सरकारी कार्यालय में दलाल दिखे तो वे अबुआ साथी हेल्पलाइन नंबर 9430328080 पर इसकी शिकायत कर सकते हैं। शिकायतकर्ता का नाम पूरी तरह गोपनीय रखा जायेगा।

# 'बॉर्डर पर जरूर... लेकिन डर नहीं है'

## बीकानेर के लोगों में दिखा 'ऑपरेशन सिंदूर' का जोश

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**बीकानेर।** बीकानेर के लोगों ने भारतीय सेना के साहसिक कदम की सराहना करते हुए कहा कि भारत अब हर आतंकी कार्रवाई का माकूल जवाब देने में सक्षम है। आम नागरिकों ने पाकिस्तान के खिलाफ कड़ी प्रतिक्रिया का समर्थन करते हुए कहा कि अब समय आ गया है कि पाकिस्तान को उसके हर कदम का कड़ा प्रतिकार मिले। पहलगाम हमले के बाद भारत की ओर से पाकिस्तान पर की गई एयर स्ट्राइक 'ऑपरेशन सिंदूर' ने बीकानेर के साथ-साथ पूरे देश में गर्व का माहौल बना दिया। वहीं, बीती रात बौखलाये पाकिस्तान की ओर से छोड़े गये मिसाइल और ड्रोन के हर हमले को जिस तरह भारतीय सेना ने विफल कर दिया, उससे बीकानेर वासियों में एक अलग ही जोश भर दिया है। आम नागरिकों से लेकर बुद्धिजीवी वर्ग तक ने भारतीय सेना के इस कदम की प्रशंसा करते हुए कहा है कि अब भारत बदल चुका है और हर नापाक हरकत का माकूल जवाब देने में सक्षम है।

**ढंग से पाकिस्तान दो दिन भी युद्ध नहीं कर सकता :** शहर के जिला कलेक्ट्रेट के पास चाय की दुकान चलाने वाले सुरेंद्र सिंह सारोठिया ने कहा कि पाकिस्तान की तरफ से लगातार हो रही आतंकी हरकतों का जवाब देना बेहद जरूरी था। उन्होंने भारतीय सेना की कार्रवाई को सही ठहराते हुए कहा कि अब समय आ गया है, जब पाकिस्तान को उसके किये का करारा जवाब दिया जाये। भारत से पाकिस्तान दो दिन भी युद्ध नहीं कर सकता। दो दिन युद्ध चले तो तीसरे पाकिस्तान का वजूद खत्म हो जायेगा और पूरा पाकिस्तान अखंड भारत बन जायेगा।

**अब भारत पहले जैसा नहीं रहा**

वहीं, फर्स्ट ग्रेड टीचर की तैयारी कर रहे सुमित व्यास ने कहा कि भले ही सीमा पर तनाव है, लेकिन देश का बदला हुआ रवैया देखकर खुशी होती है। उन्होंने कहा कि अब भारत पहले जैसा नहीं रहा, अब हर हमला बर्दाश्त नहीं किया जायेगा और मुंहतोड़ जवाब मिलेगा। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व की भी सराहना की और कहा कि पूरा देश उनके साथ है।

**अफवाहों से सावधान रहने की अपील :** इतिहासकार जय नारायण बिस्सा ने बताया कि बीकानेर एक सरहदी इलाका है और पाकिस्तान यहां दो बार हमले की कोशिश कर चुका है।

**AFFIDAVIT**

As per Affidavit Ref. No. 21 date 07.05.2025, I, RAYYAN MOHSIN, S/o Mohammad Alam Mohseen, Date of Birth 05/03/2007, By Faith Muslim, By Occupation Student, Resident of Flat No. 202/B, 2nd Floor, Sheetal Samundra Apartment, Lohar Kulhi Road, Near Bombay Sweets, Saraidhela, P.O.& P.S. Saraidhela, Dhanbad, Jharkhand 828127. do hereby solemnly affirm as under.
1. That, I was known as MOHAMMAD RAYAN MOHSEEN but my name has been changed and I am now known as RAYYAN MOHSIN.
2. That, MOHAMMAD RAYAN MOHSEEN and RAYYAN MOHSIN is same and one only person's name i.e. myself.
3. That, all the statements made above are true to the best of my knowledge and belief and nothing has been concealed in it.
4. That, I am swearing this affidavit to file it before the authority concern for needful purpose.

आजाद सिपाही
रांची, रविवार, 11 मई, 2025
www.azadsipahi.in


# पाकिस्तान की पोल खुली

आतंकवादियों को पालना-पोसना और उनके जरिये छद्म युद्ध लड़ना पाकिस्तान की पुरानी आदत रही है, लेकिन इस बार वह जिस तरह आम लोगों का इस्तेमाल ढाल की तरह कर रहा है, वह निंदनीय होने के साथ-साथ चिंताजनक भी है। इससे उसकी हताशा झलकती है।

**हालात बिगाड़ने की कोशिश :** युद्ध जैसी स्थितियों के बावजूद अपने एयरस्पेस को बंद न करना और बॉर्डर के पास अंतरराष्ट्रीय उड़ानें जारी रखना बताता है कि पाकिस्तान जानबूझकर हालात और खराब करना चाहता है। वह हर मुमकिन कोशिश कर रहा है, जिससे भारत की आतंकवाद के खिलाफ जंग बड़े युद्ध में बदल जाये और उसे दुष्प्रचार का मौका मिले। भारत ने अगर जिम्मेदारी न दिखाई होती, तो बात अब तक पूरी तरह बिगड़ चुकी होती। दोनों देशों से शांति की अपील करने वाले वैश्विक समुदाय को पाकिस्तान की इन हरकतों को भी देखना चाहिए।

**जवाब मिल गया :** इस्लामाबाद के सारे कदम अंतरराष्ट्रीय नियम-कायदों के उलट हैं। वह खास धार्मिक इमारतों को लक्ष्य कर गोलाबारी कर रहा है, ताकि भारत में सांप्रदायिक तनाव पैदा कर सके। लेकिन, पूरा देश एकजुट है और सेना के साथ खड़ा है। भारतीय सेना ने भी जवाबी एक्शन में बहुत ही संयम से काम लिया है। बार-बार उकसाए जाने के बावजूद सेना ने केवल लक्षित हमले किए हैं। साथ ही, वह पाकिस्तानी दुष्प्रचार की भी पोल खोल रही है।

**पहलगाम हमले से पाकिस्तान ने कोई भी संबंध होने से इनकार किया था, लेकिन ऑपरेशन सिंदूर के बाद हर बीतते दिन के साथ उसका यह झूठ बेनकाब हो रहा है। सांबा में घुसपैठ का प्रयास करते 7 आतंकियों को भारतीय जवानों ने मार गिराया।**

**आतंकी प्रयास नाकाम :** पहलगाम हमले से पाकिस्तान ने कोई भी संबंध होने से इनकार किया था, लेकिन ऑपरेशन सिंदूर के बाद हर बीतते दिन के साथ उसका यह झूठ बेनकाब हो रहा है। सांबा में घुसपैठ का प्रयास करते सात आतंकियों को भारतीय जवानों ने मार गिराया। यानी अभी भी पाकिस्तान आतंकियों के सहारे भारत में अस्थिरता फैलाने की कोशिश में लगा है। भारतीय विदेश मंत्रालय ने भी बताया था कि सेना ने जिन आतंकी ठिकानों को ध्वस्त किया, वहां से और हमलों की साजिश चल रही थी।

**मदद काटी जाये :** पाकिस्तान के पास विकल्प बहुत ज्यादा नहीं हैं। उसकी अर्थव्यवस्था इस संघर्ष को लंबा नहीं झेल पायेगी, युद्ध को तो वह भूल ही जाये। इसके बाद भी अगर वह दुस्साहस करने की सोच रहा है, तो यह जरूरी हो जाता है कि उस तक पहुंचने वाली मदद को भी रोका जाये। भारत के विरोध के बाद भी आइएमएफ से राहत पैकेज दे दिया है। दुनिया को समझना चाहिए कि पाकिस्तान को मिलने वाली मदद आखिरकार आतंक फैलाने में ही इस्तेमाल होगी।

अभिमत
आजाद सिपाही

**फरवरी 1999 में भी पाक सैनिकों ने हमारे रणनीतिक क्षेत्र पर गुपचुप कब्जा कर लिया था। 3 मई 1999 को स्थानीय चरवाहों से भारतीय सेना को जानकारी मिल गयी थी। उसके बाद मेजर सौरभ कालिया के नेतृत्व में गये भारतीय गश्ती दल पर घात लगा कर हमला किया गया। 25 मई 1999 को वायुसेना और जमीनी सैनिकों को संयुक्त रूप से कार्रवाई का काम सौंपा गया। यानी तैयारी में 20 दिन से ज्यादा का समय लगा था। मगर अब वह समय नहीं है। भारतीय सेना हर दम तैयार रहती है।**

# अब हरदम तैयार रहती है भारतीय सेना

अकु श्रीवास्तव



**20 फरवरी 1999 को तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने लाहौर की यात्रा कर दोनों देशों के बीच विश्वास बहाल करने की कोशिश की मगर दूसरी ओर पाकिस्तान ने कारगिल की चोटियों पर गुपचुप कब्जा कर विश्वासघात किया। कारगिल युद्ध हुआ और पाकिस्तानियों को पीठ दिखा कर भागना पड़ा।**

हमारी शस्त्र सेनाओं ने मंगलवार और बुधवार मध्यरात्रि 1:05 से 1:30 बजे के बीच मात्र 25 मिनट से भी कम समय में पाकिस्तान में पल रहे आतंकवादियों के 9 ठिकानों को नेस्तनाबूद कर दिया। 'आपरेशन सिंदूर' के तहत 24 मिसाइलें दागी गयीं और सभी अपने लक्ष्य पर गिरीं। इन 9 ठिकानों में 5 पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में थे और 4 पाकिस्तान में। पाकिस्तान में घुस कर पहल करने का यह पहला मामला था। इन अड्डों पर आतंकवादियों की भर्ती हो रही थी और उन्हें प्रशिक्षण दिया जा रहा था। इससे पहले मंगलवार शाम तक सब कुछ सामान्य-सा लग रहा था। पाकिस्तान की सेना अवश्य ही इस भुलावे में रही होगी कि भारतीय सेना कोई भी कदम उठाने से पहले तैयारी के लिए समय लेगी। अभी तो भारत में मॉक ड्रिल चल रहा है। हो सकता है कि किसी ने इसे रूस की क्रांति की तारीख 9 मई से भी जोड़ लिया हो। यूं 1971 की जंग से पहले भी सेना ने कई महीने तैयारी की थी, तब भी तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की सेना को हरी झंडी के बाद सेना प्रमुख जनरल मानेक शॉ ने कहा था-युद्ध की तारीख भी सेना तय करेगी और जगह भी। हुआ भी यही। फरवरी 1999 में भी पाक सैनिकों ने हमारे रणनीतिक क्षेत्र पर गुपचुप कब्जा कर लिया था। 3 मई 1999 को स्थानीय चरवाहों से भारतीय सेना को जानकारी मिल गयी थी। उसके बाद मेजर सौरभ कालिया के नेतृत्व में गये भारतीय गश्ती दल पर घात लगा कर हमला किया गया। 25 मई 1999 को वायुसेना और जमीनी सैनिकों को संयुक्त रूप से कार्रवाई का काम सौंपा गया। यानी तैयारी में 20 दिन से ज्यादा का समय लगा था।

**हर समय आलोचना करने के आदी ओवैसी भी पाकिस्तान मुर्दाबाद के साथ सेना के साथ खड़े हैं।**

मगर अब वह समय नहीं है। भारतीय सेना हर दम तैयार रहती है। 14 फरवरी 2019 को हुए पुलवामा हमले के 12 दिन बाद ही 26 फरवरी 2019 को भारतीय वायुसेना ने जैश-ए-मोहम्मद के आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया था। उसी तरह इस बार भी करीब 2 सप्ताह में पाकिस्तान के आतंकवादियों की ओर से पहलगाम में हुई हरकत का सबक सिखाया गया। उससे पहले सारे कूटनीतिक उपायों पर काम जारी था।

हमले के बाद राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार बोर्ड की बैठक बुलायी गयी। सर्वदलीय बैठक की गयी। दुनिया के सभी प्रमुख नेताओं से वार्ता का दौरा चलता रहा। तीनों सेनाओं के कमांडरों के साथ बैठक हुई। सेना को खुली छूट दी गयी और नतीजा पूरी दुनिया देख रही है। आतंकियों के ठिकाने तबाह हो चुके हैं। पाकिस्तान शर्मिंदगी ढोने को मजबूर है। पाकिस्तान में जिन आतंकवादी ठिकानों को निशाना बनाया गया, उनका निर्माण पिछले 3 दशकों से हो रहा था। इनमें आतंकवादियों को भर्ती करने, प्रशिक्षण देने और फिर उन्हें भारत में लांच करने का काम किया जा रहा था। ये ठिकाने पाकिस्तान के पंजाब प्रांत से लेकर पाक अधिकृत कश्मीर तक फैले थे। इनमें कई जैश के ठिकाने थे। सबसे बड़ा सवाल यह है कि पाकिस्तान को बार-बार सबक सिखाने की जरूरत क्यों पड़ रही है? 1971 में उसे सबसे बड़ी हार मिली थी। पाकिस्तान के दो टुकड़े हुए, उसके 90 हजार से ज्यादा सैनिकों ने आत्मसमर्पण किया। इसके बावजूद वह अपनी हरकतों से बाज नहीं आया। पंजाब में आतंकवाद को खड़ा करने में मुख्य भूमिका निभाता रहा। उसके बाद उसने कश्मीर में भी वही खेल शुरू किया।

20 फरवरी 1999 को तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने लाहौर की यात्रा कर दोनों देशों के बीच विश्वास बहाल करने की कोशिश की मगर दूसरी ओर पाकिस्तान ने कारगिल की चोटियों पर गुपचुप कब्जा कर विश्वासघात किया। कारगिल युद्ध हुआ और पाकिस्तानियों को पीठ दिखा कर भागना पड़ा। 2008 के मुंबई हमले के बाद लग रहा था कि पाकिस्तान पूरी दुनिया में अलग-थलग पड़ गया है। मगर 25 दिसंबर 2015 में उससे फिर से रिश्ते सामान्य बनाने की कोशिश की गयी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी स्वयं विशेष विमान से लाहौर गये, लेकिन पाक सुधरा नहीं। उसने 9 दिन बाद पठानकोट एयरबेस पर आतंकवादी हमला कराया। विश्वासघात का यह एक और अध्याय था। ये हमले यहीं नहीं रुके, उसके बाद उरी और पुलवामा भी हुआ। पुलवामा के बाद सबक सिखाया गया मगर वह सुधरा नहीं और बात पहलगाम तक आ गयी। पाकिस्तान की राजनीति वहां की सेना के चारों ओर घूमती है। उनके सेनानायक भ्रष्ट और तानाशाह रवैये के लिए जाने जाते हैं। 1956 में रक्षा सचिव इस्कंदर मिर्जा राष्ट्रपति बने और उन्होंने पाकिस्तान की कमान सेना को सौंपी। अगले 2 साल में पाकिस्तान में 4 प्रधानमंत्री बदले गये।

जनरल अयूब खान ने पाकिस्तान में सैन्य शासन लागू किया और सबसे पहले इस्कंदर मिर्जा को देश से निष्काषित किया। अयूब खान के बाद पाक जनरलों की तानाशाही की सूची में जिया उलहक और जनरल परवेज मुशर्रफ का नाम आता है। इन सबको राष्ट्र प्रमुख बनने का शौक चढ़ा रहता है। शायद अब पाकिस्तान का जनरल आसिम मुनीर भी कुछ वैसे ही सपने देख रहा है। वह मुशर्रफ और जिया की राह पर है। पाकिस्तान के नेताओं और जनता को इस खतरे को समझना चाहिए कि उसे भारत से नहीं, अपनी सेना से खतरा है। वैसे भी एनएसए अजीत डोभाल ने बहुत स्पष्ट कर दिया है कि हमारा तनाव बढ़ाने का अब इरादा नहीं है और सेना ने भी सीमा पर सफेद झंडा लगा इस तरीके का संकेत दे दिया है, लेकिन हमें पूरी तरह से तैयार रहना होगा। कारण पाकिस्तान की सेना अपनी जनता में जोश भरना चाहती है, वह भी उस हालत में जब पाक जनता का सेना से विश्वास उठ चुका है। वहां की जनता वर्दी की गुंडागर्दी से तंग आ चुकी है। इस बार भारत और भारत की जनता एकजुट नजर आ रही है। कहीं कोई अगर-मगर अभी नहीं है। विपक्ष के नेता भी सेना का मनोबल उठाते दिखते हैं और हर समय आलोचना करने के आदी ओवैसी भी पाकिस्तान मुर्दाबाद के साथ सेना के साथ खड़े हैं। देश एक है। भारत माता की जय हो, जय हिंद।

## कोल्हान की खबरें

# राष्ट्रीय लोक अदालत आर्थिक रूप से कमजोर को न्याय दिलाने में कारगर : प्रधान जिला सत्र न्यायाधीश

## वैकल्पिक न्याय व्यवस्था में लोक अदालत एक महत्वपूर्ण कड़ी : राजेश शुक्ल

**राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल 2,54,348 केसों का निष्पादन**

**21,31,84,371 रुपये रिकॉर्ड राजस्व की प्राप्ति हुई**

आजाद सिपाही संवाददाता




**जमशेदपुर।** जमशेदपुर जिला व्यवहार न्यायालय में जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। यह आयोजन व्यवहार न्यायालय के जिला लोक अदालत सभागार में सफलता पूर्वक संपन्न हुई। शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल 2,54,348 केसों का निष्पादन हुआ, जबकि 21,31,84,371 रुपये का रिकॉर्ड राजस्व की प्राप्ति हुई। राष्ट्रीय लोक अदालत का उद्घाटन पूर्वी सिंहभूम के प्रधान जिला और सत्र न्यायाधीश अरविंद कुमार पांडेय, झारखंड स्टेट बार काउंसिल के वाइस चेयरमैन राजेश कुमार शुक्ल, पूर्वी सिंहभूम के ग्रामीण आरक्षी अधीक्षक ऋषभ गर्ग, जिला परिवार न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश अजित कुमार सिंह, श्रम न्यायालय के न्यायाधीश टी हसन, जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष रतिन दास, सचिव कुमार राजेश रंजन और डालसा के सचिव धर्मेंद्र कुमार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इसके पूर्व राष्ट्रीय लोक अदालत का पूरे झारखंड में लोहरदगा से झारखंड उच्च न्यायालय के न्यायाधीश और झालसा के कार्यकारी अध्यक्ष न्यायमूर्ति सुजीत नारायण प्रसाद और झारखंड उच्च न्यायालय की न्यायाधीश न्यायमूर्ति श्रीमती अनुभा रावत चौधरी ने दूरस्थ दृष्ट संचार माध्यम से शुभारंभ किया।

इस अवसर पर जमशेदपुर में पूर्वी सिंहभूम के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष अरविंद कुमार पांडेय ने कहा आज अर्थिक रूप से कमजोर लोंगो को न्याय दिलाने में लोक अदालत एक सशक्त माध्यम बन गया है। आपसी मेल और समझौते से उन्हें न्याय सुलभ हो रहा है। इस अवसर पर संबोधित करते हुए झारखंड स्टेट बार काउंसिल के वाइस चेयरमैन और वरिष्ठ अधिवक्ता राजेश कुमार शुक्ल ने कहा कि न्याय व्यवस्था में आर्थिक रूप से कमजोर लोंगो के मन में कुछ मिथक थे जो अब समाप्त हो गया है, उनके सपने राष्ट्रीय लोक अदालत पूरा कर रहा है।

श्री शुक्ल ने नालसा, झालसा, डालसा की सराहना करते हुए कहा वैकल्पिक न्याय व्यवस्था में लोक अदालत एक महत्त्वपूर्ण कड़ी है और लोक अदालत भारतीय न्याय प्रणाली की उस पुरानी व्यवस्था को स्थापित करता है , जो प्राचीन भारत मे प्रचलित थी इसकी वैधता आधुनिक दिनों में भी प्रासंगिक है।

वहीं पूर्वी सिंहभूम के ग्रामीण एसपी ऋषभ गर्ग ने कहा लोक अदालत की आज बड़ी आवश्यकता है। इससे समाज में सद्भावना और अपनापन का मार्ग प्रशस्त होता है। इस अवसर पर सभी न्यायिक अधिकारी, काफी संख्या में अधिवक्ता, पक्षकार, सरकारी उद्यम और बैंक के अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में धन्यवाद ज्ञापन जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव धर्मेंद्र कुमार ने की। राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने में कोर्ट स्टाप,डालसा स्टाप व पीएलवी की सार्थक भूमिका रही। राष्ट्रीय लोक अदालत में जमशेदपुर जिला व्यवहार न्यायालय में कुल 12 बेंच और घाटशिला अनुमंडल न्यायालय में कुल तीन बेंच गठित की गयी थी।

## टाटा मोटर्स वर्कर्स यूनियन ने ब्लड बैंक के कार्यों को सराहा

# 55 लोगों को किया गया सम्मानित



आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर ब्लड बैंक में टाटा मोटर्स वर्कर्स यूनियन के द्वारा रक्तदान में सहयोग करने वाले ब्लड बैंक के सभी कर्मियों को सम्मानित किया गया। यूनियन के द्वारा ब्लड बैंक के सभागार में आयोजित स्वागत समारोह में अध्यक्ष शशि भूषण प्रसाद, महामंत्री आरके सिंह, डीजीएम, ईआर केशवमणी , डीजीएम सीएसआर एवं वेल्फेयर एलेन जोसेफ , जमशेदपुर ब्लड बैंक की चेयरमैन श्रीमती रूचि नरेंद्रन , सचिव नलिनी राममूर्ति, सह सचिव रॉबिन दुग्गल, महाप्रबंधक संजय चौधरी समेत अन्य मौजूद रहे। सम्मान सह स्वागत कार्यक्रम में ब्लड बैंक के द्वारा यूनियन के अध्यक्ष शशि भूषण प्रसाद, महामंत्री आरके सिंह, डीजीएम केशवमणी , एलन जोसेफ आदि का फूलों का गुलदस्ता भेंटकर स्वागत किया गया। वहीं यूनियन के तरफ से श्रीमती रुचि नरेंद्रन, नलिनी राममूर्ति, रॉबिन दुग्गल, संजय चौधरी, ब्लड बैंक के डॉक्टरों, पारा मेडिकल स्टॉप, सहायकों समेत गार्ड तक को जीवन रक्षा के लिए स्मृति चिन्ह एवं उपहार देकर सम्मानित किया गया। महामंत्री आरके सिंह ने कहा जमशेदपुर ब्लड बैंक का कार्य न सिर्फ प्रशंसनीय है बल्कि काबिले तारीफ है। जीवन के लिए रक्त की जरूरत को पूरा करने में रुचि नरेंद्रन और उनकी पूरी टीम जिस लगन और सेवाभाव से टाटा साहब के सोच के अनुरूप सेवा दे रही है वह काबिले तारीफ है।उन्होंने ब्लड बैंक की पूरी टीम के यूनियन की ओर आभार व्यक्त की। रुचि नरेंद्रन ने कहा टाटा मोटर्स कंपनी एवं यूनियन रक्तदान के क्षेत्र में जिस रूप में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेती है वह औरों के लिए सीख है। गौरतलब हो इतिहास में पहली बार किसी संस्था द्वारा जमशेदपुर ब्लड बैंक के कार्यों को महत्वपूर्ण मानते हुए कुछ 55 कर्मचारियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन प्रकाश विश्वकर्मा एवं धन्यवाद ज्ञापन एच एस सैनी ने की।

# पुलिस अधीक्षक ने सब इंस्पेक्टर अनीता सोरेन और आरक्षी भीम सागर मुर्मू को किया सस्पेंड

आजाद सिपाही संवाददाता





**आदित्यपुर।** बीते दिनों आदित्यपुर थाना के एक कमरे में 55 वर्षीय व्यक्ति अनिल महतो द्वारा आत्महत्या किए जाने के मामले में पुलिस अधीक्षक मुकेश कुमार लुनायत ने दोषी पाये गये पुलिस पदाधिकारी पर कार्रवाई करते हुए सस्पेंड कर दिया है। मृतक अनिल महतो की आत्महत्या के बाद परिजनों ने आदित्यपुर थाना परिसर में जम कर बवाल भी काटा था। परिजनों द्वारा आत्महत्या के मामले में दोषी पदाधिकारी पर कार्रवाई करने की मांग रखी थी। पुलिस अधीक्षक मुकेश लुनायत ने आदित्यपुर थाना में पदस्थापित महिला सब इंस्पेक्टर अनीता सोरेन एवं आरक्षी भीम सागर मुर्मु को सस्पेंड कर दिया है। एसपी के निर्देश पर सरायकेला एसडीपीओ समीर कुमार सेवईया ने सस्पेंशन की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि प्रथम दृष्टि में जांच अधिकारी अनीता सोरेन और आरक्षी भीम सागर मुर्मु की लापरवाही उजागर हुई है, जिसके बाद यह कार्रवाई की गई है। फिलहाल इसकी जांच के लिए मजिस्ट्रेट कुमार अरविंद बेदिया की देखरेख में एक मेडिकल बोर्ड का गठन किया गया है।

# आदिम जनजाति समूह की महिलाओं के लिए आर्थिक सशक्तिकरण पर दिया बल

आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान एवं पी.एम. जन.मन योजना के अंतर्गत पूर्वी सिंहभूम जिले के गोलमुरी सह जुगसलाई प्रखंड के जनजातीय बहुल क्षेत्रों में महिलाओं के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने का प्रयास किया जा रहा है। इस पहल का मुख्य उद्देश्य विशेष रूप से आदिम जनजाति (सबर) की महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना तथा उन्हें महिला स्वयं सहायता समूहों से जोड़कर आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में सशक्त करना है। इस अभियान के तहत ग्राम पंचायत बेको, दलदली, हुरलुंग, पलाशबनी और देवघर में कुल 9 स्वयं सहायता समूह बनाए गए हैं, जिनमें 71 सबर महिलाएं शामिल हैं। ये समूह अब न केवल इन महिलाओं को रोजगार के अवसर प्रदान कर रहे हैं, बल्कि उनके आत्मसम्मान और सामाजिक स्थिति को भी सुदृढ़ कर रहे हैं। इस सफलता की कहानी के पीछे कई सरकारी योजनाओं का समन्वित योगदान है। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन इस योजना के तहत महिलाओं को समूहों में संगठित कर प्रशिक्षण, ऋण सुविधा, उद्यमिता विकास और बाजार से जोड़ने की व्यवस्था की जाती है। इससे महिलाएं घरेलू कामकाज से बाहर निकलकर स्वरोजगार की दिशा में अग्रसर हो रही हैं। प्रधानमंत्री जनजातीय न्याय महाअभियान में विशेष रूप से पीवीटीजी समुदायों के समग्र विकास के लिए प्रारंभ की गयी। यह योजना शिक्षा, स्वास्थ्य, आवास, पेयजल, आजीविका और सामाजिक सुरक्षा को एकीकृत रूप से प्रदान करती है। एसएचजी का गठन इसी योजना के अंतर्गत एक प्रमुख कदम है। इन योजनाओं के समन्वित प्रयास से आज 71 महिलाएं विभिन्न स्वरोजगार जैसे सब्जी उत्पादन, बकरी पालन की क्षेत्रों में सक्रिय होकर न केवल अपने परिवार की आर्थिक स्थिति सुधार रही हैं, बल्कि अन्य महिलाओं को भी प्रेरित कर रही हैं।

# भारतीय सेना की वीरता को पूरा देश नमन करता है: अभाविप

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**गढ़वा।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के जिला संयोजक शुभम तिवारी ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि भारतीय सेना की वीरता को पूरा देश नमन करता है। भारत की ताकत पूरी दुनिया देख रही है। जिस तरह हमारे देशवासियों पर हमला किया गया, वह निंदनीय था। परंतु अब उसी का प्रतिशोध हमारी सेना ले रही है। ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान में पनपती और पलती आतकी इरादों पर लगातार प्रहार आतंकवाद के अंत का संकेत है। पाकिस्तान द्वारा आतंकियों का खुलेआम समर्थन उसके अस्तित्व पर भी संकट का कारण बन चुका है। हमारी सेना उनके हर ठिकानों को ध्वत कर अपने कार्य कुशलता और वीरता का परिचय दे रही है। पड़ोसी देश की हरकतों पर लगाम लगाने के लिए भारतीय सेना की इस बार आतंकवाद से ये लड़ायी अंतिम और निर्णायक होगी। ऐसी परिस्थिति में हमारे देश के आम नागरिक हर भारतीय सेना और अर्द्ध सैनिक बल के जवानों से अपेक्षा बढ़ गयी है। ऑपरेशन सिंदूर अभियान में भारतीय सेना ने जिस सटीकता, साहस और धैर्य का परिचय दिया है, वह सराहनीय है। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद सरकार और सेना, दोनों को इस सशक्त कार्रवाई के लिए अभिनंदन करती है।

# एसडीएम ने शराब बेचने और अड्डेबाजी कर पीने वालों के विरुद्ध चलाया अभियान

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**गढ़वा।** शनिवार शाम एसडीएम संजय कुमार ने अवैध देशी शराब बेचने और अड्डेबाजी कर पीने वालों के विरुद्ध औचक छापेमारी अभियान चलाया। उन्होंने गढ़वा रेलवे स्टेशन, मेढ़ना कला, बबेलचंपा, चेतना उरसुगी आदि इलाकों में गुमटियों में बिक रही अवैध शराब की सूचनाओं के आलोक में छापेमारी की। इस दौरान ज्यादातर स्थलों पर शराब बिकने की पुष्टि हुई, हालांकि पीने और पिलाने वाले लोग एसडीएम की गाड़ी देखकर भाग खड़े हुए। छापेमारी में मिली शराब की बोतलों, गैलन एवं अन्य कंटेनरों में भरी हुई शराब को मौके पर बहाकर विनष्ट कर दिया, साथ ही लोगों को स्पष्ट चेतावनी दी कि इस प्रकार से खुलेआम सड़क किनारे बैठाकर अवैध शराब पिलाना, अड्डेबाजी करना और करवाना दंडनीय हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि दोबारा निरीक्षण के दौरान अवैध रूप से इन गुमटियों में शराब पीने पिलाने के मामले संज्ञान में आएंगे तो ऐसी गुमटियों को विधि व्यवस्था के लिए खतरनाक मानते हुए ध्वस्त भी किया जा सकता है। उन्होंने आधा दर्जन ऐसे अड्डों पर औचक छापेमारी की। नशाबाजी कर रहे लोगों ने अचानक एसडीएम को अपने सामने देखा तो कुछ देर के लिए भगदड़ मच गयी, बेचने वालों के बीच हड़कंप मच गया और वहां से दौड़ गये।

उन्होंने कहा कि उत्पाद विभाग, सभी अंचल अधिकारियों और थाना प्रभारियों को भी निर्देश दिया जा रहा है कि वे शाम को चौक चौराहों एवं हाईवे किनारे की अवैध गुमटियों में जो अराजक तत्वों का जमावड़ा लगाकर शराब बेचने और पिलाने का काम किया जाता है उन पर निगरानी रखें, क्योंकि ये अड्डे विधि व्यवस्था की दृष्टिकोण से परेशानी का सबब बनते हैं।


# मोबाइल हैक कर 1.32 लाख की ठगी, थाने में की शिकायत

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भवनाथपुर।** थाना क्षेत्र के चपरी गांव निवासी जितेंद्र कुमार ने साइबर ठगी का शिकार होने की शिकायत स्थानीय थाना में दर्ज करायी है। उन्होंने अपने आवेदन में बताया है कि छह मई को करीब चार बजे दिन में उन्होंने गलती से किसी अन्य व्यक्ति के फोनपे नंबर पर एक हजार रुपये भेज दिये। इसके बाद उन्होंने पैसे वापस पाने के लिए पंजाब नेशनल बैंक शाखा में संपर्क किया, जहां स्टाफ ने उन्हें फोनपे कस्टमर केयर से बात करने की सलाह दी। इसके बाद जितेंद्र ने कस्टमर केयर नंबर 8658480247 पर कॉल किया, लेकिन फोन नहीं उठा। कुछ समय बाद शाम को उन्हें एक अन्य नंबर 8649877239 से कॉल आया। कॉल करने वाले व्यक्ति ने खुद को फोनपे प्रतिनिधि बताते हुए कहा कि वह एक लिंक भेज रहा है, जिसे क्लिक करने पर पैसे वापस मिल जायेंगे। लगभग 10 मिनट बाद जब मोबाइल चालू हुआ, तब तक उनके चार बैंक खातों से कुल 1,32,000 रुपये गायब हो चुके थे। जितेंद्र ने बताया कि उनके बैंक खाता संख्या 2653000100052251 से 49,000 रुपये, दूसरे खाते से 2653009000000025 से 25,000 रुपये, झारखंड ग्रामीण बैंक खाता संख्या 84005219369 से 10,000 रुपये एवं इंडियन बैंक खाता संख्या 7697458401 से 48,000 रुपये की निकासी कर ली गयी। पीड़ित ने थाने में आवेदन देकर पूरे मामले की जांच कर दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने पीड़ित का आवेदन प्राप्त कर मामले की जांच कर रही है।

# किचेन शेड मरम्मत में गड़बड़ी, बीडीओ ने जतायी नाराजगी

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**कांडी/गढ़वा।** प्रखंड क्षेत्र के स्कूलों में प्रधानमंत्री पोषण योजना के तहत किचेन शेड की मरम्मति योजना में भारी अनियमितता सामने आयी है। कागज पर कार्य पूर्ण दिखा दिया गया, जबकि जमीनी हकीकत कुछ और ही है। राजकीय प्राथमिक विद्यालय मंडरा निस्फ और उमवि अधौरा जैसे कई विद्यालयों में किचेन शेड की हालत दयनीय है। मंडरा स्कूल में तो मरम्मति का कार्य शुरू ही नहीं हुआ, बावजूद इसके रिपोर्ट में इसे पूर्ण बता दिया गया। प्रधानाध्यापक शमशाद आलम ने लिखित तौर पर बताया कि उन्होंने अपने निजी खर्च से सिर्फ पोताई करायी है। वहीं उमवि अधौरा, मवि सोहगाड़ा और मवि राणाडीह में भी कार्य अधूरा है। बता दें कि कांडी प्रखंड के 33 विद्यालयों में इस योजना के तहत 17 लाख 22 हजार 626 रुपये स्वीकृत किये गये थे। शिक्षा विभाग को सौंपी गयी प्रोग्रेस रिपोर्ट के अनुसार, 32 स्कूलों में मरम्मति कार्य पूर्ण होने की बात कही गयी और 16 लाख 73 हजार 021 रुपये की मापी पुस्तिका बनायी गयी। नवप्राथमिक विद्यालय चौकड़ी का कार्य प्रगति पर बताया गया, जिसकी मापी अभी नहीं हुई है। इस संबंध में बीडीओ राकेश सहाय द्वारा वस्तुस्थिति जानने के बाद नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि यह बड़े ही शर्म की बात है। इस तरह का काम अब बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। सभी कार्यों को हर हाल में पूरा करना होगा।

# बीएनटी संत मैरी स्कूल में मदर्स डे के अवसर पर कई कार्यक्रम का आयोजन

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**गढ़वा।** स्थानीय बीएनटी संत मैरी स्कूल में मदर्स डे के उपलक्ष में विद्यार्थियों के संपूर्ण भावनात्मक, मानसिक एवं नैतिक विकास के लिए विभिन्न गतिविधियों का सफल आयोजन किया गया।मां के प्रति प्रेम, सम्मान और कृतज्ञता व्यक्त करने के लिए भारत समेत कई देशों में हर साल मई के दूसरे रविवार को मदर्स डे मनाया जाता है। इसी कड़ी में विद्यालय के कक्षा एलजी से कक्षा दूसरी तक के छात्र-छात्राओं ने अपने अपने माता के पारंपरिक परिधान में सज-धज कर रोल प्ले के साथ-साथ अपने मां से सीखी हुई पांच अच्छी सीख को शिक्षिकाओं के समक्ष प्रस्तुत किया। नन्हें-मुन्हें बालक एवं बालिकाओं की मां के गीतों पर नृत्य प्रस्तुति किसी झांकी से कम नहीं लग रही थी। इनके इंग्लिश स्पीच कंपटीशन के शीर्षक के रूप में 'व्हाट माई मदर मीन टू मी अथवा माई मदर इज माई हीरो रखा गया था। मातृत्व दिवस के अवसर पर विद्यार्थियों ने एक निश्चित समय अवधि में आर्ट एंड क्राफ्ट प्रतियोगिता में रोमांचकारी तरीके से भाग लिया, जहां विद्यार्थियों के द्वारा अपने शिक्षक समूह के बीच आर्ट एंड क्राफ्ट बनाने के साथ-साथ पृष्ठ पर मातृत्व प्रेम को लेकर अंग्रेजी भाषा में थैंक यू नोटिस भी लिखा गया। कार्यक्रम समाप्ति के अवसर पर उन्होंने कहा कि विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को उत्कृष्ट सहभागिता प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया जायेगा। उपरोक्त सभी गतिविधियों का सफलतापूर्वक समन्वय सीसीए इंचार्ज रूपम दुबे और उप प्रधानाचार्य संजीव रंजन तिवारी के द्वारा किया गया। जिसमें रुकमणी द्विवेदी, शुभ्रा पांडे, अभिषेक कुमार, जागृति तिवारी, अनुप्रिया पाठक, इशिका दुबे, हर्षित सोनी, सुमन तिवारी नगमा फिरदौस, विनीत पांडे, पूजा सिन्हा, निधी ठाकुर इत्यादि सभी शिक्षक शिक्षिकाओं की सराहनीय भूमिका रही।

# कांडी में प्रखंड स्तरीय कैरम प्रतियोगिता संपन्न, विजेता खिलाड़ियों को मिला सम्मान

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**कांडी।** प्रखंड संसाधन केंद्र कांडी में प्रखण्ड स्तरीय कैरम प्रतियोगिता काआयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में माध्यमिक स्तर के छात्र व छात्राएं भाग लिए.इस प्रतियोगिता में एकल और युगल वर्ग में 17 एवं 19 वर्ष के बालक और बालिका हिस्सा लिये। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बीपीओ विरेन्द्र प्रसाद ने सभी वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त किये बच्चों को प्रमाण पत्र प्रदान किये। 17 वर्ष बालिका ग्रुप में स्तरोन्नत हाई स्कूल बलियारी की आरुषि कुमारी, बालक वर्ग में हाई स्कूल हरिहरपुर के शुभम कुमार, 19 वर्ष बालिका ग्रुप में जमा दो हाई स्कूल कांडी की शाहीन परवीन, बालक वर्ग में हाई स्कूल खरौंधा के नीतीश कुमार, 17 वर्ष बालिका वर्ग युगल श्रेणी में उत्क्रमित हाई स्कूल सेमौरा की चांदनी कुमारी और खुशबू कुमारी, बालक वर्ग में हाई स्कूल हरिहरपुर के सीमांत कुमार मेहता और शुभम कुमार,19 वर्ष बालिका वर्ग युगल श्रेणी कस्तूरबा विद्यालय कांडी की अंजली कुमारी और लक्ष्मी कुमारी ने प्रथम स्थान प्राप्त किये। जबकि 19 वर्ष बालक वर्ग युगल श्रेणी में कोई प्रतिभागी ने हिस्सा नही लिया। प्रखंड स्तरीय कैरम प्रतियोगिता में सफल प्रतिभागी अब जिला स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेंगे। मौके पर बीआरपी सुनील कुमार,सीआरपी प्रभु राम, शिक्षिका आशा कुमारी सहित कई लोग उपस्थित थे।

# उपायुक्त ने अयोग्य लाभुक का चयन मामले में लिपिक और लेखा सहायक पर की कार्रवाई

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**केतार।** जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त शेखर जमुआर ने केतार प्रखंड के परती कुशवानी पंचायत के ग्राम परती कुशवानी अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2023-24 में अयोग्य लाभुकों को अबुआ आवास का लाभ दिये जाने का मामला संज्ञान में आया था। प्रखंड विकास पदाधिकारी केतार के द्वारा मामले की जांच करायी गयी, जांचोपरांत शिकायत सत्य पाया गया है। उक्त मामले में अयोग्य लाभुकों को लाभ दिलाने में लिपिक रिजवान अंसारी, अंचल कार्यालय केतार तथा लेखा सहायक (मनरेगा) जितेंद्र कुमार रजक प्रत्यक्ष रूप से दोषी पाये गये। जिसके लिए इनलोगों के विरूद्ध प्रशासनिक दृष्टिकोण से कार्रवाई किया गया है। मो अंसारी को तत्काल प्रभाव से नगर अंचल में पदस्थापित किया है और इनके विरूद्ध पत्र गठित कर विभागीय कार्रवाई संचालित करने का निर्देश प्रखंड विकास पदाधिकारी केतार को दिया गया। जबकि रजक को केतार से डण्डई में स्थानांतरित किया गया है। उपायुक्त ने उक्त मामले में अयोग्य लाभुकों को निर्गत राशि यथाशीघ्र वसूली कराने का निर्देश प्रखंड विकास पदाधिकारी केतार को दिया है। यदि निर्धारित समय में राशि की वसूली नहीं होती है तो संबंधित लाभुकों और दोषियों के विरूद्ध विधिसम्मत कार्रवाई प्रारंभ की जायेगी। इस मामले में मुखिया का प्रत्यक्ष गलती नहीं पाया गया इस लिए मुखिया को कड़ी चेतावनी देते हुए स्पष्टीकरण से मुक्त किया गया है। चेतावनी दिया गया है कि पंचायत के अध्यक्ष होने के कारण इनको आवास योजना के योग्य और अयोग्य लाभुकों की जानकारी होना आवश्यक है। जैसे ही अयोग्य लाभुकों का चयन होता है तो इसकी सूचना प्रखंड विकास पदाधिकारी को अवश्य दे।

# पेड़ से टकराने से बाइक सवार की घटना स्थल पर मौत

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**सगमा।** यूके लिपट्स के पेड़ से टकरायी बाईक सवार की घटना स्थल पर युवक की हुई दर्दनाक मौत। प्राप्त जानकारी के अनुसार धुरकी थाना क्षेत्र के चैनपुर गांव निवासी बाइस वर्षीय बिकेंद्र कुमार पुत्र अमीर चंद भुईयां लगभग ग्यारह बजे दिन में अपने घर से एक बच्चा को अपने बाइक पर पीछे बैठाकर विंढमगंज बाजार की ओर तेज गति से जा रहा था। बाइक असंतुलित होकर यूकेलिप्टस के पेड़ से टकरा गया, जहा उसकी घटना स्थल पर दर्दनाक मौत हो गया। दुर्घटना के बाद उसकी हड्डी पेड़ के अंदर धस गया, सड़क से गुजरते लोगो ने इसकी सूचना सगमा प्रमुख अजय साव को दिया। घटना स्थल पर पहुंचकर प्रमुख ने जल्दी दिखाते हुए पीछे बैठे घायल बच्चा को इलाज के लिए विंढमगंज भेजवाया, जहा बच्चे की हालत स्थिर है। इस घटना के बाद आधा घंटा से कम समय में अपने दल बल के साथ पहुंचे धुरकी थाना के एएसआइ इमान कांडूलोना के द्वारा स्थिति की जानकारी लेने के बाद पंचाना कर अंत्य परीक्षण के लिए गढ़वा भेजा गया। लोगो ने एक स्वर से सड़क के पिच रोड से सटे यूकेलिप्टस के पेड़ को अविलंब कटवाने की मांग कर रहे थे। लोगो का कहना था की वन विभाग के लापरवाही के कारण कारण सड़क से सटे हुए पेड़ दुर्घटना का कारण बन रहा है। अभितक उक्त पेड़ से टकराकर दर्जनों वाहन दुर्घटना ग्रस्त हुआ है, मगर वन विभाग को इससे कोई लेना देना नहीं है। सड़क से सटे पेड़ को नहीं हटाया गया तो ग्रामीण अपने स्तर से पेड़ को कटने के लिए बाध्य हो जायेगा, जिसकी जिम्मेवारी वन विभाग का होगा।

# शादी में गया था परिवार, चोरों ने किया हाथ साफ

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**कांडी।** थाना क्षेत्र के राणाडीह पंचायत अंतर्गत घुरुआ गांव में शुक्रवार की रात अज्ञात चोरों ने एक सूने घर को निशाना बनाते हुए नकदी और गहनों की चोरी कर ली। पीड़ित नरेश विश्वकर्मा के अनुसार, वे परिवार सहित 5 मई को एक शादी समारोह में भाग लेने बिहार के रोहतास जिला स्थित अकबरपुर गये हुए थे। उसी दौरान चोरों ने घर में घुसकर चोरी की घटना को अंजाम दिया। चोर घर के छप्पर के सहारे आंगन में घुसे और लोहे की कुंडी से बंद दरवाजे का ताला तोड़कर घर में प्रवेश किया। घर में रखे बक्से से चोरों ने करीब तीन हजार रुपये नकद, चांदी के तीन थान गहने, पायल, बिछिया और कुछ नये कपड़े और साड़ी समेत कुल लगभग 12 हजार रुपये मूल्य की संपत्ति चुरा ली। घटना की रात पड़ोसी राम पवन विश्वकर्मा के घर के छत पर कुछ लोग सोए हुए थे। रात करीब 10 बजे उन्होंने नरेश के आंगन में एक व्यक्ति को देखा और शोर मचाया। शोर सुनकर चोर घर का पिछला दरवाजा खोलकर फरार हो गया। घटना की सूचना गांववालों द्वारा फोन पर नरेश विश्वकर्मा को दी गयी। उन्होंने बताया कि वह चोरी की लिखित शिकायत लेकर थाना जा रहे हैं। गांव में लगातार हो रही चोरी की घटनाओं से लोगों में दहशत का माहौल है और ग्रामीणों ने पुलिस प्रशासन से गश्त बढ़ाने की मांग की है।

# राष्ट्र के प्रति तन-मन और धन से समर्पण की भावना ही राष्ट्रवाद है: निदेशक

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**गढ़वा।** स्थानीय जीएन कन्वेंट (10+2) स्कूल में राष्ट्र के प्रति प्रेम और निष्ठा को दशार्ता संगोष्ठी कार्यक्रम पूर्ण उत्साह के माहौल में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय के निदेशक सह शिक्षाविद मदन केशरी और उपप्राचार्य बीके ठाकुर के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर एवं भारत माता और महाराणा प्रताप के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए निदेशक ने कहा कि भारत एक सांस्कृतिक, धर्मिक और बहुभाषाई वाला देश है। राष्ट्रवाद राष्ट्र के प्रति प्रथम कर्तव्य, राष्ट्र के प्रति आराधना और प्रार्थना है जो समर्पण, त्याग और बलिदान की समर्थ प्रतिमूर्ति है। यह कश्मीर से कन्याकुमारी तक सभी भारतीयों को एकजुट करने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इस अवसर पर विद्यालय के सभागार में आयोजित भाषण प्रतियोगिता में वर्ग नवम के भास्कर तिवारी को उत्कृष्ट विचार प्रदर्शन के लिए प्रथम अवार्ड प्रदान किया गया। जिन्हें निदेशक द्वारा प्रशस्ति प्रमाण पत्र और शील्ड देकर सम्मानित किया गया, जबकि अन्य प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र एवं गिफ्ट प्रदान किया गया। कार्यक्रम में विषय प्रवेश बीके ठाकुर, मंच संचालन कार्यक्रम प्रभारी शिक्षक कृष्ण कुमार और धन्यवाद ज्ञापन शिक्षक विकास कुमार ने की। जज के रूप में शिक्षक संतोष प्रसाद और नीरा शर्मा रही। कार्यक्रम को सफल बनाने में विज्ञान शिक्षक विरेंद्र शाह, विकास कुमार, मुकेश भारती, जुनियर विंग के इंचार्ज खुर्शीदअलम, नीलम कुमारी, सरिता दुबे, सुनीता कुमारी, रागिनी कुमारी, शिवानी कुमारी, ऋषभ श्रीवास्तव, पूजा प्रकाश, संतोष प्रसाद आदि की भूमिका सराहनीय। 008

# आरके पब्लिक स्कूल में परीक्षा परिणाम घोषित, पेरेंट्स मीटिंग का आयोजन



**गढ़वा (आजाद सिपाही)** आरके पब्लिक स्कूल में एफए-1 परीक्षा परिणाम की घोषणा के साथ-साथ पेरेंट्स मीटिंग का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम न केवल परिणाम वितरण का अवसर था, बल्कि विद्यालय, छात्रों और अभिभावकों के बीच संवाद एवं सहयोग को मजबूत करने का एक सार्थक प्रयास भी रहा। कार्यक्रम में विद्यालय के निदेशक अलखनाथ पाण्डेय ने छात्रों के प्रदर्शन की सराहना करते हुए कहा कि विद्यालय का उद्देश्य केवल परीक्षा परिणाम तक सीमित नहीं है, बल्कि विद्यार्थियों के चरित्र, अनुशासन, व्यवहार और जीवन मूल्यों के विकास पर भी उतना ही ध्यान दिया जाता है। उन्होंने बताया कि आर.के. पब्लिक स्कूल बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है और शिक्षकों की टीम इसे लक्ष्य बनाकर कार्य कर रही है। विद्यालय की प्राचार्या नसरीन हक ने भी अपने संबोधन में अभिभावकों से नियमित संवाद बनाये रखने और बच्चों की पढ़ाई में संलग्न रहने की बात कही। परीक्षा परिणाम में छात्रों ने अच्छे अंक प्राप्त किये, जिससे विद्यालय परिवार में उत्साह का माहौल रहा। कार्यक्रम में सभी शिक्षक, शिक्षिकाएं और स्टाफ सदस्यों की भागीदारी सराहनीय रही।

झारखण्ड सरकार
श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग
प्राचार्य का कार्यालय– औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान सिमरिया,चतरा
Email Id-principalitisimariya@gmail.com

Industrial Training Institute

औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान सिमरिया एवं किशनपुर (LWE) चतरा में शैक्षणिक सत्र 2025–26–27 में नामांकन से संबंधित सूचना

निदेशालय, नियोजन एवं प्रशिक्षण, श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग, राँची द्वारा NCVT से मान्यता प्राप्त राज्य के सभी सरकारी (LWE सहित), निजी पी0पी0पी0,सी0एस0आर0 एवं टी0एस0पी0 मोड पर संचालित औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों के शैक्षणिक सत्र 2025–26–27 में नामांकन के लिए योग्य आवेदकों से जो झारखण्ड राज्य के स्थायी/स्थानीय निवासी की श्रेणी में आते हैं और नीचे दिए गए शैक्षणिक योग्यता धारित करते है, उनसे ऑनलाईन (https://iti.jharkhand.gov.in Admission tab) आवेदन –पत्र आमंत्रित किये जाते हैं।

01. औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान सिमरिया, चतरा में संचालित व्यवसाय एवं रिक्त सीट–

| क्र0 सं0 | व्यवसाय का नाम | प्रषिक्षण अवधि | रिक्त सीटों की संख्या | शैक्षणिक योग्यता |
|---|---|---|---|---|
| 1. | विद्युत (Electrician) | 02 वर्षीय | 40 | मैट्रिक पास |
| 2. | फिटर (Fitter) | 02 वर्षीय | 40 | मैट्रिक पास |
| 3. | मैकानिक डीजल (Mechanic Diesel) | 01 वर्षीय | 48 | मैट्रिक पास |
| 4. | वेल्डर (Welder) | 01 वर्षीय | 40 | आठवीं पास/मैट्रिक पास |

02. औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान किशनपुर, (LWE) चतरा में संचालित व्यवसाय एवं रिक्त सीट–

| क्र0 सं0 | व्यवसाय का नाम | प्रषिक्षण अवधि | रिक्त सीटों की संख्या | शैक्षणिक योग्यता |
|---|---|---|---|---|
| 01 | विद्युत (Electrician) | 02 वर्षीय | 20 | मैट्रिक पास |
| 02 | फिटर (Fitter) | 02 वर्षीय | 20 | मैट्रिक पास |

03. ऑनलाईन करने की तिथि:–

| क्र0 सं0 | विवरणी | तिथि |
|---|---|---|
| 01 | ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन एवं आवेदन पत्र भरने की प्रारंभिक तिथि | 20.05.2025 |
| 02 | ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन एवं आवेदन पत्र भरने की अंतिम तिथि | 13.06.2025 अपराह्न 5:00 बजे तक |
| 03 | औपबंधिक मेधा सूचियों (आठवीं एवं दसवीं कक्षा) का प्रकाशन | 16.06.2025 अपराह्न 5:00 बजे तक |
| 04 | औपबंधिक राज्य मेधा सूचियों में शामिल आवे दकों द्वारा प्राप्तांक/प्राप्तांक प्रतिश त, कोटि एवं अन्य प्रविश्टियों में त्रुटि सुधार की अवधि | 17.06.2025 से 19.06.2025 तक |
| 05 | अंतिम मेधा सूचीयों (आठवीं एवं दसवीं कक्षा) का प्रकाषन | 21.06.2025 |

04. डी0जी0टी0 के पत्रांक:–**DGT-MIS011/1/2025-0/o DIR(TC)[71015]**, दिनांक:–08.04.2025 के आलोक में औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में नामांकन लेने वाले अभ्यर्थियों का वैध मोबाईल नम्बर, ई–मेल आई0डी0 एवं आधार नम्बर आवश्यक है तथा **NTC** उत्तीर्णता प्रमाण पत्र प्राप्त होने तक उसमें परिवर्तन करने की अनुमति नहीं होगी।
डी0जी0टी0 का पत्र https://iti.jharkhand.gov.in के **Download Section** के **Notification** Tab में देखा जा सकता हैं।
05. नामांकन संबंधी विस्तृत महत्वपूर्ण सूचना झारखण्ड **ITI Webportal** (https://iti.jharkhand.gov.in) के **Download Section** के **Notification Tab** में देखा/ **Download** किया जा सकता हैं।
06. किसी प्रकार की महत्वपूर्ण जानकारी हेतु **ITI Webportal** के **Grievance Section** में टिकट **Raise** किया जा सकता है एवं आवश्यकतानुसार मो0 नम्बर–7870647337/7903622627/9334526299 पर सम्पर्क किया जा सकता है।
उक्त सूचना को Jharkhand के ITI Webportal (https://iti.jharkhand.gov.in) के **Download Section** के **Notification Tab** में देखा/**Download** किया जा सकता हैं।
नोट:– ऑनलाईन करने संबंधी किसी भी प्रकार के सहायता के लिए औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान सिमरिया, चतरा में सम्पर्क कर सकते है।

प्रभारी प्राचार्य,
औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान सिमरिया,
चतरा

**PR 352185 (Labour Employment and Traning)25-26*D**

## पप्पू सिंह के अंतिम संस्कार में शामिल हुए विधायक

पिपरवार (आजाद सिपाही)। सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बचरा अशोक विहार कॉलोनी निवासी पप्पू सिंह के निधन पर कोयलांचल क्षेत्र के कई लोगों ने दु:ख प्रकट किया है। बताया गया कि कुछ दिन पूर्व एक सड़क दुर्घटना में वह गंभीर रूप से घायल हो गया था, जिसके बाद परिजनों के द्वारा उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां उनका इलाज चल रहा था। इसी दौरान इलाज के क्रम में उनकी मौत हो गयी। शनिवार को बचरा सपही नदी के शमशान घाट में उनका अंतिम संस्कार किया गया। उनके अंतिम संस्कार में बड़कागांव के भाजपा विधायक रोशन लाल चौधरी सहित भाजपा के कई पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता शामिल हुआ। विधायक रोशनलाल चौधरी सबसे पूर्व शोकाकुल परिवार से मुलाकात किया और उन्हें सांत्वना दी। इस मौके पर भाजपा पिपरवार मंडल अध्यक्ष धीरेंद्र कुमार शर्मा, सांसद प्रतिनिधि रविंद्र कुमार सिंह, अरूण कुमार सिंह, अर्जुन महतो सहित कई लोग मौजूद थे। वहीं सिमरिया से भाजपा विधायक कुमार उज्जवल दास भी मृतक पप्पू सिंह के बड़े भाई पूर्व सांसद प्रतिनिधि गोपाल सिंह से फोन पर बात कर शोक प्रकट किया।

# वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार युवक की मौत, दो घायल

**मुआवजे की मांग को लेकर पिपरवार-टंडवा मार्ग जाम, कोयला ढुलाई हुई ठप**

आजाद सिपाही संवाददाता

**पिपरवार।** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के कल्याणपुर पंचायत के महादेवगढ़ा पुल के समीप शनिवार की सुबह तेज रफ्तार कोल वाहन की चपेट मे आने से बाईक सवार एक युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गयी, जबकि दो अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। मृतक युवक की पहचान टंडवा थाना क्षेत्र के मंडेर गांव निवासी 20 वर्षीय बीजू तिर्की पिता सीताराम तिर्की के रूप मे की गयी है, जबकि घायलों की पहचान पिपरवार थाना क्षेत्र के कल्याणपुर गांव निवासी प्रदीप उरांव, पिता लालो उरांव और कारो गांव निवासी पवन मुंडा, पिता रमेश मुंडा के रूप में की गयी है। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार मृतक बीजु तिर्की अपने दो साथियों के साथ कल्याणपुर बाजार से सामान खरीदकर बाइक से अपने घर मंडेर लौट रहा था। इसी बीच विपरीत दिशा से आ रहे तेज रफ्तार अज्ञात कोल वाहन ने उसे अपनी चपेट में ले लिया। घटना इतनी भयावह थी कि युवक की मौके पर ही मौत हो गयी। घटना की जानकारी मिलते ही पिपरवार थाना प्रभारी प्रशांत कुमार मिश्रा सदल-बल घटनास्थल पर पहुंचे और जांच शुरू कर दी। इस घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने सुबह 10:30 बजे से पिपरवार-टंडवा मुख्य मार्ग को जाम कर दिया। साथ ही उन्होंने मृतक के आश्रितों को उचित मुआवजे की मांग को लेकर आम्रपाली से सीएचपी एवं



मृतक बीजू तिर्की की फाइल फोटो।

एनटीपीसी पकरी बरवाडीह माइंस से बचरा साइडिंग तक की कोयला ढुलाई को पूरी तरह ठप कर दिया है। सड़क जाम होने के बाद कोल वाहनों की लंबी कतार सड़कों पर देखी गयी। इधर दुर्घटना के सात घंटे बीत जाने के बाद भी आश्रित परिवार को न तो किसी प्रकार की मुआवजा राशि प्रदान की गयी है और न ही प्रशासनिक स्तर पर कोई ठोस आश्वासन मिला है। इससे आक्रोशित ग्रामीणों का विरोध और तेज हो गया है। सड़क जाम के कारण रांची से हजारीबाग, टंडवा समेत अन्य क्षेत्रों में जाने वाले यात्रियों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय ग्रामीणों ने कहा कि जब तक मृतक बीजू तिर्की के परिजनों को उचित मुआवजा और घायलों को बेहतर इलाज नहीं होता है तब तक आंदोलन जारी रहेगा और कोयला ढुलाई ठप रहेगी। समाचार लिखे जाने तक मृतक परिजनों और कोल कंपनियों के बीच किसी भी प्रकार का समझौता नहीं हो सका था।

### जेसीएमयू और आरवीएम ने की उचित मुआवजा देने की मांग

पिपरवार के कल्याणपुर महादेवगढा पुल के निकट हाईवा वाहन के चपेट मे आने से हुई दुर्घटना मे एक युवक की मौत के बाद झारखंड कोलियरी मजदूर यूनियन एवं रैयत विस्थापित मोर्चा ने मृतक के आश्रित को उचित मुआवजा एंव घायलों का बेहतर ईलाज कराने की मांग की है। मोर्चा द्वारा बताया गया कि इस मार्ग पर आए दिन कोल वाहन की चपेट में आने से लोगों की जान जा रही है, लेकिन इसके रोकथाम के लिए कोई पहल नहीं की जारी है। साथ ही ट्रैफिक नियमों का पालन, तेज गति में नियंत्रण के लिए प्रशासन से कठोरता से लागु कराने की मांग की है। मांग करने वालो मे इकबाल हुसैन, परमेश्वर गंझु, अर्जुन गंझु, रामचंद्र उरांव, मोहम्मद जुलफान, राहुल राम, दिरपाल भगत, कयुम अंसारी सहित कई लोगों का नाम शामिल है।

# बाराती और घराती आपस में भिड़े, चार लोग घायल



आजाद सिपाही संवाददाता

**सिल्ली।** मुरी के हरिजन बस्ती में शनिवार की सुबह रंथु महतो के पुत्री की शादी में आये बराती और घरातियों की आपसी मारपीट हुई जिसमें चार लोग चोटिल हुए। सभी को सिंगपुर नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया है, सभी खतरे से बाहर है। मारपीट की घटना को पुलिस जांच कर रही है। मारपीट का असली कारण लोग पुलिस को बताने से हिचकिचा रहे हैं। घायलों में इंद्राणी देवी, सोनू, सुरेश, अजय है। मिली जानकारी के अनुसार लड़की पक्ष की ओर से लड़का पक्ष को बेल्ट से मारा गया, जबकि जवाबी कार्रवाई में विदा होने से पहले लड़का पक्ष लड़की पक्ष के लोगों को जमकर मारा और चलते बने। बराती रामगढ से आये थे।

## बुंडू में गौवंशीय मवेशियों की तस्करी में दो गिरफ्तार



बुंडू (आजाद सिपाही)। बुंडू पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए अवैध रूप से गौवंशीय मवेशियों की तस्करी कर रहे दो लोगों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से एक शेभरोलेट चार चक्का वाहन और सात मवेशी बरामद किये गये हैं। पुलिस को सूचना मिली थी कि टाटा की ओर से एक हरे रंग के वाहन में मवेशियों को ठूंस-ठूंस कर बुंडू की ओर लाया जा रहा है। इस सूचना के आधार पर कांची नदी पुल के पास जांच अभियान चलाया गया। चेकिंग के दौरान एक हरे रंग की शेभरोलेट गाड़ी को रोकने की कोशिश की गयी, लेकिन चालक और उसका साथी वाहन से उतरकर भागने लगे। पुलिस ने दोनों को खदेड़ कर गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार किये गये आरोपियों की पहचान मो० अख्तर अंसारी, निवासी पिपराडीह, थाना बड़कागांव, जिला हजारीबाग, और मो० समीर कुरैशी, निवासी कांटाटोली, थाना लोअर बाजार, जिला रांची के रूप में हुई है। पुलिस जांच में सामने आया कि वाहन को मॉडिफाई कर उसमें सीटों की जगह सात मवेशियों को ठूंसकर लादा गया था। सभी मवेशियों के पैर बांध दिये गये थे। पुलिस ने शेभरोलेट वाहन समेत सभी मवेशियों को जब्त कर लिया है और आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। इस अभियान में दिवा गश्ती पदाधिकारी नवीन कुमार के नेतृत्व में बुंडू थाना की पुलिस टीम शामिल थी।

# बिरसा कॉलेज में पॉट पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** बिरसा कॉलेज खूंटी के मुंडारी विभाग में शनिवार को पॉट पेंटिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता में मुंडारी विभाग के एमए और बीए के विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस अवसर पर बिरसा कॉलेज की प्रभारी प्राचार्या जीके किड़ो, राजकुमार गुप्ता, डॉ सीके भगत, किरण, डॉ अभिषेक, अनंत, शिल्पी, संगीता, सुनीता और मुंडारी विभाग की विभागाध्यक्ष सावित्री कुमारी, असिस्टेंट प्रोफेसर इंदिरा कोनगाड़ी, वासुदेव हास्सा, काली मुंडू, सिजरेन सुरीन, आदि उपस्थित थे। मौकें पर मुख्य अतिथि बिरसा कॉलेज की प्रभारी प्राचार्या जीके किड़ो और अन्य शिक्षकों का तथा



विद्यार्थियों द्वारा गोवारी दुराङ गीत गाये गये। पॉट् पेंटिंग प्रतियोगिता के निर्णायकों द्वारा पॉट पेंटिंग का आंकलन किया गया। इतिहास विभागाध्यक्ष डॉ अभिषेक ने पेंटिंग को इतिहास की कड़ियों से जोड़ते हुए कहा कि पेंटिंग का इतिहास बहुत पुराना है। उन्होंने मृदभांड से संबंधित जानकारियां साझा की और कहा कि यह परंपरा से चली आ रही पारंपरिक विधि से जुड़ा हुआ है जो आज हमारे सामने आधुनिक रूप में प्रस्तुत है। राजकुमार गुप्ता ने पेंटिंग प्रतियोगिता की सराहना करते हुए चित्रांकन एवं हस्तकला की विशेषता के बारे में जानकारी दी। पेंटिंग प्रतियोगिता में प्रथम स्थान एमए सेमेस्टर 4 के विद्यार्थी रहे। द्वितीय पुरस्कार एमए सेमेस्टर वन के विद्यार्थियों को प्राप्त हुआ तथा तृतीय पुरस्कार बीए सेमेस्टर वन के विद्यार्थियों को प्राप्त हुआ।

# दिल्ली पब्लिक स्कूल में मदर्स डे के साथ बैगलेस डे का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** दिल्ली पब्लिक स्कूल, खूंटी में एनइपी.-2020 का पालन करते हुए विद्यालय परिवार ने यानिवार को विद्यालय परिसर में मदर्स डे के साथ ही बैगलेस डे का आयोजन किया। कार्यकर्म का शुभारंभ मातृशक्तियों ने दीप प्रज्वलित कर किया। मौके पर स्कूल के वर्ग पांच की निशा, आयुष और वर्ग चार के पोर्श मिश्रा और रिया ने सोशल मीडिया के पक्ष और विपक्ष पर विचारव्यक्त किये। नर्सरी कक्षा के प्रतिभागी इशानी, अनुष्का, हर्ष, अक्ष और अंश ने अपने डांस से दर्शकों का मन मोह लिया। विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापिका ममता मिश्रा और शिक्षक पीयूष, माधुरी, श्वेता,




शिवांगी, काजल, अंकिता और अनन्या ने बच्चों की अनुभवात्मक शिक्षा गतिविधि को शामिल करते हुए बच्चों के लिए आनंददायक, तनव मुक्त शिक्षण पद्धति और इसे वैश्विक दुनिया के अनुप्रयोगों से कैसे जोड़ा जाए, जैसे विषयों पर विचार व्यक्त किये। बच्चों की माताओं ने भी अपने अनुभवों को साझा किया और अपने बच्चों के साथ कार्ड बनाओ प्रतियोगिता, म्यूजिकल चेयर जैसी गतिविधियों में भाग लिया। मौकें पर सुप्रिया को मदर ऑफ द डे पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

## जिला परिषद की स्थायी समिति की बैठक में कल्याणकारी योजनाओं पर हुई चर्चा



खूंटी (आजाद सिपाही)। जिला परिषद खूंटी अंतर्गत गठित स्थायी समिति शिक्षा, स्वास्थ्य तथा वन और पर्यावरण समिति की महत्वपूर्ण बैठक शनिवार को जिला परिषद खूंटी के सभागार में आयोजित की गयी। बैठक की अध्यक्षता जिला परिषद के उपाध्यक्ष मंजु देवी ने की। बैठक में स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित विभिन्न नकल्याणकारी योजनाओं जैसे कैंसर, टीबी और कुष्ठ रोग इत्यादि की विस्तृत जानकारी सिविल सर्जन खूंटी द्वारा दी गयी। इसके अतिरिक्त जिला सामाजिक कल्याण विभाग के तहत आंगनबाड़ी केंद्रों, कन्या दान योजना, विवाह पुनर्वास योजना, सखी बाई फूलो झानो योजना और पीएम पोषण शक्ति निर्माण योजना से संबंधित विषयों पर भी विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। बैठक में जिला उद्योग विभाग द्वारा मधुमक्खी पालन, मशरूम उत्पादन, फूलों की खेती, फुलझाड़ू उत्पादन आदि के लिए किसानों को दी जाने वाली प्रशिक्षण योजनाओं की जानकारी साझा की गयी। बैठक में समिति के सदस्यगण, खूंटी सांसद प्रतिनिधि, जिला सामाजिक कल्याण पदाधिकारी, सिविल सर्जन, जिला शिक्षा अधीक्षक, जिला उद्योग पदाधिकारी, जिला खनन पदाधिकारी समेत अन्य पदाधिकारी एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# सुधांशु संकल्प नेत्र ज्योति पखवाड़ा के तहत 105 मरीजों का ऑपरेशन

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** सुधांशु जी महाराज के 70वें जन्मदिन दो मई के उपलक्ष्य में स्वामी दयानंद नेत्रालय, खूंटी, देवशंति नेत्रालय सिमडेगा और सदर जिला अस्पताल चाईबासा मे संकल्प नेत्र ज्योति पखवाड़ा की शुरूआत की गयी। इस अभियान के तहत शनिवार तक 105 मोतियाबिंद मरीजों की निःशुल्क सर्जरी की गयी। डॉ दीपक लकड़ा, राजेन्द्र आयुर्विज्ञान संस्थान रांची, डॉ समुवेल मदुराई, अमन तोपनो, डॉ समीर, शंकर नेत्रालय ने सभी मरीजों का सफल ऑपरेशन किया। सभी मरीजों को भोजन और नवीन वस्त्र प्रदान किये गये। मरीजों में रोगियों मे जनजाति



समुदाय, ईसाई मुस्लिम, सामान्य समुदाय के लोगों ने इसका लाभ उठाया। ऑपरेशन करानेवालों में 56 फीसदी महिला, 43 प्रतिशत पुरुष और सात फीसदी बच्चे शामिल हैं। इस संबंध में स्वामी दयानन्द नेत्रालय, खूंटी के निदेशक डॉ निर्मल सिंह ने बताया कि निःशुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन दो से 15 मई तक लगातार जारी रहेगा। रोगियों का डिटेल फॉलोअप के बाद वेबसाइट पर प्रकाशित होगा। इस कार्य मे राष्ट्रीय अंधता नियत्रण, प्रधानमंत्री आयुष्मान योजना और वीजेएम का सहयोग रहा। डॉ निर्मल सिंह ने बताया कि विश्व जागृति मिशन के संस्थापक सुधांशु जी के जन्म दिवस पर शुक्रवार को खूंटी में सुधांशु संकल्प नेत्र ज्योति मोतियाबिंद ऑपरेशन के क्रम में 35 नेत्र रोगियो का लेंस प्रत्यारोपण मदुरई के प्रख्यात नेत्र सर्जन डॉ समुवेल अमन द्वारा किया जायेगा।

# काउंसिल के कोल इंडिया अध्यक्ष बृजकिशोर पासवान ने किया एनके पिपरवार का दौरा

आजाद सिपाही संवाददाता

**पिपरवार।** ऑल इंडिया एससी/एसटी/बीसी एम्पलाई को-ऑर्डिनेशन काउंसिल के कोल इंडिया अध्यक्ष सह सीसीएल महामंत्री बृजकिशोर पासवान ने शनिवार को सीसीएल पिपरवार और एनके पिपरवार क्षेत्र का दौरा किया। इस दौरान पिपरवार पहुंचने पर काउंसिल के कार्यकर्ताओं ने फूलों का गुलदस्ता देकर उनका जोरदार स्वागत किया। इस क्रम में अध्यक्ष बृजकिशोर पासवान ने एनके एरिया के महाप्रबंधक डीके गुप्ता और पिपरवार एरिया के कार्मिक एवं प्रशासनिक अधिकारी नागेश कुमार गोपाल से



मुलाकात किया। इस मुलाकात के दौरान और एससी/एसटी,ओबीसी के प्रमोशन रोस्टर, बैकलॉग सहित अन्य विषयों पर चर्चा किया और जल्द समस्या का निदान करने का आग्रह किया। जिस पर दोनों पदाधिकारियो ने सहमति जताई और जल्द समस्याओं का समाधान करने का भरोसा दिया। इस बैठक में उनके साथ पिपरवार सचिव रतन लाल, एसडी राम, दिलीप गंझू,दिलीप पासवान, राघवेंद्र पासवान,राज कुमार दास, मोहम्मद रिजवान, दीपक मंडल, संजय कुमार शाहिद काउंसिल के कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद थे।

## समानता और एकजुटता के बिना समृद्ध समाज की कल्पना नहीं की जा सकती: बगरय ओड़ेया



खूंटी (आजाद सिपाही)। सरना धर्म सोतोः समिति, केंद्र डौगड़ा के तत्वावधान में शनिवार को सरना धर्म प्रार्थना सभा की शुरूआत हुई। धर्मगुरु बगरय मुंडा, धर्मगुरु भैयाराम ओड़ेया, धर्मगुरु बुधराम सिंह मुंडा व बिरसा कंडीर की अगुवाई में अनुयायियों के साथ सरना स्थल में भगवान सिंगबोंगा की पूजा-अर्चना कर सुख, शांति और खुशहाली की कामना की गयी और पारंपरिक सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर धर्मगुरु बगरय ओड़ेया ने कहा कि सरना विश्व का सबसे पुराना धर्म है। सामाजिक समानता व एकजुटता के बिना समृद्ध समाज की कल्पना नहीं की जा सकती है। समाज से डायन-बिसाही अशिक्षा व ऊंच-नीच जैसी बुराइयों को दूर करने की जरूरत है। सबको समाज में रहने का समान अधिकार है। अतरू वंचितों, शोषितों एवं दीन-दुखियों का उद्धार करें। मंगा ओड़ेया ने कहा कि भगवान सिङ्बोंगा की स्तुति से मन-आत्मा में भक्ति व श्रद्धा आती है और समाज में प्रेम व भाईचारा पनपती है। कार्यक्रम में मथुरा कंडीर, सुनील ओड़ेया, सुभासिनी पूर्ति, मधियाना धान, जमुना मुंडू, बिरसिंह ओड़ेया, सुगना पहान, कोलाय ओड़ेया, बंटी ओड़ेया, टूटी ओड़ेया, नरनसिंह तोपनो आदि ने विचार व्यक्तए किये। इस समारोह में खूंटी, मुरहू, बंदगांव, अड़की, कोचांग, बिरबांकी तथा आस-पास के गांवों के सरना धर्मावलंबी शामिल हुए।

# राष्ट्रीय लोक अदालत में 6177 मामलों का निष्पादन, 1.63 करोड़ राशि का समायोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार खूंटी के तत्वावधान में स्थानीय सिविल कोर्ट परिसर में शनिवार को प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह डालसा अध्यक्ष रसिकेश कुमार की अध्यक्षता में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। इस दौरान गठित कुल छह बैंचों के द्वारा मामलों की सुनवाई करते हुए कुल 6177 मामलों का निष्पादन करते हुए एक करोड़ 63 लाख 75 हजार 997 रुपये राशि का समायोजन किया गया। निष्पादित मामलों में न्यायालय में लंबित 421 वाद भी शामिल हैं। इससे पूर्व राष्ट्रीय लोक अदालत का विधिवत शुभारंभ प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश रसिकेस कुमार द्वारा किया गया। मौके पर अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि यह वर्ष का दूसरा राष्ट्रीय लोक




अदालत है, इसमें लंबित वादों के दोनों पक्षों के बीच जीत होती है। डालसा सचिव राजश्री अपर्णा कुजूर ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत विभिन्न प्रकार के वादों को सुलझाने का एक सक्षम और सुलभ माध्यम है। राष्ट्रीय लोक अदालत में मामलों के निष्पादन के लिए छह बैंचों का गठन किया गया। जिसमें दीवानी एवं फौजदारी न्यायालय के सभी सुलहनीय प्रकृति के मामले, बैंक ऋण, मोटर यान दुर्घटना, नगर पंचायत, परिवहन विभाग, वन विभाग, उत्पाद विभाग और बिजली संबंधित मामले प्रस्तुत किये गये। लोक अदालत में विभिन्न मामलों के निष्पादन के लिए गठित प्रथम बैंच में अपर जिला जज तृतीय प्राची मिश्रा, अधिवक्ता मुकुल कुमार पाठक और शशि कला कुमारी शामिल रहे। द्वितीय बैंच में मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी अर्जुन साव, अधिवक्ता मदन मोहन राम एवं कविता कुमारी शामिल रहे। तृतीय बैंच में अनुमंडलीय न्यायिक दंडाधिकारी विद्यावती कुमारी अधिवक्ता आशीष कुमार एवं सुमित कुमार कश्यप शामिल रहे। चतुर्थ बैंच में न्यायिक दंडाधिकारी अमित कुमार सिंहा, अधिवक्ता मिलन कुमार दास और जुनूल होरो शामिल रहे।

पंचम बैंच में अस्थाई लोक अदालत के अध्यक्ष केके सिंह, सदस्य मधु चंदा कुमारी रजक एवं रूबी कुमारी उपस्थित रहे। जबकि छठे बैंच में उपभोक्ता फोरम की अध्यक्षा रीता मिश्रा सदस्य सुरेश कुमार राय एवं सदस्य राधा रानी शामिल रहे। उपरोक्त जानकारी प्राधिकार के सचिव राजश्री अपर्णा कुजूर ने दी।

## जनजातीय गौरव वर्ष के तहत खूंटी में विभिन्न योजनाओं का हो रहा क्रियान्वयन

खूंटी (आजाद सिपाही)। जनजातीय कार्य मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती को जनजातीय गौरव वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है। इस अवसर पर मंत्रालय द्वारा खूंटी जिला के विभिन्न क्षेत्रों में संचालित योजनाओं के सफल क्रियान्वयन के लिए विशेष पहल की गयी है। इस संबंध में जिला जनसंपर्क कार्यालय द्वारा जारी विज्ञप्ति में बताया गया कि वित्तीय वर्ष 2022-23 में खूंटी जिला अंतर्गत अनुच्छेद 275(1) के तहत 17 योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू किया गया। खूंटी प्रखंड के ग्राम टकरा में 130.31 लाख की लागत से मिनी स्टेडियम का निर्माण कराया गया। इसके अतिरिक्त, अनुसूचित जनजातियों के सतत विकास के लिए वियर सिंचाई योजना, तालाब निर्माण, सांस्कृतिक भवन, कृषि उपकरण वितरण, पुस्तकालय, सांस्कृतिक केंद्र, वन शोध संस्थान तथा विभिन्न आवासीय विद्यालयों की मरम्मति एवं जीर्णोद्धार का कार्य पूर्ण किया गया। भगवान बिरसा मुंडा से जुड़े पर्यटन स्थलों के लिए बिरसा टूरिस्ट सर्किट के निर्माण का प्रस्ताव भी विभाग को भेजा गया है। प्रधानमंत्री आदि आदर्श ग्राम योजना के अंतर्गत खूंटी जिले के 254 आदिवासी बहुल ग्रामों का समग्र विकास किया जा रहा है। अब तक 235 पीसीसी पथों का निर्माण तथा 690 सोखपिट बनाये गये हैं। इसके अतिरिक्त 9 आंगनबाड़ी केंद्रों का निर्माण कर उन्हें संबंधित विकास विभाग को हस्तगत कराया गया है। खूंटी जिला के अड़की प्रखंड अंतर्गत सोसोकुटी एवं तेलंगाडीह ग्रामों को राष्ट्रीय स्तर पर चयनित किया गया है। यहां आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड, पीएम उज्ज्वला योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, सुकन्या समृद्धि योजना जैसी अनेक कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पीवीटीजी समुदाय को प्रदान किया जा रहा है। साथ ही पीसीसी पथ, आवास निर्माण, पेयजल आपूर्ति, मोबाइल मेडिकल यूनिट, बहुद्देशीय भवन एवं मोबाइल टावर जैसी बुनियादी सुविधाओं को भी तेजी से विकसित किया जा रहा है। मंत्रालय का यह सतत प्रयास है कि देश के प्रत्येक जनजातीय समुदाय तक विकास की मुख्यधारा पहुंचे।

## महर्षि मेंही परमहंस महाराज की जयंती आज

खूंटी (आजाद सिपाही)। महर्षि मेंही परमहंस जी महाराज की 141वीं जयंती रविवार 11 मई को मलियादा, शांति पुरी मुरहू और बंदगांव आश्रम में मनाई जायेगी। संरक्षक डॉ डीएन तिवारी, अध्यक्ष संजय कुमार ने बताया कि मौके पर बंदगांव और मुरहू में प्रभातफेरी निकाली जायेगी। पूर्वाह्न दस बजे से सभी आश्रमों में स्तुति प्रार्थना के बाद गुरुदेव के जीवन पर प्रकाश डाला जायेगा। सद्गुरु के उपदेश और सत्संग कार्यक्रम होंगे। साथ ही विशेष भंडारा की भी व्यवस्था रहेगी।

# राष्ट्रीय लोक अदालत में एक अरब 39.59 करोड़ रुपये का सेटलमेंट

## 34666 लंबित मामले और प्री-लिटिगेशन के 2,93,638 वादों का हुआ निस्तारण

- सुलभ एवं निःशुल्क न्याय का माध्यम है लोक अदालत : अनिल मिश्रा

आजाद सिपाही संवाददाता

**अनगड़ा।** राष्ट्रीय लोक अदालत का वर्चुअल उद्घाटन शनिवार को झारखण्ड उच्च न्यायालय के न्यायामूर्ति सह झारखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार के कार्यपालक अध्यक्ष सुजित नारायण प्रसाद ने लोहरदगा न्यायमंडल से ऑनलाईन किया। इसके बाद रांची व्यवहार न्यायालय से राष्ट्रीय लोक अदालत का उद्घाटन दीप प्रज्वलित कर किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में न्यायायुक्त अनिल कुमार मिश्रा-1 और विशिष्ट अतिथि प्रिंसिपल जज फैमिल कोर्ट, एसएस फातमी, एजेसी-15, अमित शेखर, एजेसी -2, यशवंत प्रकाश, अपर न्यायायुक्तगण, मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी, चंदन सहित सभी न्यायिक दंडाधिकारीगण, रांची जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष, शंभू प्रसाद अग्रवाल, महासचिव संजय कुमार विद्रोही, एलएडीसीएस के सदस्य, अधिवक्ता, कर्मचारी आदि उपस्थित थे। संचालन डालसा सचिव रवि कुमार भास्कर ने किया। इस अवसर पर न्यायायुक्त अनिल कुमार मिश्रा ने कहा कि वादों के त्वरित निस्पादन में अधिवक्ताओं एवं मध्यस्थों की भूमिका अहम होती है। राष्ट्रीय लोक अदालत वादकारियों के लिए सुलभ और निःशुल्क न्याय पाने का एक माध्यम है। बताते चलें कि न्यायायुक्त के हाथों आज रांची व्यवहार न्यायालय में दो दिनों के लिए फ्री हेल्थ-चेक-अप कैंप का उद्घाटन किया गया। इसमें वादकारियों, अधिवक्ताओं, मध्यस्थों, व्यवहार न्यायालय के कर्मचारी और उनके परिवार के लिए निःशुल्क स्वास्थ्य जांच कर उन्हें सहायता प्रदान की जायेगी। डालसा सचिव रवि कुमार भास्कर ने कहा कि राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल आयोजन के लिए न्यायिक दंडाधिकारियों के लिए 39 और कार्यपालक दंडाधिकारियों के लिए 19 बेंच का गठन किया गया है। न्यायिक दंडाधिकारियों, बैंक एवं इंशुरेंश कंपनी के प्रतिनिधियों, पुलिस प्रशासन एवं जिला प्रशासन के साथ पूर्व में बैठके की गयी थी। न्यायायुक्त एवं डालसा सचिव ने व्यवहार न्यायालय रांची में लगाये गये स्टॉलों का मुआयना भी किया। इस दौरान लोक अदालत में लाभुकों के बीच चेक का वितरण भी किया गया। वाहन दुर्घटना मुआवजा के तौर पर मदेश्वर पांडे को 98 लाख 87 हजार 965 रुपए का चेक का वितरण किया। पीड़ित मुआवजा के रूप में न्यायुक्त ने रानी देवी को पांच लाख रुपये का चेक दिया। वहीं, न्यायायुक्त के हाथों से दिव्यांगजनों सोनू गोप, वशीम खान को व्हील चेयर दिया गया। अन्य न्यायिक पदाधिकारियों द्वारा झारखण्ड पीड़ित मुआवजा के तहत कुल 25 पीड़ितों के बीच 68 लाख रुपए का चेक वितरित किया गया। इसके साथ ही वाहन दुर्घटना मुआवजा में न्यायिक पदाधिकारियों द्वारा पीड़ितों के बीच 73 लाख 55 हजार 851 रुपये राशि के चेकों का वितरण किया गया। आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल लंबित मामले 34666 और प्री-लिटिगेशन के 2,93,638 वादों का निस्तारण किया गया। साथ ही एक अरब, 39 करोड़ 59 लाख 20 हजार 987 रुपये की राशि का सेटलमेंट किया गया।



लाभुक को चेक प्रदान करते न्यायाधीश एवं अन्य गणमान्य।

# अवैध शराब लदा पिकअप वैन जब्त, 210 कार्टून में 2520 बोतल अंग्रेजी शराब बरामद

- वाहन छोड़ कर पुलिस को चकमा देकर चालक हुआ फरार

**रातू (आजाद सिपाही)।** पुलिस उप-महानिरीक्षक सह रांची के वरीय पुलिस अधीक्षक को मिली गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय) द्वितीय के नेतृत्व में रातू पुलिस ने शनिवार को एक पिकअप वैन को पकड़ा। उसकी तलाशी लेने पर वाहन से भारी मात्रा में अवैध अंग्रेजी शराब जब्त की गयी। हालांकि चालक मौके का फायदा उठाकर वाहन छोड़ कर वहां से भागने में सफल रहा। जानकारी के मुताबिक पुलिस अधिकारी को गुप्त सूचना मिली थी कि छोटे वाहनों से अन्य राज्यों में अवैध शराब की तस्करी की जा रही है। इसी सूचना के आधार पर पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय) द्वितीय अरविंद कुमार के नेतृत्व में एक टीम गठित कर शनिवार की सुबह सात बजे दलादली-भोंडा मार्ग में आने-जाने वाले वाहनों की जांच शुरू की गयी। इसी दौरान सुबह 7.40 बजे दलादली से सफेद रंग का पिकअप तेजी से आता दिखा। हालांकि पुलिस को दूर से देखते ही पिकअप चालक मुख्य सड़क पर अचानक वाहन खड़ा कर भागने लगा। पुलिस के जवानों ने चालक का पीछा भी किया, लेकिन उसे पकड़ने में असफल रही। बाद में उक्त पिकअप वैन की तलाशी ली गयी तो उसमें 210 कार्टून में 2520 बोतल अंग्रेजी शराब मिला। पुलिस ने वाहन को जब्त कर लिया और उसे थाना ले गयी। उधर, छापामारी दल में पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय) द्वितीय अरविंद कुमार, रातू थाना प्रभारी राम नारायण सिंह मपुअनि प्रियंका कुमारी, पुअनि नवीन शर्मा, सअनि जुल्फिकार अली, सुनिल कुमार सिंह, हवलदार नागेन्द्र चौधरी, आरक्षी-3727 संदीप कुमार, ललित उरांव, और विकास कुमार शामिल थे।



# सड़क हादसा में स्कूटी सवार युवक की मौत, पत्नी गंभीर

- वाहन छोड़ कर भागा चालक पुलिस ने जब्त किया वाहन

आजाद सिपाही संवाददाता

**रातू।** थाना क्षेत्र के मखमंद्रों एनएच- 75 में शनिवार की दोपहर 12 बजे सड़क हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गयी। जबकि एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गयी। जिसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मृतक की पहचान बेलांगी पतरा टोली निवासी विजय मिर्धा के रूप में हुई। जबकि घायल महिला उसकी पत्नी है। जानकारी के मुताबिक विजय मिर्धा अपनी पत्नी के साथ स्कूटी पर सवार होकर रातू की ओर आ रहे थे। तभी उसी दिशा से आ रहे एक तेज रफ्तार मालवाहक पिकअप वैन ने स्कूटी को अपनी चपेट में ले लिया। जिससे विजय मिर्धा की घटनास्थल पर ही मौत हो गयी। जबकि पत्नी बुरी तरह घायल हो गई। स्थानीय लोगों की मदद से आनन-फानन में उसे तुरंत अस्पताल पहुंचाया गया, जहां इलाज चल रहा है। वहीं, चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया। उधर, हादसे की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए रिम्स अस्पताल भेज दिया। लगे हाथ वाहन को जब्त कर थाने ले गयी।

## बोलेरो-ऑटो की आमने-सामने की भिड़ंत, छह घायल

**अनगड़ा (आजाद सिपाही)। रांची-पुरुलिया सड़क पर राजाडेरा के पुराने पंचायत भवन के समीप शनिवार को बोलेरो जीप और ऑटो में आमने-सामने से टक्कर हो गई। इस हादसे में ऑटो में सवार एक ही परिवार के तीन सदस्य सहित आधा दर्जन लोग घायल हो गये। बताया जा रहा कि बोलेरो पुरूलिया से रांची जा रहा था। जबकि ऑटो गोंदलीपोखर से जोन्हा बाजार जा रहा था। बोलेरो ने ऑटो को सीधा टक्कर मार दी। जिसमें एक ही परिवार के हेसलाबेड़ा निवासी अजीत भोगता (38), रुपा देवी(35), अंशु भोगता (12) सहित छह लोग घायल हो गये। सभी घायलों को सीएचसी पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए रिम्स अस्पताल रेफर किया गया। वहीं, अनगड़ा पुलिस ने दोनों वाहनों को जब्त कर लिया।**

# एटीएम मशीन में लगी आग



**इटकी (आजाद सिपाही)।** यूनियन बैंक के एटीएम के सीपीयू एवं अन्य उपकरण में शुक्रवार की रात आठ बजे आग लग गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार आग बिजली के तारों में शॉर्ट सर्किट होने से आग लगी। हालांकि एटीएम के बगल में बर्तन दुकान के मालिक मंजीत प्रसाद की सूजबूझ से उनके अपने अग्रि शामक यंत्र की मदद से आग को बुझा दिया गया। इस दौरान एटीएम के सीपीओ सहित कई अन्य उपकरण जल गये। हालांकि कैश मशीन को किसी प्रकार की क्षति नहीं पहुंची हैं। बताया जा रहा कि अचानक एटीएम से धुआं निकलने लगी। इस दौरान अपनी बर्तन दुकान को बंद कर रहे मनजीत प्रसाद की नजर एटीएम में चिनगारी के साथ उठते धुआं पर पड़ी। मनजीत ने तुरंत अपनी दुकान में रखे अग्रि शामक यंत्र लेकर एटीएम के अंदर प्रवेश किया और आग को बुझा दिया। उसकी सूचना बैक प्रबंधक और थाना को दी गई है। बतातें चलें कि उक्त एटीएम पिछले एक महीने से बंद है। फिर भी इसे खुला रखा जाता है। वहीं, उसमें अपना अग्निशामक यंत्र भी नहीं है।

# महाराणा प्रताप जयंती पर अखिल राजपुताना कल्याण न्यास की दिखी एकता, नये पदाधिकारियों की घोषणा



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** अखिल राजपुताना कल्याण न्यास लालगंज टाटीसिलवे की ओर से शनिवार को महाराणा प्रताप की जयंती मनाई गई। इसमें बड़ी संख्या में राजपूत परिवारों ने भाग लिया और देश के महान वीर सपूत महाराणा प्रताप को श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम की शुरूआत उनकी तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर की गई। इस दौरान न्यास की लालगंज टाटीसिलवे शाखा के पदाधिकारियों की भी औपचारिक घोषणा की गई। मुख्य संरक्षक के रूप में यदुवीर सिंह और चंद्रकांत सिंह, संरक्षक बिंदेश्वरी सिंह, अवध बिहारी सिंह, दिलीप सिंह, शैलेंद्र सिंह को जिम्मेदारी दी गई। सलाहकार के रूप में रामदेव सिंह, रणवीर सिंह, अजय सिंह फोकस, हरेंद्र सिंह, रमेश सिंह, राजीव सिंह, गंगा प्रसाद सिंह, राजेंद्र सिंह तथा त्रिभुवन सिंह को मनोनीत किया गया। संगठन मंत्री शैलेंद्र सिंह, कामाख्या सिंह, मृगेंद्र सिंह, योगेंद्र सिंह, उपाध्यक्ष के रूप में मिथलेश सिंह, अमर सिंह, ब्रजेश सिंह, सचिव संजीव सिंह, उपसचिव राजकुमार सिंह, कोषाध्यक्ष अशोक कुमार सिंह एवं उपकोषाध्यक्ष संतोष सिंह को नियुक्त किया गया। मीडिया प्रभारी अमरेंद्र सिंह और गौतम सिंह को बनाया गया है। वहीं प्रवक्ता परशुराम सिंह एवं आलोक रघुवंशी को बनाया गया। वहीं, कार्यकारिणी सदस्यों में बिजेंद्र सिंह, आमोद सिंह, हरिशंकर सिंह, मधुरेश सिंह एवं लालबाबू सिंह को शामिल किया गया। उल्लेखनीय है कि न्यास के अध्यक्ष के रूप में पूर्व कर्नल बिरेंद्र कुमार सिंह को पहले ही मनोनीत किया जा चुका है। इस आयोजन के माध्यम से राजपूत समाज में एकता, संगठन और राष्ट्रभक्ति की भावना को और सशक्त करने का संदेश दिया गया।

# जेपी अस्पताल में कविगुरु रबींद्रनाथ टैगोर की 164वीं जयंती पर दी गयी श्रद्धांजलि

**धनबाद (आजाद सिपाही)।** कविगुरु रवींद्रनाथ टैगोर की 164वीं जयंती पर झारखंड बांग्ला भाषा उन्नयन समिति की ओर से बलियापुर रोड कोलाकुसमा, मंझिलाडीह स्थित जेपी अस्पताल के सभागार में श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित की गई। इस दौरान जेपी अस्पताल के चेयरमैन प्रदीप मंडल की अध्यक्षता में सभा का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में बीसीसीएल के पूर्व मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर एएम राय, डॉक्टर एनएम दास, झारखंड बांग्ला भाषा उन्नयन समिति के संस्थापक बेंगू ठाकुर उपस्थित थे। इनके अलावा कोयलांचल विश्वविद्यालय के पूर्व विभागा अध्यक्ष शर्मिला बनर्जी भी उपस्थित थी। साथ ही संस्था के उपसभापति भवानी बंदोपाध्याय, झारखंड बांग्ला भाषा के युवा मोर्चा के अध्यक्ष नित्यानंद मंडल, तमाल राय, गोविंदपुर से बुवाई दत्ता भी उपस्थित थे। संस्था के धनबाद जिला समिति के अध्यक्ष सूचित रंजन मुखर्जी एवं संपादक, पार्थो सरोती दत्ता, अनिल कुंभकार, पिया बनर्जी, मंजू दत्ता, शिबू चक्रवर्ती एवं गोविंदो ठाकुर, प्रणव देव आदि उपस्थित थे। सभी वक्ताओं ने कविगुरु रविंद्रनाथ टैगोर के विचारों, उनके उपन्यासकार, लेखक एवं एक कवि के रूप में उनके विचारों को व्यक्त किया। साथ ही भक्ताओं ने बारी-बारी से उनके विचारों पर प्रकाश डाला। कविगुरु रवींद्रनाथ ठाकुर की उपन्यास चण्डालीका पर चर्चा की गयी। मंच संचालन सुजाता रंजन ने किया। इस मौके पर पार्थ सारथी दत्ता, अपर्णा नाथ, गोविन्दो ठाकुर, सोमेंद्र नाथ दत्ता के अलावा ज्ञापन समिति के अध्यक्ष सुजीत रंजन मौजूद थे।

# लापुंग में सरना झंडा गड़ी प्रार्थना सभा और मिलन समारोह का हुआ आयोजन

**लापुंग (आजाद सिपाही)।** झंडा प्रार्थना सभा झंडा मिलन समारोह 12 मई को लापुंग के माड़ी दरमीटोली में आयोजित होगा। इसमें मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और उनकी पत्नी कल्पना सोरेन बतौर मुख्य अतिथि शामिल होंगें। माड़ी दरमी टोली में झंडा गड़ी में क्षेत्र के अन्य गणमान्य लोगों को भी आमंत्रित किया गया है। कार्यकर्म का संचालक भारत आदिवासी युवा संघ धर्म गुरु पढ़हा राजा विजय बारला को बनाया गया है। बतातें चलें कि पढ़हा जतरा का आयोजन 12 से शुरू होगा, जो 30 मई तक चलेगा। इसमें जयमंगल मुंडा, पवन बारला, छुनकु मुंडा, पूषा मुंडा, अनिमा मुंडाईन एवं गुनिता मुंडा आदि को आमंत्रित किया है।

## सड़क हादसे में कई लोग घायल

**भंडारीदह/बेरमो (आजाद सिपाही)।** फुसरो-चंद्रपुरा मुख्य सड़क मार्ग अंतर्गत भंडारीदह सोनाडाली मंदिर के पास शुक्रवार की रात सड़क हादसे में चारपहिया वाहन में सवार कई लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी शादी समारोह से लौट रहे थे। उन्हें चंद्रपुरा पुलिस एवं जीप सदस्य नीतू सिंह के सहयोग से अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# संत जगत ज्ञान महर्षि मेंहिं स्कूल में छात्र परिषद का गठन



**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के पुरियो गांव स्थित संत जगत ज्ञान महर्षि मेंहि पब्लिक स्कूल में शनिवार को संपादित विभिन्न गतिविधियों और कार्यक्रमों के समुचित संचालन के लिए छात्र परिषद का गठन किया गया। इसके अंतर्गत कक्षा 10वीं के अरुण उरांव को हेड ब्वाय और मुनमुन केशरी को हेड गर्ल नियुक्त किया गया। जबकि कक्षा नौवीं से उप हेड ब्वाय शौर्य सिंह और उप हेड गर्ल पीहू केशरी को बनाया गया। विद्यालय स्तरीय अन्य गतिविधियों को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए सांस्कृतिक हेड ब्वाय राजकुमार साहू एवं अर्सलान मलिक और हेड गर्ल कुमकुम केशरी एवं स्नेहा अधिकारी को बनाया गया। प्रार्थना सभा की उचितं प्रकार से संचालन के लिए अराध्या गुप्ता, खुशी साहू, हिमांशु कुमार और साफात नसीर को प्रार्थना सभा प्रभारी नियुक्त किया गया। वहीं, विद्यालय में सुचारू रूप से खेल संबंधित व्यवस्था के लिये अमृत साहू और सुष्मिता कुमारी को हेड बॉय और हेड गर्ल बनाया गया। विद्यालय परिसर में अनुशासन बनाए रखने के लिए सभी वर्गों के विभिन्न छात्र छात्राओं को अनुशासन समिति का प्रभार सौंपा गया। इसके बाद विद्यालय के निदेशक डॉ पंकज राज और प्राचार्य संदीप राज ने कहा कि विद्यालय में छात्र परिषद की एक महत्वपूर्ण भूमिका होती है। सभी कार्यों के संचालन में आप सभी को आगे आना है और दूसरे बच्चों को भी सभी कार्यक्रमों में भाग लेने के लिए प्रेरित करना है। कहा कि आशा करता हूं कि आप सभी को जो ज़िम्मेदारियां सौंपी गई हैं उनका ईमानदारी पूर्वक निर्वहन करेंगे। अंत में सभी पदासीन विद्यार्थियों को पद की गरिमा की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक राजकुमार और अजित ने किया। इस मौके पर शिक्षक विवेक कुमार, अम्बुज माझी, श्रवण कुमार, रामानंद तिवारी, मोहित पुराण, दीप्ति कुमारी, अमला कुमारी, दुलारी एक्का, लक्ष्मी उरांव, अंजलि कुजूर, प्रेरणा कुमारीव और अश्मिता कुमारी आदि उपस्थित थीं।

# लिंडसे क्लब में मनी रबींद्रनाथ की जयंती

**धनबाद (आजाद सिपाही)। हीरापुर के भिस्तीपाड़ा स्थित लिंडसे क्लब एंड लाइब्रेरी प्रांगन में विश्व कवि रबींद्रनाथ टैगोर की 164वीं जयंती समारोह पूर्वक मनायी गयी। कार्यक्रम का शुभारंभ लिन्डसे क्लब एवं पुस्तकालय के अध्यक्ष अमरेन्दु सिन्हा, सचिव सलिल विश्वास, कोषाध्यक्ष मनोज मजुमदार एवं सांस्कृतिक सचिव डॉक्टर देवयानी विश्वास, सह सचिव अरुण बनर्जी, शर्मिला सिन्हा एवं वुलवुलि मिश्र द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इस दौरान सभी ने कविगुरु रवींद्रनाथ टैगोर की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की। वहीं, छोटे-छोटे बच्चों ने कवि गुरु कि कविता वीरपुरुष पर आधारित नाटक प्रस्तुत किया। इसके बाद क्लब के सदस्यों द्वारा नृत्य नाटिका नटराज का मंचन किया गया। वहीं, कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए क्लब के अध्यक्ष एवं सचिव ने सभी महिला एवं पुरुष सदस्यों का आभार व्यक्त किया।**

# सिर से उठा मां-बाप का साया, अनाथ हुए चार नाबालिग

## बच्चों की देखभाल के लिए प्रशासन से लगायी मदद की गुहार

आजाद सिपाही संवाददाता

**बेड़ो।** इसे कुदरत का कहर कहें या नाबालिग बच्चों की बदकिस्मती। दो दिनों में माता-पिता की आकस्मिक निधन के बाद चार नाबालिग अनाथ हो गये हैं। समाजसेवी चरवा उरांव और पूर्व मुखिया सुनील कच्छप ने बताया कि प्रखंड के हरिहरपुर जामटोली गांव में पंची उराईंन की मौत विगत आठ मई को बीमारी की वजह से हो गयी थी। उसके एक दिन बाद यानी नौ मई को पिता गणेश उरांव की भी मौत सदमे से हो गयी। पंची उराईंन और गणेश उरांव के निधन के बाद उनके चार बच्चे अचानक अनाथ हो गये हैं। चारों नाबालिग में सबसे बड़ी बहन आरती कुमारी और रूपा कुमारी राजकीयकृत मध्य विद्यालय बेड़ो बालक में आठवीं कक्षा में पढ़ती हैं, जबकि बहन सुचिता उरांव और एक भाई रितेश उरांव आरसी प्राथमिक विद्यालय से इस वर्ष पांचवीं कक्षा पास किये है। उधर, घटना की जानकारी मिलते ही पूर्व जिप सदस्य मनोज लकड़ा 12 पड़हा राजा विशाल उरांव और समाजसेवी चरवा उरांव उनके घर पहुंचे। माता-पिता के निधन के बाद रोते-बिलखते चारों बच्चों को सांत्वना दिया।



बेड़ो के हरिहरपुर जामटोली गांव में माता-पिता के निधन के बाद अनाथ बच्चे।

### अब कैसे होगी परवरिश कौन, बनेगा तारणहार...

पंची उराईंन और पिता गणेश उरांव की निधन के बाद आरती और उसके भाई-बहन पूरी तरह बेसहारा हो गये हैं। अब सवाल उठ रहा है कि इन चारों भाई-बहनों की परवरिश कैसे होगी? क्योंकि, गरीबी के बीच जीने वाले चारों भाई-बहनों को ऐसी हालत में कौन देखरेख करेगा? हालात ऐसे है कि इनके समक्ष रोटी का जुगाड़ करना बड़ी चुनौती है। हालांकि चारों बच्चे अभी गांव में ही हैं। रिश्तेदार भी गरीब हैं। जिस कारण उनकी देखभाल एवं सुरक्षा पर सवाल खड़ा हो गया है। दूसरी ओर, पूर्व जिप सदस्य मनोज लकड़ा, 12 पड़हा राजा विशाल उरांव, समाज सेवी चरवा उरांव, पूर्व मुखिया सुनील कच्छप और मुखिया लक्ष्मी कोया ने कहा कि अगर इन बच्चों को आश्रय और सुरक्षा नहीं मिला तो ये बच्चे मानव तस्करी का शिकार हो सकते हैं। उन्होंने जनप्रतिनिधियों एवं प्रखंड प्रशासन से बच्चों को सुरक्षा, आश्रय, शिक्षा और जीविका चलाने में मदद करने की मांग की है। मुखिया लक्ष्मी कोया ने अनाथ बच्चों को तत्काल राहत के लिए एक बोरा चावल मुहैया कराते हुए मदद करने का आश्वासन दिया।

# भारतीय सेना के समर्थन में रांची भाजपा ओबीसी मोर्चा ने निकाला विजय जुलूस



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** भारतीय सेना द्वारा चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर की सफलता को लेकर भाजपा ओबीसी मोर्चा रांची जिला ग्रामीण के जिलाध्यक्ष नरेश साहू के नेतृत्व में शनिवार को गोंदलीपोखर चौक में विजय जुलूस निकाला गया। नरेश साहू ने कहा कि भारतीय सेना ने पहलगाम हमले का मुंहतोड़ जवाब दिया है। सेना ने आतंकी अजहर मसूद के खानदान का जनाजा निकाल दिया। आज का दिन देश के लिए गर्व का पल है। इस मौके पर कोषाध्यक्ष रविंद्र कुमार वर्मा, मंत्री चतुर साहू, बूथ अध्यक्ष कुलदीप कुमार, प्रदीप कुमार राम, मंडल अध्यक्ष सुनील कुमार महतो, पूर्व मण्डल अध्यक्ष अजय कुमार महतो, महामंत्री राजेन्द्र महतो, मण्डल उपाध्यक्ष घनेनाथ महतो, निशांत कुमार, आकाश कुमार आदि मौजूद थे।

## दमकारा निवासी युवक ने सल्फास खाया, इलाज कराने को लेकर चला हाइ वोल्टेज ड्रामा

गुमला (आजाद सिपाही)। पालकोट थाना क्षेत्र के दमकारा निवासी 22 वर्षीय युवक ने सल्फास खा लिया। परिजन व गांव के लोग शुक्रवार की रात 11 बजे उसे सदर अस्पताल लेकर आए जहां इलाज कराने को लेकर उसने हाई वोल्टेज ड्रामा किया। वह अपना इलाज कराना नहीं चाह रहा था। युवक की मां ने बताया मैंने उसे सल्फास की गोली खाते हुए देखा था। परिजन और डॉक्टर ने उसे लाख समझाया, लेकिन वह किसी की बात मानने को तैयार नहीं था। इसके बाद परिजन भी परेशान हो गये। डॉक्टर और अस्पताल कर्मी को इलाज करने पर केस करने की धमकी भी दी साथ ही अस्पताल में कार्यरत कर्मियों का वीडियो भी बनाया। इसके बाद परिजन उसे अस्पताल में ही बैठा कर रखे थे। हालांकि उसने सल्फास क्यों खाया इसका पता नहीं चल पाया। समाचार लिखे जाने तक उसका इलाज नहीं हो पाया था।

# 350 ग्राम ब्राउन शुगर के साथ तीन कारोबारी गिरफ्तार, पिस्टल बरामद

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** गुमला और टोटो थाना की पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर शुक्रवार की देर शाम बड़काडीह पेट्रोल पंप के समीप तीन ब्राउन शुगर तस्करों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से 350 ग्राम ब्राउन शुगर पिस्टल व दो कार बरामद किया गया। इनमें से एक कारोबारी गढ़वा जिला का और दो लोग गुमला शहर के रहने वाले हैं। तीनों के पास से पुलिस ने करीब साढे 350 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद किया है, साथ ही एक पिस्टल के साथ दो कार भी बरामद किया है। बरामद कार में एक वरना और एक क्रेटा शामिल है। तीनों को पुलिस टोटो थाना में रखकर पूछताछ कर रही है। पकड़े गये तीनों युवकों का नाम क्रमशः गुमला शहर के मेन रोड निवासी राहुल साव, बैंक कॉलोनी दुनदूरिया का विकास और गढ़वा जिला का मंटू खान बताया जा रहा है। मंटू खान ब्राउन शुगर का बड़ा तस्कर है और पूरे क्षेत्र में ब्राउन शुगर की सप्लाई करता है। मंटू खान ब्राउन शुगर सप्लाई करने घाघरा की ओर आ रहा था वही गुमला से दोनों युवक घाघरा की ओर जा रहे थे पुलिस को गुप्त सूचना मिली इसके बाद तीनों को गिरफ्तार किया गया। हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हो पाई है। पुलिसिया पूछताछ में इन्होंने कई अहम जानकारी पुलिस को दी है। जिसके आधार पर पुलिस आगे की कार्रवाई व छापामारी में जुटी हुई है। पुलिस को आगे और भी कई सफलता मिलने की संभावना बताई जा रही है। जब पुलिस तीनों अपराधियों को पकड़ने पहुंची तो पुलिस को देखकर तीनों भागने लगे इस क्रम में फायरिंग भी हुई, लेकिन यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि यह फायरिंग पुलिस की ओर से हुई या अपराधी की ओर से हुई है। बताया जाता है कि ब्राउन शुगर खरीद बिक्री के कार्य में राहुल और विकास की गिनती अग्रणी श्रेणी में है। दोनों गुमला जिले में ब्राउन शुगर की बिक्री करते थे। फिलहाल तीनों से पूछताछ जारी है।



# आयुष्मान कार्ड निर्माण की धीमी प्रगति पर उपायुक्त ने जतायी नाराजगी

पीभीटीजी समुदायों को शत-प्रतिशत लाभ पहुंचाने पर जोर

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** समाहरणालय भवन के सभागार में शनिवार को प्रधानमंत्री जन मन योजना की विभागीय समीक्षा बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने की। बैठक में जिले के सभी प्रमुख विभागों के अधिकारियों ने भाग लिया और विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूह, समुदायों तक शत-प्रतिशत सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए कार्यों की समीक्षा की गयी। उपायुक्त ने जल जीवन मिशन के तहत अब तक 112 पीवीटीजी गांवों में पूर्ण हुई जल योजनाओं का उल्लेख करते हुए अधिकारियों को घर-घर नल कनेक्शन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। साथ ही सभी खराब जलमीनारों व चापाकलों की मरम्मत और गर्मी को देखते हुए पूर्व तैयारी के आदेश दिये गये। पीएचईडी विभाग को जल की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने को कहा गया। वहीं आयुष्मान कार्ड निर्माण की धीमी प्रगति पर नाराजगी जताते हुए उपायुक्त ने लंबित कार्ड जल्द जारी करने के निर्देश दिए। इसके अलावा सभी नये सरकारी भवनों पर दफ कोड आधारित शिलापट्ट लगाने का निर्णय लिया गया, जिससे भवन निर्माण की पारदर्शिता बनी रहे। समीक्षा के दौरान JSLPS जेएसएलपीएस को पीवीटीजी-वीडीवीके को सक्रिय करने और गुमला हाट में जनजातीय उत्पादों के प्रदर्शन के निर्देश दिये गये। मोबाइल नेटवर्क समस्या पर चर्चा करते हुए औरापाट व ललमटिया क्षेत्र में शीघ्र टावर लगाने के लिए विभागीय समन्वय पर बल दिया गया। बैठक में पीएम किसान, केसीसी, अटल पेंशन, विश्वकर्मा योजना समेत अन्य कल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा कर उनके प्रभावी क्रियान्वयन हेतु अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।



# एसडीओ ने विभिन्न संचालित योजनाओं का किया निरीक्षण

आजाद सिपाही संवाददाता

**कामडारा।** कामडारा प्रखंड क्षेत्र में बसिया एसडीओ जयवंती देवगम के द्वारा शनिवार को कामडारा प्रखंड के ग्रामीण इलाके के भ्रमण कर सरकार द्वारा संचालित विकास कार्यों का निरीक्षण किया। दौरा के क्रम में एसडीओ ने गांव जरिया में सुंदरी कुमारी और तुरबूल में लोरेंस कंडुलना का निर्माणाधीन अबुआ आवास का निरीक्षण किया। वहीं पोकला गेट में भलेन्सिया तोपनो जरिया गांव में ग्रेगोरी तोपनो के गाय व बकरी शेड और कई लाभुकों के आम बागवानी का भी मुआयना किया। वहीं कामडारा में राशन डीलर महेशचंद्र गुप्ता और गंगा प्रसाद साहु के जन वितरण प्रणाली के राशन दुकान का भी एसडीओ ने निरीक्षण किया। थाना चौक के समीप स्थायी रूप से संचालित मुख्यमंत्री दाल-भात योजना की भी एसडीओ ने जांच करते हुए महिला मंडल की सदस्यों को सही तरीके से रजिस्टर संधारण करने का निर्देश दिया। इसके अलावे केंद्र में बैठकर खाने के लिए रखे गये दुर्घटनाओं को आमंत्रित कर रहा स्लैब को शीघ्र हटा कर उसके जगह प्लास्टिक का टेबल कुर्सी लगाने का निर्देश दी है। दौरा के क्रम में एसडीओ ने कई अन्य गांव का भ्रमण कर कई विकास योजनाओं का भी मुआयना किया। दौरा के क्रम में बीडीओ जोसेफ कंडुलना सीओ सुप्रिया एक्का समेत अन्य लोग मौजूद थे।

क्षेत्र भ्रमण के पश्चात एसडीओ जयवंती देवगम ने कामडारा प्रखंड मुख्यालय परिसर में प्रखंडकर्मियों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित कर विभिन्न विभागों के माध्यम से चलाये जा रहे योजनाओं की समीक्षा की। तथा बीडीओ जोसेफ कंडुलना और सीओ सुप्रिया एक्का को कई आवश्यक दिशा - निर्देश भी दिए।



# शहर के बाजार टांड़ बस स्टैंड में उत्पाद विभाग की शराब के विरुद्ध छापामारी

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** उपायुक्त गुमला के निदेर्शानुसार उत्पाद अधीक्षक गुमला के निर्देश पर गुमला शहरी क्षेत्र के बाजार टांड़ एवं बस स्टैंड में अवैध शराब के विरुद्ध शनिवार की अपराह्न 3 बजे छापामारी अभियान चलाया गया। छापामारी अभियान में करीब 30 लीटर अवैध महुआ चुलाई शराब जप्त किया गया साथ ही लगभग 20 लीटर हडिया को बस स्टैंड से जप्त कर नष्ट किया गया। उत्पाद अधीक्षक प्रदीप कुमार करमाली ने बताया शहर में कई स्थानों पर अवैध रूप से महुआ चुलाई शराब की बिक्री की जाती है जिससे युवा व स्कूली छात्र इसकी लत लगने से अपना जीवन बर्बाद कर रहे हैं। साथ ही सड़क दुर्घटना वृद्धि और अपराध हो रहा है। उन्होंने बताया अवैध शराब के विरुद्ध लगातार अभियान चलाया जायेगा। लोग हडिया दारु की बिक्री छोड़कर सरकार द्वारा संचालित कल्याणकारी योजनाओं से जुड़कर आत्मनिर्भर बने। नियम के विरुद्ध कार्य करने वालों को किसी भी कीमत पर नहीं बक्शा जाएगा। मौके पर उत्पाद विभाग के कर्मी और गुमला थाना के पुलिस बल शामिल थे।



## राजनगर चेटर में पोल नहीं लगाये गये तो 10 दिनों के बाद बिजली विभाग में तालाबंदी



गुमला (आजाद सिपाही)। गुमला शहर से सटे राजनगर चेटर में बिजली पोल नहीं लगाने से नाराज ग्रामीणों ने बैठक की। बैठक की अध्यक्षता शिक्षक संघ के गुमला प्रखंड अध्यक्ष बागेश्वर प्रजापति ने किया। बैठक का संचालन भारत माला के अध्यक्ष राजेश मिंज ने किया। ग्रामीणों ने बताया कि छह महीने पहले बिजली विभाग को लिखित आवेदन दिया गया था। मांग की गई थी कि राजनगर चेटर में पोल और खंभे लगाये जाएं। अब तक विभाग ने कोई कार्रवाई नहीं की। इसके बाद दोबारा आवेदन दिया गया। अब तक पोल नहीं गाड़े गये हैं। इसी कारण बैठक बुलाई गयी है। बैठक में तय हुआ कि दस दिनों के अंदर पोल नहीं लगाये गये तो सभी ग्रामीण और झारखंड प्रदेश प्रतिज्ञा महिला एसोसिएशन बिजली विभाग में ताला जड़ेंगे। इसकी पूरी जिम्मेदारी विभाग की होगी। बैठक में सिसिलिया, आनंद, रीता टोप्पो, मधु कुज्जूर, सुषमा तिर्की, ममता देवी, सुनीता देवी, वीणा देवी, पूर्णिमा देवी, अमृता देवी, अनीमा देवी शामिल हुईं। झारखंड प्रदेश महिला एसोसिएशन की अध्यक्ष देवकी देवी को भी बैठक में बुलाया गया था। बैठक में नशा के खिलाफ अभियान चलाने और अस्पताल की अव्यवस्था को दूर करने पर भी चर्चा हुई।

## बीडीओ ने राशन डीलर के साथ बैठक की



घाघरा (आजाद सिपाही)। प्रखंड कार्यालय परिसर के सभागार में बीडीओ दिनेश कुमार ने राशन डीलर के साथ बैठक किया। बैठक में बीडीओ दिनेश कुमार ने राशन डीलर को निर्देश देते हुए कहा कि ई केवाईसी पर सभी डीलर फोकस करें। घर-घर जाकर ई केवाईसी का कार्य को जल्द पूरा करे। इसके साथ ही मृत हो चुके व्यक्ति, विवाह कर-के बाहर चली गई महिला की सूची बनाकर जल्द जमा करें। ताकि वैसे लाभुकों को राशन कार्ड से नाम डिलीट किया जा सके। इसके साथ ही एनएफएसए से राशन वितरण और ग्रीन राशन कार्ड वितरण की समीक्षा की। साथ ही बीडीओ ने कहा कि लापरवाही बरतने वाले राशन डीलर से स्पष्टीकरण की मांग की जाएगी। अगर राशन डीलर स्पष्टीकरण नहीं देंगे तो निश्चित तौर पर उनके खिलाफ कार्रवाई होगी। राशन वितरण ससमय करें। किसी भी तरह की समस्या राशन वितरण को लेकर ना हो। मौके पर राशन डीलर श्याम बिहारी शुक्ला, निमाज खान, शिशिर शर्मा, प्रसाद साहू, वीरेंद्र साहू, संजय साहू, प्रकाश कुमार सहित कइ राशन डीलर उपस्थित थे।

# नहीं रहे चेंबर के पूर्व उपाध्यक्ष अनिल स्वेता

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** शहर के जाने माने व्यवसाई व समजसेवी और गुमला चेंबर के पूर्व उपाध्यक्ष अनिल स्वेता का कल रात को आकस्मिक निधन हो गया। स्व. आमिल विगत कुछ महीनो से बीमार चल रहे थे। शुक्रवार को अचानक रात के लगभग 12:30 बजे अपने आवास पर ही उन्होंने आखिरी सांस ली। स्व. अनिल गुमला के एक अच्छे व्यवसायी के साथ बहुत ही मधुर स्वभाव के व्यक्ति थे। सभी के साथ उनका संबंध बहुत सुंदर हुआ करता था वे गुमला के कई सामाजिक संगठन से भी जुड़े थे। गुमला चेम्बर में उपाध्यक्ष पद पर रहे और कई दायित्व का निर्वाह किया। चेम्बर अध्यक्ष राजेश सिंह ने उनके निधन पर शोक प्रकट करते हुए कहा कि दुख की इस बेला में पूरा चेंबर उनके परिवार के प्रति संवेदना प्रकट करता है और उनके आत्मा की शांति के लिये हम प्रार्थना करते हैं। शोक प्रकट करने वालों में क्षेत्रीय उपाध्यक्ष रमेश कुमार चीनी, चेंबर उपाध्यक्ष अभिजीत जायसवाल, राजेश लोहानी, सचिव बब्लू वर्मा, सह सचिव प्रणय साहू, कोषाध्यक्ष अमित मंत्री गोलू, पी आर ओ आदित्य गुप्ता और प्रतीक अग्रवाल, मीडिया प्रभारी इम्तेयाज मिनी, निवर्तमान अध्यक्ष दामोदर कसेरा, पूर्व अध्यक्ष अशोक जैसवाल, पवन अग्रवाल, विनोद केसरी, विजय द ग्रेट, दिलीप कुमार मंत्री, ओम प्रकाश साहू, सोहन लाल अग्रवाल, अमित पोद्दार, दीपक कुमार गुप्ता, रमेश कुमार चीनी, शशि प्रिया बंटी, पदम साहू, दामोदर कसेरा डीके, मोहम्मद शब्बू, अनमोल गुप्ता, अमित महेश्वरी, महेश कुमार लाल, सरजू प्रसाद हिमांशु केसरी व दिनेश कुमार अग्रवाल,, कार्यकारिणी के - विकास सिंह, राहुल केसरी, गुननु शर्मा, पंकज खण्डेलवाल, अमित मंत्री, दिलीप गुप्ता, गुरमीत सिंह, नीरज गुप्ता, अनिकेत कुमार, शंकर साहू, संजीव शर्मा, योगेश शर्मा, अभिषेक कुमार, मुन्नी लाल साहू, ज्योति कुमारी, रितेश गुप्ता, सोनी भगत,बृज फोगला, उपसमिति के शिवम जायसवाल, रवि गुप्ता, दीपक अग्रवाल, अजय कुमार धान, शेखर अग्रवाल, पंकज सोनी, संदीप प्रासाद, रूपक कुमार, राजू श्रीवास्तव, मो0 शाहनवाज, राजकुमार गैस, दिनेश कुमार आदि शामिल हैं।



अनिल स्वेता का फाइल फोटो।

# चैनपुर बीडीओ ने किया सुदूरवर्ती गांवों का निरीक्षण

आजाद सिपाही संवाददाता

**चैनपुर।** चैनपुर प्रखंड के सुदूरवर्ती प्रखंड जनावल पंचायत के डोका पाठ, बेसना पाठ, गढ़ा पाठ, ककरंगा पाठ का शनिवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी यादव बैठा ने निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने पंचायत सचिव विश्वकर्मा मिंज, और आवास कॉर्डिनेटर कमलेश बारला के साथ मिलकर सरकार की कई महत्वाकांक्षी योजनाओं का बारीकी से जायजा लिया।

प्रखंड विकास पदाधिकारी ने ग्रामीणों को प्रधान मंत्री आवास योजना और अबुआ आवास योजना के बारे में जागरूक करते हुए बताया कि योजनाओं का लाभ उठाने में कोई भी चूक न होने पाये। उन्होंने यह निर्देश भी दिया कि जिन लाभुकों के खातों में पैसे पहुंच गये हैं लेकिन कार्य अभी तक शुरू नहीं हुआ है उन्हें जल्दी से कार्य प्रारंभ करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाओं का लाभ लेने के लिए सभी आवश्यक दस्तावेजों को पूरा करना होगा। बीडीओ यादव बैठा ने स्पष्ट किया है कि यदि निर्धारित समय पर कार्य शुरू नहीं किया गया तो इसके खिलाफ उचित कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को कार्य की गति को तेज करने के लिए आवश्यक कदम उठाने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाओं का लाभ लेने के लिए सभी को समय पर कार्य करना होगा। प्रखंड विकास पदाधिकारी ने ग्रामीणों से अपील की कि वे अपनी समस्यायें सीधे उनसे साझा करें, ताकि उन्हें हल किया जा सके। उन्होंने कहा कि सरकार ग्राम विकास को लेकर कितनी गंभीर है और योजनाओं का लाभ सही लोगों तक पहुंचाने के लिए कितनी सक्रियता से कार्य कर रही है। उन्होंने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि उनकी समस्याओं का समाधान करने के लिए वे हमेशा तैयार हैं। इस निरीक्षण से यह स्पष्ट होता है कि सरकार ग्राम विकास को लेकर कितनी गंभीर है और योजनाओं का लाभ सही लोगों तक पहुँचाने के लिए कितनी सक्रियता से कार्य कर रही है। प्रखंड विकास पदाधिकारी यादव बैठा के नेतृत्व में इस तरह के निरीक्षण से ग्रामीणों को योजनाओं का लाभ लेने में मदद मिल रही है और ग्राम विकास की गति तेज हो रही है। निरीक्षण का उद्देश्य था योजनाओं का सही क्रियान्वयन सुनिश्चित करना और ग्रामीणों को योजनाओं का लाभ लेने में आने वाली समस्याओं का समाधान करना। प्रखंड विकास पदाधिकारी ने कहा कि वे ग्रामीणों की समस्याओं को सुनने और उनका समाधान करने के लिए हमेशा तैयार हैं।



## भरनो अंचल में 1932 खतियानी जमीन की अद्यतन खाता सूची जारी

गुमला (आजाद सिपाही)। जिला प्रशासन गुमला द्वारा भरनो अंचल क्षेत्र के 24 राजस्व ग्रामों में 1932 खतियानी जमीन से संबंधित अद्यतन खाता सूची का प्रकाशन कर दिया गया है। यह कार्य उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी के निर्देश पर भरनो अंचल कार्यालय द्वारा तत्परता से पूरा किया गया। जो कि अंचल निरीक्षण के दौरान दिए गए निदेशों के आलोक में संपन्न हुआ। इस प्रक्रिया के अंतर्गत पुराने खातों की जगह नवीन खातों की सूची तैयार की गई, जो अब अंचल कार्यालय भरनो, संबंधित पंचायत कार्यालयों एवं निबंधन कार्यालयों में अवलोकन हेतु उपलब्ध है। भूमिधारी अब अपने पुराने खाता या प्लॉट नंबर के आधार पर अद्यतन सूची में अपने जमीन संबंधी विवरण का मिलान कर सकते हैं। इस पहल का उद्देश्य भूमि रिकार्ड्स को डिजिटल और सटीक बनाना है ताकि भविष्य में भूमि विवाद, म्यूटेशन, रजिस्ट्री आदि में पारदर्शिता सुनिश्चित की जा सके और नागरिकों को सुविधाजनक सेवाएं मिल सकें। भरनो अंचल अधिकारी के अनुसार कुल 69 राजस्व ग्रामों में से अब तक 24 ग्रामों की सूची जारी कर दी गई है, जबकि शेष ग्रामों की अद्यतन सूची प्रक्रिया में है और जल्द ही उनका प्रकाशन भी किया जाएगा। जिला प्रशासन ने सभी रैयतों एवं संबंधित भूमि धारकों से आग्रह किया है कि वे समय रहते सूची का निरीक्षण करें और अपने भूमि विवरण का सत्यापन कर आवश्यक सुधार सुनिश्चित करें।

# नियुक्ति पत्र वितरण समारोह का आयोजन

कामडारा (आजाद सिपाही)। कामडारा प्रखंड कांग्रेस कमिटी की बैठक प्रखंड अध्यक्ष अजीत केर-केट्टा की अध्यक्षता में शनिवार को किसान भवन कामडारा में आयोजित की गयी। बैठक में मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष चैतु उरांव उपस्थित थे। बैठक में नियुक्ति पत्र वितरण समारोह कार्यक्रम का आयोजन कर नवगठित कांग्रेस कमिटी के नये पदाधिकारियों को नियुक्ति वितरण पत्र प्रदान की गयी। जिला अध्यक्ष चैतु उरांव और प्रखंड अध्यक्ष अजीत केरकेट्टा ने कार्यकर्ताओं को नियुक्ति पत्र सौंपी, जिसमें उपाध्यक्ष के पद पर देवनीस तोपनो फगुवा घोषाल महासचिव के पद पर सुनीता तोपनो अश्विनी नाग प्रेम प्रकाश सुरीन नारायण साहु जसिंता केरकेट्टा, जॉय तोपनो मनीष राम, पतरस होरो और दाउद होरो को नियुक्ति पत्र सौंपी गयी। बैठक को संबोधित करते हुये जिला अध्यक्ष चैतु उरांव ने कहा कि नये कार्यकर्ताओं को कांग्रेस पार्टी की नीति सिद्धांत और कार्यक्रमों को जन - जन तक पहुंचाने के लिए यह जिम्मेवारी सौंपी गयी है। कांग्रेस पार्टी के द्वारा वर्ष 2025 को संगठन सृजन वर्ष के रूप में रखा गया है। इस कार्यक्रम के तहत प्रखंड मंडल बूथ कमिटी एंव अग्रणी मोर्चा संगठन के पदाधिकारियों की नियुक्ति करना है। मौके पर कांग्रेस नेता अजीत गुड़िया महिला मोर्चा की अध्यक्ष यशोदा देवी यूथ अध्यक्ष बिष्णु चीक बड़ाईक एससी मोर्चा अध्यक्ष अखिलेश्वर राम समेत प्रखंड के कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद थे।

# चेटर में जर्जर रोड-नाली की समस्या और नदी पर अतिक्रमण, प्रशासन से समस्या के समाधान की मांग


सुधाकर कुमार

**गुमला (आजाद सिपाही)।** गुमला शहर से सटे चेटर में जर्जर रोड नाली की समस्या नदी पर अतिक्रमण और भेपर लाइट से मोहल्ले वासी परेशान है। मोहल्ले के लोगों ने बताया थाना चौक से चाहा रोड तक करीब 5 से 6 किलोमीटर चेटर रोड पूरी तरह से जर्जर हो गया है जगह-जगह पर रोड में गड्ढे हैं साथ ही सड़क का डामर टूटकर गिट्टी ऊपर आ गया है जिसके कारण बोल्डर युक्त सड़क में चलते-चलते कई बार सड़क दुर्घटना हो चुकी है। जगह-जगह गड्ढे होने के कारण लोगों को हमेशा दुर्घटना का भय है बना रहता है। साथ ही वाहन के आवागमन से धूल उड़ती है जिससे लोगों का जीना बेहाल है। इस सड़क से प्रतिदिन हजारों लोग और वाहन आवागमन करते हैं खासकर स्कूली बच्चों को आने-जाने में परेशानियों का सामना करना पड़ता है। 10 मिनट की दूरी तय करने में आधा घंटा लग जाता है। वहीं लोगों ने बताया सड़क के किनारे की नाली टूटी फूटी और जाम है। सड़क के एक और नाली बना ही नहीं है। मोहल्ले का पानी बरसात होने पर सड़क से ही बहता है। जिससे गड्ढे का पता नहीं चल पाता है और दुर्घटनाएं होती है। नगर परिषद द्वारा मुहल्ले में कई जगह सोलर युक्त लाइट लगाया गया है, लेकिन सभी लाइट खराब पड़े हैं। बिजली कट जाने पर पूरा मोहल्ला अंधकार हो जाता है। नगर परिषद को कई बार मामले से अवगत कराया गया लेकिन इस दिशा में पहल नहीं की गई। वही चेटर नदी अतिक्रमण के कारण संकीर्ण हो गया है। नदी अब पुलिया बन गया है। साथ ही जगह-जगह नगर परिषद द्वारा कचरा के लिए बॉक्स लगाया गया था लेकिन कई बॉक्स टूटे-फूटे और गायब हो गए हैं। जिसके कारण नदी में ही कचरा फेंका जाता है। साथ ही कई लोगों ने नदी पर अतिक्रमण कर मकान बना लिया है। मोहल्ले वासियों ने प्रशासन से संबंधित समस्याओं में पहल करते हुए कार्रवाई की मांग की है।



## प्रोजेक्ट अजीत के तहत तीन प्रेरक शिक्षक हुए सम्मानित

गुमला (आजाद सिपाही)। प्रोजेक्ट अजीत के तहत इस सप्ताह तीन शिक्षक सम्मानित किये गए। इस सम्मान के लिए सिसई प्रखंड से इसरारूल हक अंसारी, जारी प्रखंड से विक्टोरिया एक्का, और चैनपुर प्रखंड से सूरजनाथ सिंह का चयन किया गया। बताते चलें कि प्रेरणा से परिवर्तन की ओर कार्यक्रम के अंतर्गत चलाए जा रहे प्रोजेक्ट अजीत के तहत प्रति माह टीचर ऑफ द मंथ अवार्ड से शिक्षकों को जिला प्रशासन द्वारा सम्मानित किया जाता है। इसी श्रृंखला में इस सप्ताह तीन प्रेरक शिक्षकों को चयनित कर प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। इन शिक्षकों ने अपने विद्यालयों में नवाचारी शिक्षण विधियों, प्रेरणादायक कक्षा संचालन, और शिक्षा संवाद जैसे पहलों के माध्यम से विद्यार्थियों के बीच सकारात्मक बदलाव लाने में उल्लेखनीय योगदान दिया है।



## पूर्व विधायक इंद्रजीत महतो बीमार, टुंडी विधायक ने मिलकर जाना हालचाल

**धनबाद (आजाद सिपाही)।** सिंदरी के पूर्व विधायक इंद्रजीत महतो के अस्वस्थ रहने की सूचना पाकर शनिवार को कई जनप्रतिनिधि और समाजसेवी उनका हालचाल जानने पहुंचे। टूंडी विधायक और झारखंड विधानसभा के मुख्य सचेतक मथुरा प्रसाद महतो भी इंद्रजीत महतो से मिलने पहुंचे और उनके स्वास्थ्य की जानकारी लेते हुए शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। इस मौके पर उनके साथ मौलाना मुश्ताक अंसारी, युवा नेता दिनेश महतो, अभिषेक पाल और प्रशांत कुमार महतो भी मौजूद रहे।

## चिकित्सक का मोबाइल चोरी करते रंगे हाथ पकड़ाया

**धनबाद (आजाद सिपाही)।** शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल के इमरजेंसी विभाग में शनिवार अहले सुबह चिकित्सक का मोबाइल फोन चोरी करता चोर रंगे हाथ पकड़ा गया। मौके पर मौजूद लोगों ने उसकी जमकर कुटाई कर दी। जानकारी के मुताबिक इस दिन इमरजेंसी विभाग में मौजूद चिकित्सक का मोबाइल फोन वहां मौजूद एक युवक चोरी करने की कोशिश कर रहा था। पर चिकित्सक ने मोबाइल चोरी करते उसे पकड़ लिया। इसके बाद स्थानीय लोगों ने इसकी जानकारी पुलिस को दी। कुछ देर बाद ही पुलिस मौके पर पहुंच गयी और युवक को पकड़ कर थाने ले गयी।

## देवप्रभा आउटसोर्सिंग के निदेशक कुंभनाथ सिंह के खिलाफ धनबाद एसडीएम कोर्ट में लिखित शिकायत

**झरिया (आजाद सिपाही)।** जोरापोखर थाना अंतर्गत बागडिगी बस्ती निवासी नयन चक्रवर्ती ने सुशी (पेटी कांन्टैक्ट) देवप्रभा आउटसोर्सिंग के निदेशक कुंभनाथ सिंह के खिलाफ धनबाद एसडीएम कोर्ट में लिखित शिकायत देकर न्याय की गुहार लगाया है। नयन चक्रवर्ती ने शनिवार को प्रेस वार्ता कर बताया कि आउटसोर्सिंग के निदेशक से उसे डर लग रहा है। वे कभी भी उसकी हत्या करवा सकते हैं। या किसी की हत्या करा कर उसे झूठे आरोप में फंसा सकते हैं। बतातें चलें कि बागडिगी बस्ती से महज 50 मीटर दूरी पर बीसीसीएल क्षेत्र संख्या 10 में आउटसोर्सिंग कंपनी चल रही है। परियोजना की ओर से ग्रामीणों को प्रताड़ित किया जा रहा है। रैयती और सरकारी' जमीन को जबरन काट दिया जा रहा है। हैवी ब्लास्टिंग से हमारे घर और मंदिर क्षतिग्रस्त हो रहे है। ग्रामीणों के साथ मिल कर वो इसका विरोध करते आ रहे है। इसी से नाराज आउटसोसिंग के निदेशक ने उसके और ग्रामीणों पर झूठा मुकदमा दर्ज कराया गया है। जिला प्रशासन न्यायपूर्वक जांच कर कार्रवाई करें। अगर जोरापोखर पुलिस जबरन किसी भी ग्रामीण को गिरफ्तार करती है तो वह थाना के समक्ष जामकर आत्मदाह कर लेगा।

## द्वारिका मेमोरियल में मदर्स डे का आयोजन



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** बिशनपुर द्वारिका मेमोरियल फाउंडेशन एकेडमी में शनिवार को मातृ दिवस समारोह का आयोजन किया गया। इसमें छात्र-छात्राओं की माताओं को आमंत्रित किया गया था। कार्यक्रम का उद्घाटन प्राचार्य मदन कुमार सिंह, उप प्राचार्या पुष्पा सिंह, वरिष्ठ शिक्षिका शशि सिन्हा, हेड ब्वॉय आदित्य राज झा की मां आरती झा ने किया। मां और मातृत्व को समर्पित कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं की सजीव एवं मनमोहक प्रस्तुति दी गयी। इस दौरान दिल को छू लेने वाली कई गीत गाये गये। वहीं, नवम वर्ग के छात्रों ने एक लघु नाटक प्रस्तुत किया जिसमें आज के बेटे द्वारा मां की अनदेखी एवं पश्चाताप किए जाने को चित्रित किया। वहीं, कार्यक्रम को सफल बनाने में नृत्य शिक्षिका श्रावणी का अहम योगदान रहा। अंत में माताओं के लिए भी गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिसमें माताओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। उन्हें पुरस्कृत भी किया गया। जिसमें पहली गतिविधि (गायन) में प्रथम गुंजा कुमारी, द्वितीय अनु यादव और तृतीय आरती देवी, क्विज में प्रथम प्रीति सिंहा, द्वितीय शांति कुंडू और तृतीय प्रियंका कुमारी हुई। प्राचार्य मदन कुमार सिंह ने मां एवं मातृत्व की महिमा का बखान किया। कहा कि मां की महिमा अनंत है। वो बच्चों की प्रेरणा श्रोत है। वहीं, उप प्राचार्या पुष्पा सिंह ने माता-पिता के आशीर्वाद को जीवन की सफलता के लिए सबसे आवश्यक बताया।

# राष्ट्रीय लोक अदालत के शुरुआती दो घंटे में ही एक अरब 9.37 करोड़ रुपये की रिकवरी

## दुर्घटना में पति की हो गयी थी मौत, डालसा ने दिलवाया 99 लाख रुपये का मुआवजा

**दो लाख 40 हजार 702 विवादों का किया गया निपटारा**

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** नालसा के निर्देश पर वर्ष 2025 के दूसरे राष्ट्रीय लोक अदालत में शनिवार को शुरूआती के दो घंटे में ही एक अरब नौ करोड 37 लाख 14 हजार 556 रुपये की रिकवरी की गयी। इस दौरान कुल दो लाख 40 हजार 702 विवादों का निपटारा भी किया गया। वहीं दुर्घटना में पति की हुई मौत के बाद बेसहारा ब्रिजमणी शर्मा को 99 लाख रुपये के मुआवजा का चेक भी मौके पर भुगतान कराया गया।



वृद्ध को ट्राइसाइकिल सौंपते न्यायाधीश एवं अन्य गणमान्य।

इससे पूर्व राष्ट्रीय लोक अदालत का उद्घाटन रांची झालसा के न्यायमूर्ती सुजित नारायण प्रसाद ने ऑनलाइन और धनबाद में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह डालसा के चेयरमैन वीरेंद्र कुमार तिवारी ने किया। इस अवसर पर न्यायाधीश ने कहा कि राष्ट्रीय लोक अदालत संविधान के परिकल्पना को पूरी करने की दिशा में एक अहम कदम है, जो हर तीन माह में आयोजित किया जा रहा है। हमारा संविधान हर नागरिक को सामाजीक, आर्थिक एवं सस्ता सुलभ न्याय की गारंटी देता है। वहीं, अपर समाहर्ता विनोद कुमार ने कहा कि राष्ट्रीय लोक अदालत आम आदमी के हित के लिये लगाये जाते हैं। बिना प्रशासनिक सहयोग के हम समाज तक न्याय नहीं पहुंचा सकते। सीटी एसपी अजीत कुमार ने कहा कि लोक अदालत में महीनों कोर्ट के चक्कर लगाने और पैसे की बर्बादी से बचा जा सकता है। अवर न्यायाधीश सह जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव मयंक तुषार टोपनो ने कहा कि लोक अदालत के माध्यम से व्यापक पैमाने पर मुकदमों का निष्पादन किया जा रहा है। जिसमें समय की बचत के साथ ही वादकारियों को विभिन्न कानूनी पचड़ों से मुक्ति मिल रही है। मंच संचालन एलएडीसीएस के सुमन पाठक एवं मुस्कान ने किया। वहीं, न्यायाधीश मयंक ने बताया कि शुभम सिंह को रेस्टोरेंट चलाने के लिए 50 लाख रुपए का लोन दिलवाया गया, जबकि मुर्गी पालन के लिए बबीता देवी को 20 लाख रुपये के लोन का चेक, मां इलेक्ट्रॉनिक्स को 10 लाख के लोन विवाद को मौके पर निपटा दिया गया। दो दिव्यांगों को मौके पर ही ट्राईसाइकिल दिया गया। वहीं चार बच्चों को जिनके माता पिता नहीं थे उन्हें स्पॉन्सरशिप योजना से जोड़कर पढ़ाई लिखाई के लिए मिलने वाली चार हजार रुपये की राशि का चेक प्रदान किया गया। इस मौके पर प्रधान न्यायाधीश कुटुंब न्यायालय सुभाष, जिला एवं सत्र न्यायाधीश दुर्गेश चंद्रा अवस्थी, पारस कुमार सिन्हा, कुमार साकेत, मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी आरती माला, अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी पार्थ सारथी घोष, अवर न्यायाधीश एंजेलीना जोन, राजीव कुमार सिंह आदि उपस्थित रहे।

## धनबाद में ग्रामीण पुलिसिंग को मिली नयी ताकत

### प्रशिक्षित 231 चौकीदारों के बीच प्रशस्ति पत्र का वितरण

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** जिले में ग्रामीण पुलिसिंग को शनिवार को नई ताकत मिल गयी। 231 चौकिदारों का प्रशिक्षण पूरा हो गया। पुलिस केंद्र में नवनियुक्त ग्रामीण पुलिस (चौकीदार) का पारण परेड आयोजित किया गया। इस मौके पर डीसी माधवी मिश्रा एवं एसएसपी हृदीप पी जनार्दनन ने संयुक्त रूप से परेड का निरीक्षण करते हुए सलामी ली। इसके बाद धनबाद जिले में चली बहाली प्रक्रिया के बाद 60 दिनों की ट्रेनिंग पूरी करने वाले कुल 231 लोगों को ग्रामीण पुलिस (चौकीदार) नियुक्त किया गया है। इसमें 184 पुरुष और 47 महिलाएं शामिल हैं। दो महीने तक चले प्रशिक्षण के दौरान इन सभी को विधि व्यवस्था, यातायात व्यवस्था, शारीरिक दक्षता, अनुसाशन,



भारतीय कानून की जानकारी दी गई। इसके अतिरिक्त पीटी ड्रील, परेड, ड्राइविंग, खेलकूद व व्यायाम का भी प्रशिक्षण दिया गया। पुलिस लाइन में आयोजित पारण परेड समारोह के कुल 8 प्लाटून ने हिस्सा लिया। परेड कमांडर अजय महतो के नेतृत्व में सभी ने परेड के बाद वहां मौजूद अतिथियों को सलामी दी। इस दौरान डीसी ने बहाल हुए सभी 231 लोगों को कर्तव्य एवं निष्ठा की शपथ दिलाई। इसके बाद उनके बीच प्रशस्तिपत्र का वितरण किया गया। इस मौके पर ग्रामीण एसपी कपील चौधरी, एडीएम विधि व्यवस्था पियूष सिन्हा, एसडीएम राजेश कुमार, नगर आयुक्त रविराज शर्मा, डीएसपी विधि व्यवस्था नौशाद आलम, डीएसपी मुख्यालय धीरेंद्र नारायण बंका, डीएसपी ट्रैफिक अरविन्द सिंह, डीएसपी साइबर संजीव कुमार, सर्जेंट मेजर विनोद कुजूर, सर्जेन्ट प्रवीण कुमार, सर्जेन्ट अर्जुन महथा, सर्जेंट लक्ष्मण मेहता, सर्जेंट चारु बेदिया सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

## अवैध बालू लदे दो ट्रैक्टर जब्त

**धनबाद (आजाद सिपाही)।** जिले में खनिज पदार्थों के अवैध खनन, भंडारण एवं परिवहन के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए खनन टास्क फोर्स ने शनिवार को महुदा थाना क्षेत्र से अवैध बालू लदा दो ट्रैक्टर जब्त किया है। साथ ही महुदा थाना में एफआईआर दर्ज कराई है। जिला खनन पदाधिकारी रितेश राज तिग्गा ने बताया कि सुबह 11 बजे गुप्त सूचना पर कार्रवाई की गयी।


**उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, चतरा।**
(जिला आपूर्त्ति शाखा)
(e-Mail id:-dso.chatra@jharkhandmail.gov.in)

**–:शुद्धि पत्र:–**

वित्तीय वर्ष 2025–26 के लिए मुख्यमंत्री दाल–भात योजना हेतु जिला आपूर्त्ति कार्यालय, चतरा से निर्गत निविदा आमंत्रण सूचना अल्पकालीन निविदा संख्या–01/2025–26 में आंशिक संशोधन करते हुए निविदा शर्तों के कंडिका 11 को विलोपित किया जाता है। शेष शर्त यथावत रहेगा।

PR NO.-351492

निविदा से संबंधित नियम एवं शर्तें चतरा जिला के विभागीय Website-https://chatra.nic.in/पर देखा जा सकता है।

जिला आपूर्त्ति पदाधिकारी,
चतरा।

PR 352133 (Food Public Distribution and Consumer Affairs) 25-26 (D)


## डीसी-एसएसपी ने किया वैकल्पिक रूट का निरीक्षण

**धनबाद (आजाद सिपाही)।** डीसी सह जिला दंडाधिकारी माधवी मिश्रा और एसएसपी हृदीप पी जनार्दनन ने शनिवार को बैंक मोड़ फ्लाईओवर की मरम्मत के दौरान निर्धारित वैकल्पिक रूट का निरीक्षण किया। इस क्रम में उन्होंने झारखंड मैदान मोड़, बरमसिया एफसीआई गोदाम, धनबाद रेलवे स्टेशन के दक्षिणी छोर के मार्ग पर अतिक्रमण दूर करने का निर्देश दिया। डीसी ने कहा कि फ्लाइओवर मरम्मती के दौरान वैकल्पिक मार्ग पर सुचारू यातायात व्यवस्था होनी चाहिए। उन्होंने पथ निर्माण विभाग के कार्यपालक अभियंता को तीन शिफ्ट में काम चालू रखने, उसे समय पर पूरा करने और एडीएम लॉ एंड ऑर्डर, अनुमंडल पदाधिकारी, ट्राफिक डीएसपी तथा अंचल अधिकारी के साथ समन्वय स्थापित कर कार्य करने का निर्देश दिया। मरम्मती के प्रथम चरण में फ्लाइओवर का एक भाग बंद रहेगा। जबकि दूसरे भाग से हल्के वाहनों की आवाजाही जारी रहेगी। एक पखवाड़ा के बाद कार्य प्रगति की समीक्षा कर आगे का निर्णय लिया जाएगा। इसके बाद उन्होंने मटकुरिया से आरामोड़ तक बन रहे फ्लाइओवर का निरीक्षण किया। इस दौरान एडीएम लॉ एंड ऑर्डर पीयूष सिन्हा, नगर आयुक्त रवि राज शर्मा, अनुमंडल पदाधिकारी राजेश कुमार, डीएसपी ट्रैफिक अरविन्द कुमार आदि मौजूद रहे।


**झारखण्ड सरकार**
**श्रम, नियोजन प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग,**
**औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, सिमडेगा**

**नामांकन सूचना**

औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, सिमडेगा/महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, सिमडेगा और औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान बानों में शैक्षणिक सत्र अगस्त 2025 – जुलाई 2026 एवं 2025–27 में आई०टी०आई० पोर्टल (https://iti.jharkhand.gov.in) के माध्यम से दिनांक – 20.05.2024 से 13.06.202 अपरहन 5:00 बजे तक ऑनलाईन रजिस्टेशन एवं आवेदन कर नामांकन प्रक्रिया में भाग ले सकते हैं।

झारखण्ड राज्य के आठवीं /दसवीं पास इच्छुक स्थायी/स्थानीय महिला एवं पुरूष उम्मीदवार, झारखण्ड सरकार द्वारा संचालित औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, सिमडेगा/ औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान बानो/महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, सिमडेगा (केवल महिला उम्मीदवारों के लिए) में Online रजिस्टेशन/ आवेदन/ काउन्सलिंग प्रक्रिया में भाग लेकर इच्छानुरूप संस्थान/ ट्रेड का चयन कर नामांकन ले सकते है।

सिमडेगा जिला में रिक्त सीटों की विवरणी इस प्रकार है –

| क्र०सं० | व्यवसाय का नाम | संस्थान का नाम | | | प्रशिक्षण अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| | | औ0 प्र0 संस्थान, सिमडेगा | औ0 प्र0 संस्थान, बानो | महिला औ0 प्र0 संस्थान सिमडेगा | |
| 1. | विद्युत | 20 | 20 | – | 2 वर्ष |
| 2. | फिटर | 20 | 20 | – | 2 वर्ष |
| 3. | मशिनिष्ट | 20 | – | – | 2 वर्ष |
| 4. | वायरमैन | 20 | – | – | 2 वर्ष |
| 5. | मैकेनिक मोटर व्हीकिल | 24 | 24 | – | 2 वर्ष |
| 6. | वेल्डर | 20 | – | – | 1 वर्ष |
| 7. | पलम्बर | 24 | 24 | – | 1 वर्ष |
| 8. | मैकेनिक इलेक्ट्रोनिक्स | – | – | 24 | 2 वर्ष |
| 9 | कारपेन्टर | – | 24 | – | 1 वर्ष |

❖ ITI Portal के Admission Module द्वारा ऑनलाईन रजिस्टेशन एवं आवेदन से संबंधित किसी भी तरह की शिकायत/ सुझाव/पुछताछ हेतु मो0 न0 8252575749/ 9308058506/ 9308058506 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

प्रभारी प्राचार्य,
नोडल औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, सिमडेगा

PR 352141 Simdega(25-26).D


## पेंड्रा बांध सौंदर्यीकरण कार्य प्रारंभ होते ही ग्रामीणों ने रोका

**पिछरी/बेरमो (आजाद सिपाही)।** पेटरवार प्रखंड के पिछरी पंचायत स्थित पेंड्रा बांध का सौंदर्यीकरण कार्य सीसीएल ढोरी क्षेत्र के एनसीआरएपी फंड 1.98 करोड़ रुपये की लागत से शुरू हुआ। पिछरी दक्षिणी पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि देवीदास ने बताया कि मुखिया प्रमिला देवी के आग्रह पर केंद्रीय पोर्ट एवं जहाजरानी मंत्री शांतनु ठाकर ने बांध सौंदर्यीकरण की अनुशंसा की थी। जिसके तहत पेंड्रा बांध के चारों ओर स्नान घाट, पेवर ब्लॉक, सेड, चिल्ड्रेन पार्क और चारों ओर चेयर एवं लाइट लगाकर सौंदर्यीकरण किया जाएगा। वहीं, पेंड्रा बांध सौंदर्यीकरण कार्य प्रारंभ होते ही सांसद प्रतिनिधि सूरज महतो सहित ग्रामीण रामभजन लायक, संजय मल्लाह ने कार्य को रोक दिया और बांध की जमीन मापी कर कार्य कराने की बात कही। कहा कि बांध के पूर्वी दिशा में यहां के रैयतों की जमीन है। जिस पर संवेदक द्वारा बांध की मेड की मिट्टी को रैयती भूमि में गिराकर समतलीकरण किया जा रहा है। साथ ही मेड के बगल में सिंचाई ड्रेन को मिट्टी से ढक दिया गया है, जिससे आने वाले दिनों में किसानों को परेशानी होगी।

## 520 के आसपास होगा झारखंड नीट का कट-ऑफ : संजय आनंद

### कहा- नीट प्रतियोगी हर परिस्थिति में खुद को संतुलित रखें एवं परेशान ना हों

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** नीट (मेडिकल) की परीक्षा पिछले रविवार को संपन्न हुआ, जिसमें पूरे देश से लगभग 23 लाख छात्र शामिल हुए। परीक्षा के बाद ज्यादातर प्रतियोगियों के चेहरों पर मायूसी दिखी। इसका कारण था, प्रश्न पेपर का कठिन स्तर और प्रश्न पूछे जाने या प्रश्न सेट करने का तरीका। इस विषय पर विश्लेषण कर धनबाद गोल के केंद्र निदेशक संजय आनंद बतातें हैं कि नीट प्रतियोगी हर परिस्थिति में खुद को संतुलित रखें एवं परेशान ना हो। माता-पिता, अभिभावक भी घबराएं नहीं, बल्कि बच्चे को सहयोग करें। कहा कि बेशक फिजिक्स से मेडिकल परीक्षा में अब तक का सबसे कठिन प्रश्न पूछा गया। बायो-पेपर से भी स्टेटमेंट बेस्ट एवं एशरसन रीजन ज्यादा रहें, तीन प्रश्नों को एनसीईआरटी के बाहर से बताया जा रहा, जहां बॉटनी से लगभग 58 प्रश्न और 32 प्रश्न जूलॉजी से थे। बॉटनी से कॉलम मैचिंग 11 एवं स्टेटमेन्ट बेस्ट 21 प्रश्न पूछे गये। वहीं 11वीं से 40 प्रश्न एवं 12वीं से 50 प्रश्न पूछे गये।



धनबाद गोल के निदेशक संजय आनंद।

रसायन भी आसान एवं संतुलित नहीं, लेकिन सामान्य था। बायो एवं रसायन के प्रैक्टिकल भाग से भी प्रश्न थे। फिजिक्स के कुछ प्रश्न ऐसे की ऊपर से नीचे पढ़ते-पढ़ते कुछ छात्र ऊपर वाला पैराग्राफ भूल जा रहे थे। कुछ प्रश्न जेई मेन के स्तर से ऊपर स्तर के थे। विगत पांच वर्षों के जेई मेन पेपर से ही 11 प्रश्न पूछे गये। जबकि जेई मेन में 75 प्रश्नों के लिए तीन घंटे यानी फिजिक्स के 25 प्रश्नों के लिए एक घंटा, जबकि नीट में 180 प्रश्नों के लिए तीन घंटे यानी की 45 प्रश्नों के लिए एक घंटा। वहीं, कोविड के बाद से छात्र लगातार, अगर 2016 को छोड़ दें, तो आसान प्रश्न बनाने के अभ्यस्थ हो गयें थे। सच ये भी है कि छात्रों पर तनाव एवं दबाव कम हो इसके लिए 98 चेप्टर को घटाकर 78 चेप्टर किया गया। उचित मार्गदर्शन में तैयारी करने वाले प्रतियोगी जानते एवं समझते हैं, कि किसी भी हालात में किस विषय से समय बचाकर समय का सदुपयोग कैसे करना है। कहा कि छात्रों को ये भी समझाना होगा कि आप दूसरें प्रतियोगी से अलग क्यों हो जाएं। आप आत्मविश्वास के साथ कट-ऑफ को पार करने या रैंकर बनने के लिए अनिवार्य वो हर जरूरी कार्यों को सावधानीयों के साथ फाइनल टच कैसे दें। प्रश्न कठिन या आसान से परेशान न हों, क्योंकि प्रश्न टफ तो कट-ऑफ कम और प्रश्न आसान तो कट-ऑफ अधिक होगा। इस बार राष्ट्रीय स्तर पर 550 प्लस एवं झारखंड में 520 के ईर्द-गिर्द कट ऑफ की संभावना है। विद्यार्थी ये समझें कि लगभग 55 हजार सरकारी सीटों की संख्या और इस बार भी सारी सीटें फुल होगी। कुछ छात्र फिजिक्स के प्रश्नों से परेशान होकर तुक्का मार गए कि इस बार तो होने से रहा और ज्यादा निगेटिव मर्किंग हो गयी। जबकि हर हाल में कॉम्टीशन के बारिकीयों को समझते हुए धैर्य एवं मजबूत मानसिकता का परिचय देते हुए बनने वाले हर प्रश्नों को ही बनाना था। ऑनलाईन तैयारी करने वाले छात्रों की ऑफलाईन में प्रश्नों का बहुत ज्यादा प्रैक्टिस ना होने के कारण तनाव-दबाव के साथ ही एक्यूरेसी में भी ज्यादा कमी देखी गई। जबकि अच्छे प्रैक्टिसनर ही अच्छे रैंकर या टॉपर होते हैं। छात्र खासकर बायो, इनआर्गेनिक एवं आर्गेनिक में एनसीआरटी से बाहर न जाएं। आपके संस्थान के शिक्षक एवं प्रश्न सेटर एवं प्रश्न फॉर्मेटर एनसीआरटी के लाईन के गहराइयों एवं रहस्यों को समझाने के लिए विशेषज्ञता हासिल करते हुए अपडेट एवं अपग्रेड हैं। छात्रों के भविष्य की उज्जवल कामना करते हुए संजय आनंद ने बताया कि इस बार भी गोल के छात्र बड़ी संख्या में सफल होने जा रहें हैं। छात्र कॉन्सेलिंग से जुड़ी जानकारी गोल विशेषज्ञ से लें सकते हैं।


**कार्यालय–जिला प्रक्षेत्र प्रबंधक, नेतरहाट**

अति अल्पकालीन निविदा
वर्ष 2025–26

राजकीय कृषि प्रक्षेत्र, नेतरहाट के नाशपाति एवं नख फल बाग से सेक्टरवार नीचे दिये गये नाशपाति एवं नख फलों को तोड़ने की निलामी/बंदोबस्ती दिनांक 21.05.2025 को पूर्वाहन 11.00 बजे संयुक्त निदेशक उद्यान, झारखण्ड, राँची–सह–संयुक्त कृषि निदेशक, पलामू की अध्यक्षता में गठित समिति के सदस्यों के समक्ष उद्यान निदेशालय, काकें रोड, रॉची में किया जायेगा। जिसके लिए इच्छुक व्यक्तियों से दिनांक 20.05.2025 तक कार्यवधि में आवेदन आमंत्रित किया जाता है:–

| क्र० सं० | सेक्टर न० | नाशपाति /नाख फल वृक्षों की संख्या | कुल फलों की अनुमानित मात्रा (क्वीं०में) | जमानत की राशि (रू० में) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 6 |
| 1 | III डंकन प्रक्षेत्र पश्चिमी भाग | 2684 | 1891.46 | 50,000/– |
| 2 | IV डंकन प्रक्षेत्र पूर्वी भाग | 2336 | 1871.18 | 50,000/– |

इच्छुक व्यक्ति किसी भी दिन कार्यावधि में जिला प्रक्षेत्र प्रबंधक, नेतरहाट से अनुमति प्राप्त कर फलबाग देख सकते हैं। फलों को तोड़ने की निलामी/बंदोबस्ती की शर्तें निम्न प्रकार हैं :–

1. प्रत्येक सेक्टर के सामने अंकित जमानत की राशि बैंक ड्राफ्ट के रूप में जो **DISTRICT FARM MANAGER, NETARHAT** के पदनाम से देय होगा तथा भारतीय स्टेट बैंक मुख्य शाखा, राँची में भुगतेय होगा। निलामी के पूर्व जमा करना होगा। सफल अधिकतम बोली बोलने वाले व्यक्ति की जमानत की राशि कार्यालय द्वारा रखी जायेगी और अन्य असफल व्यक्तियों की जमानत की राशि निलामी के समाप्ति के बाद वापस कर दी जायेगी ।
2. निलामी में भाग लेने वाले व्यक्ति अपना पहचान के लिए निर्वाचन आयोग द्वारा निर्गत फोटो पहचान पत्र/वाहन चालान का अनुज्ञप्ति पत्र/पेन कार्ड, आधार कार्ड, निलामी प्रक्रिया प्रारंभ होने के पूर्व मूल रूप में प्रस्तुत करेंगे तथा संबंधित प्रमाण पत्र की स्वयं अभिप्रमाणित प्रति जमा करेंगे।
3. निलामी/बंदोबस्ती में भाग लेने वाले व्यक्ति को अपना आवास संबंधी सत्यता के लिए कार्यपालक दण्डाधिकारी का शपथ पत्र मूल रूप में निलामी के पूर्व जमा करना होगा।
4. अधिकतम बोली बोलने वाले व्यक्ति को दिनांक 21.05.2025 को फलों की बन्दोबस्ती का एकरारनामा करना होगा तथा अधिकतम निलामी राशि का 50 प्रतिशत राशि बैंक ड्राफ्ट के रूप में जिला प्रक्षेत्र प्रबंधक, नेतरहाट के पदनाम से स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया, मुख्य शाखा, राँची पर भुगतेय होगा को दिनांक 29.05.2025 तक जमा करना होगा। ऐसा नहीं करने पर उनकी जमानत की राशि जब्त कर ली जायेगी तथा निलामी रद्द कर अन्य व्यक्ति के साथ बन्दोवस्ती करने के लिए अधोहस्ताक्षरी को अधिकार सुरक्षित रहेगा।
5. प्रथम फल तोड़ने के पूर्व निलामी की शेष राशि को एक मुस्त हर हाल में जमा करना अनिवार्य होगा।
6. अधिकतम बोली बोलने वाले व्यक्ति को फलों की देखभाल एवं सुरक्षा करने का दायित्व स्वंय का होगा, जो प्रक्षेत्र के कार्यो के अनुरूप कार्य सम्पादन करेंगे।
7. फल तोड़ते समय यह ध्यान देना होगा कि फल के पेड़ या उसकी डाली क्षति ग्रस्त न होने पाये, यदि क्षति हुई तो निलामी लेने वाले व्यक्ति से पौधा की क्षति का मुआवजा क्षति के अनुरूप वसूल किया जायेगा ।
8. सरकार के हित में यदि निलामी का राशि सरकारी मानक दर से कम आता है तो निलामी को रद्द करते हुए पुनः तिथि निर्धारित कर निलामी की जायेगी ।
9. निलामी के बीच की बोली 10,000.00 (दस हजार) से नीचे अनुमान्य नहीं होगा।
10. निलामी/बंदोबस्ती में भाग लेने वाले सभी पदाधिकारियों/सदस्यों/आवेदनकर्त्ताओं को सिर्फ एक ही सदस्य निलामी प्रक्रिया में भाग लेगा।
11. अधोहस्ताक्षरी को यह अधिकार होगा कि बिना कारण बताये निलामी/बंदोबस्ती की शर्तों में आंशिक संशोधन अथवा पूर्ण रूप से रद्द कर सकते हैं ।

जिला प्रक्षेत्र प्रबंधक,
नेतरहाट

PR 352159 (Agriculture)25-26*D

# एम्स और व्यापारिक समुदाय के बीच सहयोगात्मक अवसरों की खोज

आजाद सिपाही संवाददाता



**देवघर।** फेडरेशन ऑफ झारखण्ड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज, संताल परगना के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष संजय अग्रवाल की अगुवाई में एम्स के कार्यकारी निदेशक डॉ. सौरभ वार्ष्णेय के साथ चेंबर प्रतिनिधिमंडल की एक बैठक हुई। इस बैठक में एम्स और व्यापारिक समुदाय के बीच सहयोगात्मक अवसरों पर चर्चा की गयी।

प्रतिनिधिमंडल में संजय अग्रवाल के साथ अध्यक्ष, संप चैंबर ऑफ कॉमर्स आलोक मल्लिक, अध्यक्ष, देवघर चैंबर ऑफ कॉमर्स रवि केशरी तथा संप चैंबर ऑफ कॉमर्स के महासचिव रितेश टिबरेवाल एवं कोषाध्यक्ष प्रिंस सिंघल शामिल थे। बैठक में एम्स में स्वास्थ्य सेवाओं को बढ़ाने, सार्वजनिक स्वास्थ्य पहलों का समर्थन करने, सीएसआर-आधारित चिकित्सा आउटरीच को बढ़ावा देने और चिकित्सा बुनियादी ढांचे और अनुसंधान में साझेदारी को बढ़ावा देने पर चर्चा की गयी। इसके अलावे एम्स की वर्तमान चिकित्सीय सुविधाओं में मरीजों को होने वाली व्यावहारिक कठिनाइयों, स्थानीय उद्यमियों और अन्य लोगों के प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष व्यावसायिक हितों पर भी सकारात्मक चर्चा हुई।

एम्स के निदेशक डॉ सौरव वार्ष्णेय ने चैंबर प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि एम्स में वर्तमान में 41 विभाग कार्यरत हैं और ऑनकोलॉजी जैसी अन्य गंभीर बीमारियों के इलाज भी जल्द ही शुरू हो जायेंगे। अगले माह तक यहां इमरजेंसी की सुविधा भी प्रारंभ हो जायेगी। उन्होंने कहा कि ऐसी सकारात्मक बैठकों से एम्स और क्षेत्रीय व्यापार निकायों के बीच सार्थक सहयोग के लिए आधार तैयार होता है। इसके पूर्व चैंबर प्रतिनिधिमंडल ने डॉ वार्ष्णेय को पुष्पगुच्छ, मेमेंटो और शॉल ओढ़ा कर उनका सम्मान किया।

# नेताजी सुभाष जागृति मंच ने रबींद्रनाथ टैगोर की जयंती मनायी

आजाद सिपाही संवाददाता




**देवघर।** हर साल की तरह इस साल भी नेताजी सुभाष जागृति मंच के सौजन्य से विश्व कवि रविंद्रनाथ टैगोर की 164वीं जयंती मंच के केंद्रीय अध्यक्ष उदय चक्रवर्ती के निजी आवास पर सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ मनाया गया। कार्यक्रम के आरंभ में रविंद्रनाथ की तसवीर पर मंच के केंद्रीय अध्यक्ष एवं अन्य सक्रिय सदस्यों के द्वारा माल्यार्पण सह पुष्प देकर प्रणाम किया गया।

माल्यार्पण के उपरांत रविंद्र संगीत की कार्यक्रम स्थानीय हंसध्वनि कलाकारों के द्वारा रवींद्रनाथ के द्वारा रचित गीत प्रस्तुत किया क विश्वनाथ मुखर्जी उर्फ बबलू दा एवं तपन चक्रवर्ती ने अपनी सुरीली आवाज से दर्शकों को मंत्र मुग्ध कर दिये। गाने वाले छात्र-छात्रा शिप्रा प्राची, आयुष, शाश्वत, हंसराज सिंह, पार्थो सेन,वरिष्ठ तबला वादक सुब्रतो चटर्जी क कार्यक्रम को सफलता पूर्वक करने में मंच के सदस्य उराजेंद्र तुरी, सुनील गुप्ता, दीपू झा, श्रीमती कुमकुम बर्मन, रामदासी घोष एवं रुद्र चक्रवर्ती इत्यादि उपस्थित रहे।

# मधुपुर रेल टिकट काउंटर नये भवन में शिफ्ट हुआ




**मधुपुर (आजाद सिपाही)।** यात्रियों की सुविधा को देखते हुए मधुपुर रेलवे स्टेशन पर स्थित पुराना टिकट काउंटर को नवनिर्मित दो तल्ला भवन में स्थानांतरण कर दिया गया है। यात्री अब नवनिर्मित टिकट काउंटर से यात्रा टिकट ले सकेंगे। यहां विभिन्न वर्गों के लिए कुल पांच अलग-अलग खिड़की बनायी गयी है। इसमें दिव्यांगजन आरक्षण खिड़की समेत तीन अनारक्षित खिड़की से टिकट मिल रहा है। यहां आराम दायक टिकट खिड़की है। छोटे कद के व्यक्ति भी आराम से टिकट ले सकतें हैं। यात्रियों के कतारबद्ध होने के लिए रेलिंग बनाया गया। यहां 24 घंटे सीसीटीवी कैमरे से किसी भी गतिविधियों की निगरानी होगी। इसके अलावा अत्याधुनिक सुविधा से युक्त एसी और नन एसी तीन प्रतीक्षालय और एक शयनकक्ष बनाया गया है। ग्राउंड फ्लोर में नन एसी दो तथा प्रथम तल्ले पर एक वातानुकूलित शयनकक्ष और एक वातनुकूलित विश्रामालय बनाया गया है। बाहर से आने वाले यात्रियों को अब परेशानी का सामना नहीं करना पड़ेगा। नया टिकट काउंटर पुराने टिकट घर भवन के पीछे तथा माल गोदाम कार्यालय के समीप निर्माण कराया गया है।

# लोक अदालत में निपटाये गये 38005 मामले, 1.80 करोड़ की हुई वसूली

आजाद सिपाही संवाददाता




**मधुपुर।** अनुमंडल व्यवहार न्यायालय परिसर मे शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। लोक अदालत मे बैंक, रेलवे, रेवन्यू समेत क्रिमनल कंपाउंड के मामलो को सुलह समझौता के अधार पर निपटारा किया गया। जिसमे कुल 38005 मामलों का सुलह समझौता के आधार निष्पादन करते हुए 1,80 करोड़ 594 राशि की राजस्व की वसूली हुई है। वहीं क्रिमनल कंपाउंड के 35, एएआइ एक्ट 1, बैंक संबंधित 88, उत्पाद विभाग के 5 व अन्य 158, रेलवे एमसीए 3041 के मामले सुलह समझौते के आधार निपटारा किया गया। सभी मामलों के का निष्पादन के लिए व्यवहार न्यायालय परिसर अलग अलग बैंच बनाए गये थे। जिसमे बैंक से संबंधित कुल 88 मामलो को निपटारा कर 1590443 की वसूली की गयी। रेलवे के 37718 मामला का निपटारा कर 16395375 की रिकवरी की गयी।

एक्साइज के पांच मामलों को सलटाते हुए 15 हजार रुपये की वसूली की गयी। इसके अलावा क्रिमिनल कंपाउंड से 35, एनआइ एक्ट के एक तथा एमसीए से 158 मामला का निषपादन किया गया।

राष्ट्रीय लोक अदालत मे मौके पर अविनाश कुमार दुबे जिला एडिशनल सेशन जज वन,मिस पूजा सिविल जज एसीजेएम, जूलियन आनंद टोप्पो रेलवे मजिस्ट्रेट, सुचिता निधि तिग्गा एसडीजेएम समेत अधिवक्ता प्रमोद कुमार वर्मा, विनोद कुमार सिन्हा, राजकुमार भगत, दीपक कुमार, संजय कुमार सिंह, प्रणय कुमार सिन्हा, सरिता कुमारी मैजूद थी।













































आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातु, रांची से मुद्रित।
**संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**